सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:55
अधिकतम तापमान : 35.7
न्यूनतम : 26.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-342 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 04 जून 2026
17 जिलहिज्जा 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# मालवीय नगर हादसे में 21 लोगों की मौत

### मौत का तांडव



सुबह की शुरुआत अमूमन उम्मीदों के साथ होती है, लेकिन बुधवार की इस सुबह ने मालवीय नगर के एक होटल को पल भर में श्मशान बना दिया। आसमान छूती आग की ये लपटें गवाही दे रही हैं कि वहां अंदर मौजूद मासूमों पर क्या गुजरी होगी। आग लगते ही चारों तरफ कोहराम मच गया। लोग अपनी जान बचाने के लिए बदहवास भाग रहे थे। कोई अपने बच्चे को पुकार रहा था, तो कोई अपने बुजुर्ग माता-पिता को। चंद मिनटों में सब कुछ राख होने की कगार पर था। हादसे के वक्त रेस्टोरेंट में सुबह का नाश्ता परोसा जा रहा था। बेसमेंट में बने तंग कमरों में कई लोग मौजूद थे, जिन्हें अंदाजा भी नहीं था कि ऊपर मौत जाल बुन चुकी है। जब तक वे संभलते, जहरीले धुएं ने उन्हें घेर लिया। रेस्टोरेंट के ठीक ऊपर बने गेस्ट हाउस में कई विदेशी नागरिक और पास के मैक्स अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजन ठहरे हुए थे।

■ **पीएम मोदी ने जताया दुख, मृतकों के परिजनों को मिलेगी आर्थिक सहायता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक रेस्तरां में बुधवार को भीषण आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली दमकल सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि 'लेमन ग्रीन रेस्तरां' के बेसमेंट से तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है।

सुबह करीब 8:50 बजे लगी आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया है। उनकी स्थिति के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल सकी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मालवीय नगर में एक होटल में आग लगने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और इस हादसे में मारे गये लोगों के परिजनों एवं घायलों के लिये सहायता राशि की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'दिल्ली के मालवीय नगर में आग लगने की घटना में लोगों की जान जाना एक दुखद घटना है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। अधिकारी प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं।'



प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो - दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। रेस्टोरेंट में भीषण आग लगने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई, जिसमें अधिकतर अफ्रीकी मूल के नागरिक थे। दमकल कर्मियों, पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से 27 लोगों को सुरक्षित बचाकर नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

यह घटना साकेत पुलिस थाना क्षेत्राधिकार में आता है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, मालवीय नगर स्थित लेमन ग्रीन रेस्तरां में आग लगने की सूचना सुबह लगभग नौ बजे मिली। शुरुआती चरण में सात दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, जबकि बाद में राहत एवं बचाव कार्य तेज करने के लिए 10 अतिरिक्त दमकल गाड़ियां भेजी गईं।


**दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने घटना को बताया दुखद :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मालवीय नगर में एक होटल में लगी भीषण आग में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार इस संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और पीड़ितों को सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**सीएम योगी ने जताया शोक :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली में हुए भीषण अग्निकांड पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि घटना हृदय विदारक है। उन्होंने एक्स पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली में एक दुर्भाग्यपूर्ण भीषण अग्नि दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है।

### छह कमरों के निर्माण की अनुमति थी, बने थे 25 कमरें


प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, लेमन ग्रीन रेस्तरां को केवल छह कमरों के निर्माण की अनुमति थी लेकिन वहां 25 कमरे थे। इस कथित अनियमितता ने नियामकीय निगरानी और अनुमति प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इमारत का बेसमेंट बाहर से बंद था। बचाव दल ने ताला तोड़कर भीतर फंसे लोगों को बाहर निकाला। जान बचाने के लिए कई लोगों ने खिड़कियों से छलांग भी लगाई।

### होटल मालिक लवकेश बजाज गिरफ्तार



दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित हौज रानी इलाके में एक पांच मंजिला होटल में लगी भीषण आग ने गुरुग्राम के एक ही परिवार के आठ सदस्यों समेत 21 लोगों की जान ले ली। पुलिस ने होटल मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। 19 से अधिक लोग घायल हैं जिनमें से नौ की हालत नाजुक है।

### एक्शन प्लान



**नई दिल्ली।** गुरुवार से दिल्ली में एक महीने का बड़ा प्रवर्तन एवं रोकथाम अभियान चलाया जाएगा। दिल्ली सरकार का गृह विभाग इस पूरे अभियान का नोडल विभाग होगा। सभी संबंधित विभागों का नेतृत्व करेगा। मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त खुद अगले एक महीने तक इस पूरे अभियान की निगरानी करेंगे। इस अभियान के दौरान नियमों को ताक पर रखने वाले संस्थान सील किए जाएंगे।

मालवीय नगर में हुए अग्निकांड के बाद दिल्ली सरकार और प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। इसी हादसे को लेकर एलजी टीएस संधू और दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने एक उच्च स्तरीय आपातकालीन समीक्षा बैठक की। बैठक में इस त्रासदी की जांच और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एक कड़ा एक्शन प्लान तैयार किया गया है। प्रशासन ने हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए हैं जो इलाके के जिला मजिस्ट्रेट की देखरेख में होगी।

# प्रदेश सरकार का किसानों को बड़ा तोहफा

**यूपी कैबिनेट में 24 प्रस्ताव पास**

■ **एमएसपी पर मक्का खरीद, वकीलों को बढ़ा मानदेय, 18 शहरों में एसी इलेक्ट्रिक बसें**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में 24 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में किसानों, शहरी परिवहन, न्यायिक व्यवस्था, कारागार विभाग और बुनियादी ढांचे से जुड़े कई अहम फैसलों पर मुहर लगी। कैबिनेट ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए मक्का खरीद नीति को मंजूरी देने के साथ-साथ 18 शहरों में एसी इलेक्ट्रिक बसों के संचालन, नई जेलों के निर्माण और सरकारी वकीलों के मानदेय में वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

कैबिनेट ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत मक्का खरीद नीति को मंजूरी दी। सरकार ने मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

मक्का खरीद का अभियान 15 जून से 31 जुलाई तक चलेगा। इसके तहत फिरोजाबाद, आगरा, मैनपुरी, अलीगढ़, कासगंज, हाथरस, एटा, बदायूं, शाहजहांपुर, रामपुर, संभल, बुलंदशहर, हापुड़, कानपुर नगर, औरैया, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, हरदोई, उन्नाव, बहराइच, बलिया, गोंडा, फतेहपुर और मिर्जापुर सहित 25 जिलों में खरीद की जाएगी।

**बंदी मृत्यु एवं मुआवजा भुगतान नीति को मंजूरी :** कैबिनेट ने जेलों में निरुद्ध बंदियों की अप्राकृतिक मृत्यु की स्थिति में उनके आश्रितों को मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए 'यूपी बंदी मृत्यु एवं मुआवजा भुगतान नीति' को भी मंजूरी प्रदान की। सरकार का उद्देश्य ऐसे मामलों में प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है।

नगरीय परिवहन प्रणाली को मजबूत और आधुनिक बनाने के लिए सरकार ने ग्रॉस कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट (जीसीसी) मॉडल पर 18 शहरों में एसी इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को मंजूरी दी है। इन शहरों में आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, बरेली, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मथुरा-वृंदावन, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज, शाहजहांपुर, सहारनपुर, वाराणसी और नोएडा-जेवर शामिल हैं। सरकार का मानना है कि इससे यात्रियों को बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा मिलेगी और प्रदूषण में भी कमी आएगी।

कैबिनेट बैठक में सरकारी वकीलों को भी बड़ी राहत दी गई। सरकार ने उनके मानदेय और मासिक भत्तों में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इससे प्रदेशभर में कार्यरत सरकारी अधिवक्ताओं को लाभ मिलेगा।

### मोहनलालगंज में रजिस्ट्री कार्यालय के लिए जमीन मंजूर

बैठक में मोहनलालगंज में नए रजिस्ट्री कार्यालय के निर्माण के लिए भूमि संबंधी प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इससे क्षेत्र के लोगों को संपत्ति पंजीकरण संबंधी सेवाओं में सुविधा मिलने की उम्मीद है।

### पांच जिलों में नई जेलों का निर्माण

कैबिनेट ने भदोही, मुरादाबाद, औरैया, ललितपुर और कानपुर नगर में नई जेलों के निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। सरकार का मानना है कि इससे जेलों में बढ़ते बंदियों के दबाव को कम करने और कारागार व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

# ममता के सामने अस्तित्व का संकट

**टीएमसी में बगावत**

■ **59 विधायक ऋतव्रत बनर्जी के समर्थन में आए**



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में कभी अजेय दिखने वाली तृणमूल कांग्रेस ( टीएमसी ) आज अपने अस्तित्व के सबसे गंभीर आंतरिक संकट से जूझती नजर आ रही है। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद शुरू हुआ असंतोष अब खुले शक्ति संघर्ष में बदलता दिखाई दे रहा है। पार्टी से निष्कासित नेता ऋतब्रत बनर्जी का यह दावा कि विधानसभा अध्यक्ष ने बागी खेमे को अलग विधायी दल के रूप में मान्यता दे दी है, ममता बनर्जी के नेतृत्व के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

राजनीतिक हलकों में सबसे ज्यादा चर्चा उस संख्या की हो रही है जो टीएमसी के भविष्य का फैसला कर सकती है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में पार्टी के कुल 80 विधायक हैं और दल-बदल विरोधी कानून के तहत किसी समूह को वैध रूप से अलग पहचान हासिल करने के लिए कम से कम 54 विधायकों का समर्थन चाहिए। बागी खेमे का दावा है कि उसके साथ 59 विधायक हैं। यदि यह दावा सही साबित होता है तो यह केवल बगावत नहीं बल्कि टीएमसी के भीतर सत्ता संतुलन बदलने वाली घटना हो सकती है।

### हार के बाद खुलकर सामने आया असंतोष

चुनावी हार के बाद किसी भी राजनीतिक दल में आत्ममंथन और असंतोष स्वाभाविक होता है, लेकिन टीएमसी में यह असंतोष संगठनात्मक चुनौती में बदलता दिख रहा है। एक दशक से अधिक समय तक बंगाल की राजनीति पर एकछत्र प्रभाव रखने वाली पार्टी पहली बार ऐसी स्थिति में पहुंची है जहां उसके अपने विधायक नेतृत्व के खिलाफ लामबंद नजर आ रहे हैं।

## अखिलेश यादव ने सारा मोइन को दिया लैपटाप, न देख सकती-न सुन सकती हैं



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लखनऊ की सारा मोइन को लैपटॉप दिया है। सारा मोइन न बोल सकती हैं न सुन सकती हैं और न देख सकती हैं। इसके बावजूद सारा ने आईएससी बोर्ड की 12वीं परीक्षा में 98.75 प्रतिशत अंक लाकर इतिहास रच दिया है। लखनऊ की सारा मोइन जन्म से ही दृष्टिहीन थीं। कक्षा तीन तक सारा आंशिक रूप से सुन पाती थीं। हालांकि, बाद में सरकोइडोसिस नामक दुर्लभ बीमारी से सुनने और बोलने की क्षमता भी खत्म हो गई। इसके बावजूद सारा मोइन का हौसला नहीं टूटा और उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी।

## प्रधानों को प्रशासक बनाने पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

**यूपी पंचायत चुनाव**

■ **कहा- चुनाव आयोग बताए कब होंगे इलेक्शन**

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया है। मिली जानकारी के मुताबिक कोर्ट ने मौजूदा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ाने के राज्य सरकार के फैसले पर नाराजगी जताते हुए राज्य निर्वाचन आयोग पर तीखे सवाल उठाए हैं।



अधिवक्ता ओमप्रकाश प्रजापति की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि राज्य निर्वाचन आयोग अदालत को बताए कि उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव कब कराए जाएंगे। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति अबधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ के समक्ष हुई।

## डीके शिवकुमार बने कर्नाटक के मुख्यमंत्री

■ **कैबिनेट में सिद्धारमैया के बेटे समेत 13 मंत्री शामिल**



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजनीति में आखिरकार एक नए अध्याय की शुरुआत हो चुकी है। कांग्रेस के दिग्गज नेता और संकटमोचक कहे जाने वाले डी. के. शिवकुमार ने बुधवार को कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। बेंगलुरु के लोक भवन स्थित 'ग्लास हाउस' में आयोजित एक भव्य समारोह में राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई।

इस ऐतिहासिक पल के गवाह बनने के लिए कांग्रेस आलाकमान खुद मौजूद रहा, जिसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल सहित पार्टी के कई शीर्ष नेता शामिल हुए। 8 बार के विधायक रहे डीके शिवकुमार के लिए यह शपथ ग्रहण उनके लंबे राजनीतिक संघर्ष और मुख्यमंत्री बनने के सपने के सच होने जैसा है। मुख्यमंत्री पद को लेकर डीके शिवकुमार और पूर्व सीएम सिद्धारमैया के बीच लंबे समय से चल रही सियासी खींचतान का अंत पिछले हफ्ते हो गया था। कांग्रेस हाईकमान के निर्देश का पालन करते हुए सिद्धारमैया ने 28 मई को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने का रास्ता पूरी तरह साफ हुआ।

मुख्यमंत्री शिवकुमार के साथ-साथ उनके मंत्रिमंडल के 13 अन्य कद्दावर नेताओं को भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई है। इस नई कैबिनेट में क्षेत्रीय और सामाजिक समीकरणों का पूरा ध्यान रखा गया है। सिद्धारमैया युग के बाद अब डीके शिवकुमार के हाथों में कर्नाटक की कमान है। मुख्यमंत्री शिवकुमार के सामने राज्य के विकास और पार्टी के चुनावी वादों को पूरा करने की एक बड़ी और अहम चुनौती होगी।

## दिल्ली-एनसीआर से पुराने बस-ट्रकों की होगी विदाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण कम करने और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण दो वर्षीय योजना को मंजूरी दी है जिसमें 9,585 करोड़ रुपए का प्रावधान है। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण कम करने और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण दो वर्षीय योजना को मंजूरी दी है।

इस योजना के तहत पुराने ट्रक और बसों को बीएस-6 या उससे अधिक उत्सर्जन मानकों वाले तथा इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलने के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस योजना के लिए कुल 9,585 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इसमें 5,041 करोड़ रुपए केंद्र की ओर से दिए जाएंगे जबकि दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की सरकारें कर रियायतों के रूप में लगभग 1,601 करोड़ रुपए का योगदान देंगी।



## धौरहरा तहसील के बेलवा मोती गांव में रहने वाले विरल शर्मा का उत्तराखंड में एसडीएम पद पर हुआ चयन

**लखीमपुर-खीरी।** धौरहरा तहसील के बेलवा मोती गांव में रहने वाले विरल शर्मा का चयन उत्तराखंड में एसडीएम पद पर हुआ है। प्राथमिक शिक्षा गांव के स्कूल में हासिल करने के बाद विरल ने नवोदय इंटर कालेज से हाईस्कूल व इंटर पास किया। दोनो में वह टापर रहे। अपने बाबा स्वामी दयाल शर्मा व दादी शांति शर्मा के अफसर बनने के सपने को साकार करने के लिए विरल ने एनआईटी इलाहाबाद से बीटेक किया। इसके साथ ही यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। उत्तराखंड पब्लिक कमीशन की परीक्षा दी। दो दिन पहले आए रिजल्ट में उनको सातवीं रैंक हासिल हुई है। विरल शर्मा वर्तमान समय में शहर के राजाजीपुरम मोहल्ले में रहते हैं उनके पिता बलराम शर्मा पीएमश्री विद्यालय पड़रिया फूलबेहड़ से सेवानिवृत्त हुए हैं जबकि मां कुसुमलता गृहिणी हैं। विरल शर्मा ने बताया कि उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा में तीन बार शामिल हुए, मेंस पास किया लेकिन फाइनल में चयन नहीं हुआ। हार नहीं मानी। इस बीच उन्होंने उत्तराखंड पब्लिक कमीशन की परीक्षा दी। दो दिन पहले जारी हुए रिजल्ट में विरल को इस परीक्षा में 7वी रैंक हासिल हुई है। उन्होंने तैयारी कर रहे युवाओं से कहा कि असफलता ही सफलता की कुंजी है। असफलता मिलने पर देखें कि कहां पर गलती हुई है आत्म मूल्यांकन कर और तैयारी करें सफलता जरूर मिलेगी। बेटे के उत्तराखंड में एसडीएम बनने पर पिता बलराम शर्मा, मां कुसुम लता शर्मा के साथ परिवार व दोस्तों ने बधाई दी है। विरल का कहना है कि तैयारी अभी चलती रहेगी। उनका सपना आईएएस बनने का है।

## चोरी और लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले पांच बदमाशों को मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** नीमगांव थाना पुलिस ने चोरी और लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले पांच बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी मौजीराम के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, कारतूस, दो बाइक, छह मोबाइल फोन और 5300 रुपये नकद बरामद किए हैं।

# कलेक्ट्रेट में हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अनुश्रवण के लिए जनपद स्तरीय गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट में खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा 'मधुर' की अध्यक्षता और धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुयी। बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया बैठक में मुख्य रूप से डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीडीओ अभिषेक कुमार, संयुक्त विकास आयुक्त शिवाकांत द्विवेदी, डीएफओ तापस मिहिर, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एएसपी अमित कुमार राय, पीडी सतीश कुमार पांडेय, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, नपाप गोला विजय शुक्ल रिंकू, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, वीना राज, महेंद्र बाजपेई, समिति के नामित सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि सभी अधिकारियों ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी, लाभकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जरूरी जानकारी उपलब्ध कराते हुए जिले के उल्लेखनीय कार्यों को भी रेखांकित किया और जहां कमियां है, वहां और सुधार की आवश्यकता है। सभी अधिकारी टीम भावना से केंद्र और प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को जमीन पर साकार करते हुए जिले को सभी फ्लैगशिप योजना में प्रथम स्थान पर लाने हेतु काम करें। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियो को धन्यवाद भी कहा। सांसद आनंद भदौरिया ने शासन की योजनाओं का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विशेष बल दिया।बैठक में सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जिन घरों तक अब तक पाइपलाइन नहीं पहुंच सकी है, उनका शत-प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराने पर जोर देते हुए डीएम से इस विषय पर अलग बैठक आयोजित करने का आग्रह किया।बैठक में लखीमपुर-गोला मार्ग पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) में बल्जिंग का मुद्दा भी उठा। अधिशासी अभियंता ने बताया कि मामले की जांच मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान से कराई गई है। रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्य कराए जाएंगे और संतोषजनक परीक्षण रिपोर्ट मिलने के बाद ही आरओबी का संचालन शुरू होगा।सांसद ने विकास कार्यों के शिलापट्टों पर जनप्रतिनिधियों के नाम अंकित न किए जाने का मुद्दा उठाया। इस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को शासनादेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## 06 अभियुक्तों को एक स्विफ्ट कार से अफीम की तस्करी करते हुए रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** निरीक्षक थाना निघासन के कुशल नेतृत्व में थाना टीम ने सफलतापूर्वक छापेमारी कर 06 अभियुक्तों को एक स्विफ्ट कार से अफीम की तस्करी करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। समस्त गिरफ्तार अभियुक्तों को बरामद अफीम एवं वाहन सहित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## जंगली जानवर ने किया किसान पर हमला

**लखीमपुर खीरी।** मैलानी वन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भरिगवां में बुधवार दोपहर खेतों की ओर गए एक किसान पर किसी जंगली जानवर ने हमला कर दिया। हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला ले गए, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया पूर्व प्रधान अरविंद यादव ने बताया कि भरिगवां निवासी संजय यादव (45 वर्ष) बुधवार दोपहर अपने खेतों की ओर गए थे। इसी दौरान जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। परिजन घायल किसान को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। फॉरेस्टर प्रदीप पांडे ने बताया कि वन विभाग द्वारा क्षेत्र में कॉम्बिंग कराई जा रही है। जिस स्थान पर घटना होने की बात कही जा रही है, वहां अभी तक किसी जंगली जानवर के स्पष्ट पगचिह्न नहीं मिले हैं, जांच की जा रही है घटना कहां हुई है। वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद रहकर स्थिति पर नजर बनाए हुए है वन विभाग ने ग्रामीणों से खेतों और जंगल से सटे क्षेत्रों में जाते समय सतर्कता बरतने तथा अकेले न जाने की अपील की है। घटना के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

## आदमी पार्टी के राजसभा सांसद पहुँचे लखीमपुर

**लखीमपुर खीरी।** आम आदमी पार्टी के राजसभा सांसद लखीमपुर पहुँचे, ईशानगर के कटौली में रहने वाले मृतक छात्र के परिजनों से मुलाकात के लिए रवाना।

### एनसीसी कैडेट्स को शिविर में अनुशासित बनने का किया प्रेरित

**सहारनपुर।** एनसीसी निदेशालय लखनऊ की अधीनस्थ मेरठ ग्रुप की 83 वाहिनी एनसीसी सहारनपुर के कमान अधिकारी कर्नल नविंदर सिंह मान सेना मेडल के नेतृत्व में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 256 के तीसरे दिन डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल तनय कोठियाल ने एनसीसी कैडेट्स के अनुशासित तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने की सराहना की और उन्हें पुनः कठिन परिश्रम कर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। देवभूमि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट बेरी जमापुर में आयोजित कैंप एजूडेट कैप्टन राजेश कुमार ने एनसीसी कैडेट को शाफ्ट स्किल विषय से अवगत कराते हुए अपने व्यक्तित्व को विकसित करने पर बल दिया। चीफ ऑफिसर ब्रिजेश पुंडीर ने कैडेट्स को सेना और सिविल सेवाओं में एनसीसी ए, बी, सी प्रमाण पत्र से होने वाली लाभों के बारे में अवगत कराया। दूसरी तरफ कैप्टन डा मनीष जायसवाल, सूबेदार सतीश थापा एवं अरीबा ने संभावित आईजीसी और आरडीसी हेतु अभ्यास कर अच्छे कैडेट्स का चयन करना प्रारंभ कर दिया है। सूबेदार नक्षत्र सिंह व हवलदार देव सिंह ने एनसीसी कैडेट्स को टेंट लगाना वह हटाना सिखाया जसवीर सिंह हथियार के विषय में जानकारी दी। हवलदार गोविंद थापा ने मैप और जीपीएस के विषय में जानकारी दी। इस दौरान कैप्टन सुभाष चंद्र कैप्टन मनीष जायसवाल लेफ्टिनेंट प्रवीण कुमार एवं चीफ अधिकारी ब्रिजेश पुंडीर, सूबेदार सतीश थापा, सूबेदार यू बहादुर आले, हवलदार सोहनलाल, नरेंद्र कुमार, गोविंद थापा, जसवीर सिंह किशन सिंहली, नायक शिवकुमार एवं कालेज प्रबंधन एवं प्रशासन का कैंप के संचालन में बहुत ही सहयोग रहा।

## उप्र व महाराष्ट्र की साझा संस्कृति का केंद्र बनेगा महाकवि भूषण का पैतृक गांवः डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर नगर।** घाटमपुर के टिकवांपुर स्थित महाकवि भूषण का पैतृक गांव अब उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र की साझा संस्कृति का केंद्र बनेगा। कारण,वो यहां पैदा हुए और कर्मस्थली महाराष्ट्र को बनाया। इसलिए यह स्थल वंदनीय है। यहां महाकवि भूषण से जुड़े साहित्य के साथ ही विशाल पुस्तकालय अब युवाओं को आगे बढ़ाने में मददगार बनेगा, जिसका शुभारंभ बुधवार को डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इसमें शिवा बावनी समेत आज से 413 साल पहले के महाकवि भूषण द्वारा लिखित ग्रंथों के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी किताबें भी रखी जाएंगी।

साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को शिक्षा मिलेगी व निकट भविष्य में महिलाओं के लिए चिकित्सा केंद्र भी खोलने का प्रस्ताव है।

गांव में पुस्तकालय व आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ करने व पूरे परिसर का भ्रमण करने के बाद मंच पर



पहुंचे डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि दो माह पहले जब रवींद्र मिश्र आए तो लगा कि कुछ मांगने आए होंगे, लेकिन ये तो देने आए थे। इन्होंने अपना घर प्रशासन को दिया व आज यहां इतना सब कार्य हो रहा है। लोगों को लेने के बजाय देने वाला बनना चाहिए। इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए व समाज के लिए कुछ अवश्य करना चाहिए। यह प्रयास टिकवांपुर को नई पहचान देगा। वर्ष 1613 में इसी धरती पर पैदा हुए महाकवि को आज उनके कार्यों के कारण ही याद किया जा रहा है। ऐसे ही आगे जो लोग करेंगे,उन्हें याद किया जाएगा। गांव में तालाबों के संरक्षण को लोग आगे आएं। प्रकृति बचेगी, तभी हम सब सुरक्षित रहेंगे। इसके बाद उन्होंने महाकवि भूषण के पैतृक आवास में क्षतिग्रस्त प्राइमरी पाठशाला के भवन का निरीक्षण किया। तहसीलदार को जर्जर भवन को दुरुस्त करवाकर जीर्णोद्धार कराने के लिए कहा। इस भवन के कमरों में ग्रामीण भूसा भंडारण व मवेशी पालन कर रहे हैं, जिसे देख नाराजगी जताई। डीएम ने महाकवि भूषण के पैतृक आवास के भवन को तत्काल कब्जा मुक्त कराने के आदेश दिए।

इसके बाद स्थल पर पहुंचकर महाकवि भूषण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महिला अस्पताल एवं प्रसूति केंद्र के लिए भवन दान करने वाले रवींद्र मिश्र 'विपिन' ने कहा कि गांव से दूर होने के कारण प्रतिमा स्थल पर पहुंचना बाहरी व्यक्तियों के लिए दुष्कर होता है। इसलिए यहां की व्यवस्थाएं और दुरुस्त कराई जाएं। इसपर डीएम ने आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान नागेंद्र त्रिपाठी, आनंद मिश्र 'छूनी', पुरोहित महेश त्रिपाठी, सरस यादव, राम कृपाल, अनिल मिश्रा, पूर्व प्रधान रामगोपाल, धर्मेंद्र सिंह, अजीत यादव व केशवराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## डॉ. शिव कुमार ने ने किया प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज,में वरिष्ठ चिकित्सक प्रो. (डॉ.) शिव कुमार द्वारा प्रधानाचार्य पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद श्री कुमार द्वारा अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा गया कि वह मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने,विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार करने तथा मरीजों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों एवं राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के मानकों के अनुरूप शिक्षण एवं चिकित्सकीय कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा।

डॉ. शिव कुमार ने यह भी कहा कि मरीज हित सर्वोपरि रहेगा तथा सरकार द्वारा प्रदत्त सभी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पात्र मरीजों तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने चिकित्सा शिक्षकों को पठन-पाठन, शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। साथ ही चिकित्सालय में मरीज हित से जुड़े विषयों, विशेषकर ऑपरेशन थिएटर (ओटी) एवं उपचार व्यवस्था में मौजूद कमियों को शासन एवं प्रशासन के संज्ञान में लाकर उनके समाधान के लिए आवश्यक पहल करने की बात कही।

नवागत प्रधानाचार्य ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी चिकित्सकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सहयोग से मेडिकल कॉलेज को शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।

## अम्बहेटा हत्याकांड में व्यापार मंडल ने जताया शोक, जल्द खुलासे की मांग

**सहारनपुर।** संयुक्त उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष जयवीर राणा ने अंबेटा पहुंचकर पूनम मित्तल हत्याकांड के शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और संगठन की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि एक मां की हत्या केवल एक परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज और मानवता पर हमला है। जयवीर राणा ने पुलिस प्रशासन से मामले का शीघ्र खुलासा कर सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने बताया कि व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मिलकर निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग करेगा। उन्होंने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कराने की अपील करते हुए कहा कि जागरूकता से ही व्यापार और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। इस अवसर पर जिला चेयरमैन महावीर गुप्ता, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज, युवा जिला अध्यक्ष जोली प्रजापति, युवा जिला महामंत्री दिव्यलोक त्यागी, नकुड़ इकाई अध्यक्ष रजनीश सिंगल, महामंत्री वैभव गोयल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस के हत्थे चढ़े दो वारंटी आरोपी

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने दो वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी अभिमन्यु के निर्देश पर अपराधों को नियंत्रित करने एवं अपराधों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना जनकपुरी पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक नेमचंद सिंह व उपनिरीक्षक अभिषेक कुशवाहा के नेतृत्व मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान दो वारंटी आरोपियों वाशु पुत्र राजेश निवासी शिव मंदिर के पास शांति नगर व प्रियांशु पुत्र संजय कुमार निवासी मौहल्ला बेरीबाग थाना जनकपुरी को थाना जनकपुरी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दबोचे गए आरोपी वाद संख्या-174/26 व मु0अ0सं0-86/25 धारा-191 (2), 110, 115(2), 333, 352, 324 में वांछित चल रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया है।

## पुल जोगियान व चैक फव्वारा से हटाया अतिक्रमण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज पुल जोगियान के निकट आधी सड़क कब्जा कर चटाई व सरकण्डे आदि बेचने वालों का अतिक्रमण जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। कुछ सामान भी जब्त किया गया और आठ अतिक्रमणकारियों से साढे़ सात हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। इसके अलावा ढमोला पुल, चैक फव्वारा तथा लिंक रोड पर भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने के बाद पुलिस और प्रशासन के आला अफसरों को भी अवगत कराया गया है तथा उक्त स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए सम्बंधित थानों को पत्र लिखा गया है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रास्ता जाम से परेशान लोगों द्वारा नगर निगम में लगातार अतिक्रमण की शिकायत की जा रही थी। इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण हटाओं दस्ते ने आज अनेक स्थानों पर जोरदार अभियान चलाया। अभियान चलाने से पहले पांच दिन तक लगातार स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील भी की गयी थी। आज दोपहर जब निगम का अतिक्रमण हटाओं दस्ता अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में पुल जोगियान पहुंचा तो नदी की पटरी पर आधी सड़क घेर कर बैठे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। पुल जोगियान से ढमोला पुल की ओर सरकण्डे - चटाई और छाज आदि बनाने वाले लोगों ने आधी सड़क घेर कर अवैध कब्जा कर रखा था जिससे वहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी। अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने जेसीबी की मदद से समस्त अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया और दो काउण्टर, दो खोखे, चार मूढे़, एक रैक सहित कुछ अन्य सामान जब्त कर लिया। जबकि आठ लोगों पर साढ़े सात हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया।

## खेरसा में बन रहा 24 करोड़ का मुख्यमंत्री मॉडल विद्यालय, डीएम ने परखी निर्माण गुणवत्ता

### स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी और साइंस लैब से लैस होगा मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय

*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर नगर।** बिधनू विकासखंड के ग्राम खेरसा में लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का बुधवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि विद्यालय में लगभग 1500 छात्र-छात्राओं के अध्ययन की व्यवस्था की जा रही है। नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप यहां प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक की शिक्षा उपलब्ध होगी। इंटरमीडिएट स्तर पर विज्ञान, कला और वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पृथक व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। विद्यालय भवन में 30 कक्षाएं बनाई जा रही



हैं, जिन्हें आधुनिक शिक्षण संसाधनों से सुसज्जित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि विद्यालय का निर्माण जी प्लस टू डिजाइन के अनुसार किया जा रहा है। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं तक

नीक आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक कक्ष में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा अत्याधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं, कंप्यूटर लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, खेल मैदान तथा कौशल विकास से संबंधित संसाधन भी विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मॉडल विद्यालय योजना के अंतर्गत विकसित हो रही यह परियोजना जनपद की महत्वपूर्ण शैक्षणिक परियोजनाओं में शामिल है। विद्यालय के पूर्ण होने पर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे उन्हें बेहतर शिक्षण वातावरण प्राप्त होगा।

कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि परियोजना का लगभग 25 से 30 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जिलाधिकारी ने निर्माण सामग्री और कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया तथा प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने और सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिओम सिंह, कार्यदायी संस्था के अधिकारी तथा संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को घाटमपुर मंडी परिसर में संचालित गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण कर खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं, किसानों के पंजीकरण, तौल व्यवस्था तथा भुगतान संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं खरीद के अंतिम चरण में किसी भी किसान को असुविधा न होने पाए।

## तीन माह से वेतन न मिलने पर जिला अस्पताल के सफाई कर्मियों की हड़ताल



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला अस्पताल में कार्यरत आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों ने पिछले तीन माह से वेतन न मिलने के विरोध में बुधवार को हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया। वेतन भुगतान न होने से नाराज कर्मचारियों ने अस्पताल की सफाई व्यवस्था ठप कर दी, जिससे अस्पताल परिसर में अव्यवस्था का माहौल बन गया और मरीजों, तीमारदारों तथा अस्पताल स्टाफ को परेशानी का सामना करना पड़ा। हड़ताली कर्मचारियों का आरोप है कि जिला अस्पताल की सफाई व्यवस्था पूरी तरह उनके कंधों पर निर्भर है, इसके बावजूद उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें लगभग 7,200 रुपये प्रतिमाह वेतन मिलता है, जबकि कंपनी के माध्यम से अधिक भुगतान दर्शाया जाता है। उन्होंने वेतन में कथित कटौती की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा 'समान काम, समान वेतन' की मांग भी उठाई।कर्मचारियों ने बताया कि वे अपनी समस्या को लेकर कई बार मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) सहित अन्य अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। तीन माह से वेतन न मिलने के कारण कई कर्मचारी आर्थिक तंगी और भूखमरी जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। सफाई कर्मियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनका बकाया वेतन नहीं मिल जाता, तब तक वे कार्य पर वापस नहीं लौटेंगे। साथ ही उन्होंने अपनी अन्य समस्याओं के समाधान की भी मांग की। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि मार्च माह में पोर्टल अपडेट होने के कारण सभी कर्मचारियों का विवरण दोबारा अपलोड किया जा रहा है, जिसकी वजह से वेतन भुगतान में विलंब हुआ। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का वेतन जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। भुगतान पहले संबंधित कंपनी के पास जाएगा, जिसके बाद आगे की औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर कर्मचारियों का बकाया वेतन उनके खातों में पहुंच जाएगा। धरना-प्रदर्शन में नवीन बिरला, सोनू, राजकुमार, गौरव, राहुल, आसिफ, प्रदीप, पंकज, गौतम, विजय, बैबी, पूनम कौर, सुषमा, रेशमा, पूनम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## योगेश प्रताप सिंह गुर्जर को राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ का बनाया राष्ट्रीय सचिव

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** रालोद खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चै नीरपाल सिंह ने कहा कि पार्टी सुप्रीमों व केंद्रीय मंत्री जयंत चैधरी अपनी पूरी सांसद निधि खेलो को देते हैं ताकि खेलो के माध्यम से बच्चों का भविष्य बन जाए जो राष्ट्रीय लोकदल का विजन है। इस दौरान उन्होंने योगेश प्रताप सिंह गुर्जर को प्रकोष्ठ का राष्ट्रीस सचिव बनाये जाने की घोषणा की। हकीकत नगर कैंप कार्यालय पर कांग्रेस, सपा, छोड़कर सचिन शर्मा देवबंद, दिलनवाज देवबंद, प्रवीण धवन देवबंद, ऋषिपाल सिंह ने साथियों सहित राष्ट्रीय लोकदल का दामन थामा। राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चै नीरपाल सिंह ने पटका पहनाकर रालोद में सभी का स्वागत किया। बैठक में बोलते हुए राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चै नीरपाल सिंह ने कहा कि देवबंद विधानसभा से 2022 में आसपा से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके योगेश प्रताप सिंह गुर्जर को रालोद खेल प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। उन्होंने कहा कि खेलो को प्रोत्साहन देने के लिए योगेश प्रताप को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। योगेश प्रताप अपनी शूटिंग एकेडमी भी चलाते हैं। चै नीरपाल सिंह ने कहा कि हमारे नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चैधरी भी अपनी पूरी सांसद निधि खेलो को देते हैं। खेलों के माध्यम से किस प्रकार बच्चों का भविष्य बनाया जाए ये राष्ट्रीय लोकदल का विजन है। राष्ट्रीय सचिव बनाए गए योगेश प्रताप सिंह ने कहा कि जो भरोसा पार्टी ने मुझ पर किया है और जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे में निष्ठा, ईमानदारी से निभाऊंगा। इस दौरान महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, चै नरेंद्र सिंह गुर्जर, चै सुशील गुर्जर, राहुल सिंह गुर्जर, चै दीपक सिंह गुर्जर, चै जय कुमार, टोनी सिंह आदि मौजूद रहे।

## व्यापारी संवाद कार्यक्रम का नानौता में सफल समापन, जीएसटी सहित अनेक प्रावधानों की दी जानकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** राज्य कर विभाग, सहारनपुर द्वारा व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निवारण एवं कर व्यवस्था को अधिक सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से आयोजित विशेष व्यापारी संवाद कार्यक्रम में सहायक आयुक्त हेमन्त कुमार पंकज ने जीएसटी पोर्टल के नवीन फीचर्स, पंजीकरण प्रक्रिया, ई-वे बिल तथा इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़े नए प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। बुधवार को नानौता स्थित चानन दास धर्मशाला, में आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम मे उपायुक्त राज्य कर अरूणेश कुमार यादव ने कहा कि राज्य कर विभाग व्यापारियों को उत्पीड़न मुक्त एवं पारदर्शी व्यापारिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य केवल राजस्व संग्रह तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापारियों के लिए 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को




बढ़ावा देना भी है। सहायक आयुक्त हेमन्त कुमार पंकज ने जीएसटी पोर्टल के नवीन फीचर्स, पंजीकरण प्रक्रिया, ई-वे बिल तथा इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़े नए प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। संवाद के दौरान व्यापारियों ने जीएसटी से संबंधित विभिन्न समस्याएं एवं सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। नीतिगत विषयों को उच्च स्तर पर भेजने का आश्वासन भी दिया गया। अधिकारियों ने व्यापारियों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के भ्रम या बहकावे में न आएं तथा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट एवं हेल्पडेस्क सेवाओं का उपयोग करें। कार्यक्रम के समापन पर उपायुक्त अरूणेश कुमार यादव ने सभी व्यापारिक संगठनों एवं मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त हेमन्त कुमार पंकज, वरिष्ठ सहायक गौरव कुमार, वरिष्ठ सहायक अंकुश कुमार सहित व्यापार मंडल अध्यक्ष दर्शन लाल किनरा, जिला संयोजक राजीव नामदेव, मुकेश पराशन, अनिल जैन, सरदार अरविंदर सिंह, अरविंद नामदेव, मनोज जैन, हरीश तनेजा, अमित गर्ग, फजल अली, विकास जैन, राहुल अग्रवाल, हार्दिक तनेजा अधिवक्ता सहित अनेक व्यापारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त राज्य कर अरूणेश कुमार यादव ने की।

# छह हजार में 24 घंटे काम मंजूर नहीं, कबरई में पंचायत सहायकों ने किया जोरदार प्रदर्शन

- एडीओ को सौंपा 14 सूत्रीय ज्ञापन, 14 जून तक ऑनलाइन हाजिरी का बहिष्कार, 15 को लखनऊ में बड़े आंदोलन की चेतावनी

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** कार्यालय क्षेत्र पंचायत कबरई में बुधवार को पंचायत सहायकों ने हो रहे शोषण और विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद करते हुए सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन के कबरई ब्लाक अध्यक्ष अमित शिवहरे के नेतृत्व में करीब दो दर्जन पंचायत सहायकों ने सहायक विकास अधिकारी को 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपाकर समस्याओं का निस्तारण कराए जाने की मांग की। पंचायत सहायकों ने 14 जून तक ऑनलाइन उपस्थिति का बहिष्कार करने की घोषणा की है और 15 जून को लखनऊ में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

सहायक विकास अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में वर्तमान में मिल रहे 6,000 रुपये के मानदेय को बढ़ाकर 30,000 रुपये प्रति माह करना या राज्य की न्यूनतम कुशल मजदूरी दर लागू करना। अनुबंध व्यवस्था को समाप्त कर एक स्थायी और स्पष्ट सेवा नियमावली बनाने। महिला पंचायत सहायकों ने शादी के बाद स्थानांतरण और समायोजन की नीति तय करने। विभागीय पहचान पत्र जारी करने और सभी को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने के अलावा विभागीय एंड्रॉयड फोन, इंटरनेट, स्टेशनरी का बजट और ग्राम विकास अधिकारी भर्ती में 50 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की पंचायत सहायकों ने मांग की है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्हें मात्र 6,000 रुपये के अल्प मानदेय में चैबीस घंटे और अन्य विभागों का भी काम करना पड़ता है। ग्राम पंचायत स्तर पर आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र जैसी डिजिटल और सीएससी सेवाएं प्रदान करने के बावजूद उन्हें बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। ग्राम पंचायत बरबई की पंचायत सहायक रोशनी ने बताया कि उनके काम के घंटे तय नहीं हैं। उन्हें सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक, जब भी विभागीय साइट चलती है, काम करना पड़ता है। पंचायत सहायकों से बिना किसी अतिरिक्त पारिश्रमिक के दूसरे विभागों का भी काम कराया जा रहा है। प्रदर्शन दौरान कबरई ब्लॉक के 94 ग्राम पंचायतों के सहायकों ने साफ कर दिया है कि 14 जून तक वह ऑनलाइन हाजिरी और मोबाइल आधारित कार्यों का पूर्ण बहिष्कार करेंगे साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो सप्ताह में सरकार ने उनकी 14 सूत्रीय मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया, तो 15 जून को लखनऊ के ईको गार्डन में प्रदेश स्तरीय विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, सहायक विकास अधिकारी राकेश कुमार ने आश्वासन दिया है कि मानदेय वृद्धि और तकनीकी संसाधनों से जुड़े इस ज्ञापन को उच्च अधिकारियों को भेजा जा रहा है। इस मौके पर अनीता, रविंद्र, लक्ष्मी विश्वकर्मा और रोहित कुमार सहित कई पंचायत सहायक मौजूद रहे।

## वर्चुअल जनसुनवाई में एसपी ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने बुधवार को पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की। इस पहल के तहत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।

साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

# दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग में संचालित इग्नू के कृषि आधारित पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान संस्थान स्थित दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र (48003) में कृषि आधारित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। इस अध्ययन केंद्र में कृषि एवं खाद्य क्षेत्र से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। यहाँ बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड तथा छत्तीसगढ़ के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। फूड सेफ्टी एवं डेयरी तकनीक जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के प्रति विद्यार्थियों की विशेष रुचि देखी जा रही है।

इन पाठ्यक्रमों के लिए किसी भी प्रकार की आयु सीमा निर्धारित नहीं है तथा इग्नू की पढ़ाई नौकरी करते हुए भी की जा सकती है। अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. अरविंद ने बताया कि इग्नू के पाठ्यक्रम विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए जाते हैं और उनकी गुणवत्ता उच्च स्तर की होती है। इस अध्ययन केंद्र में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से जुड़ने का गौरव प्राप्त होता है। अभ्यर्थी अपनी रुचि के अनुसार किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं।

इसके अतिरिक्त अध्ययन केंद्र द्वारा संचालित बी.एससी. (एफएसक्यूएम) पाठ्यक्रम भी काफी लोकप्रिय है। इस पाठ्यक्रम में फूड सेफ्टी से संबंधित सभी विषयों का अध्ययन कराया जाता है।वर्तमान समय में फूड सेफ्टी का क्षेत्र अत्यधिक महत्व प्राप्त कर रहा है और युवाओं का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इस चार वर्षीय स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए बारहवीं कक्षा विज्ञान विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।इग्नू की विशेषता यह है कि प्रवेश के लिए मेरिट की चिंता करने की आवश्यकता नहीं होती। प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए arvindv@bhu.ac.in ईमेल आईडी पर संपर्क करें

# तीन साल से गंदगी और लटकते तारों से जूझ रहे समदनगर वासी, लोगों में भारी आक्रोश

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** नगर पालिका परिषद जहां एक ओर शहर में साफ सफाई और बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटी रहती है, वहीं शहर के मोहल्ला समदनगर में पिछले तीन साल से न तो नालियों की साफ सफाई की और न ही बिजली खंभे लगाए जाने से मुहाल वासियों में खासा आक्रोश व्याप्त है। मुहाल वासियों का आरोप है कि अनेको बार शिकायत किए जाने के बाद भी आज तक इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। मुहल्ले में फैली गंदगी और मार्गो पर लटक रहे बिजली के तार की समस्याओं का निस्तारण कराए जाने को लेकर लोगों ने उच्चाधिकारियों से मांग की गई है।

समदनगर मुहाल निवासी यूनुस खान, कुंरव, बप्पी, साक्षी आदि ने बताया कि पिछले तीन वर्षो से क्षेत्र की नालियों की सफाई नहीं कराई गई हैख् जिस कारण जगह जगह गंदगी फैली हुई है, जलभराव की स्थिति बनी रहती है और हवा में तेज दुर्गंध चारो तरफ फैल जाती है। बताया कि गंदगी के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है। इस संबन्ध में नगर पालिका से कई बार शिकायतें की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई और हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है। बताया कि गंदगी के अलावा, मोहल्ले में बिजली की व्यवस्था भी चिंताजनक पिछ्ले दो साल से इलाके में बिजली के खंभे नहीं लगाए गए हैं। बिजली के तार घरों के ऊपर और गलियों में काफी नीचे लटक रहे हैं, जिससे आंधी तूफान दौरान तार टूटने और करंट लगने का खतरा बना रहता है। मुहाल वासियों ने भी आरोप है कि शादी व अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान भी नगर पालिका के कर्मचारी यहां सफाई के लिए नहीं आते, जिसके चलते वह स्वयं अपने हाथों से नालियों की सफाई करने को मजबूर हैं।

## मुआवजे की मांग को लेकर 100 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा युवक

**परसपुर (गोण्डा)।** थाना क्षेत्र के त्यौरासी गांव में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक अपनी मांगों को लेकर करीब 100 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक को टावर पर चढ़ा देख ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। करीब तीन घंटे तक चले हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद क्षेत्राधिकारी (सीओ) के आश्वासन पर युवक सुरक्षित नीचे उतर आया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, त्यौरासी गांव निवासी राहुल (25) 25 मई को हुई एक घटना से आहत था। आरोप है कि उसके पाटीदार ने उसका छप्पर जला दिया था, जिससे घर में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद भी उसे न तो कोई आर्थिक सहायता मिली।

# गेल ने आभा गेस्ट हाउस मे पीएनजी नेचुरल गैस सेवा प्रारंभ की

अवधनामा ब्यूरो




**वाराणसी।** गेल इंडिया ने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजना के अंतर्गत बीएचयू क्षेत्र स्थित 'आभा गेस्ट हाउस' में पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) की आपूर्ति सफलतापूर्वक आज बुधवार को प्रारंभ कर दी गई है। यह पहल वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को हरित ऊर्जा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इस बाबत गेल इंडिया ने बताया कि,इस आपूर्ति परियोजना का सफल क्रियान्वयन गेल की प्रोजेक्ट्स टीम द्वारा किया गया, जिसका नेतृत्व नवाज़िश अली अंसारी, उप महाप्रबंधक (डीजीएम-प्रोजेक्ट्स) द्वारा किया जा रहा है। वहीं, वाराणसी सीजीडी परियोजना का समग्र संचालन सुशील कुमार, महाप्रबंधक (जीएम) के मार्गदर्शन में प्रभावी रूप से किया जा रहा है। गेल ने बताया कि, लंका -बीएचयू क्षेत्र में स्थित 'आभा गेस्ट हाउस' जो प्रतिदिन बड़ी संख्या में अतिथियों को सेवाएं प्रदान करता है, पूर्व में अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रतिमाह लगभग 15 एलपीजी सिलेंडरों पर निर्भर था। आपूर्ति प्रारंभ होने के बाद अब प्रतिष्ठान को निरंतर, सुरक्षित एवं निर्बाध गैस उपलब्ध हो रही है, जिससे संचालन अधिक सुचारु, दक्ष और विश्वसनीय बन गया है। साथ ही, पहले उपयोग में लाए जा रहे इन एलपीजी सिलेंडरों को अब अन्य क्षेत्रों में पुनः उपयोग में लाया जा सकेगा, जिससे अधिक उपभोक्ताओं तक इसकी उपलब्धता सुनिश्चित होगी। सुशील कुमार महाप्रबंधक ने बताया कि, पीएनजी के उपयोग से सिलेंडर भंडारण एवं परिवहन से जुड़ी जटिलताओं का प्रभावी समाधान होता है, साथ ही सुरक्षा मानकों में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती है। इसके अतिरिक्त, यह एक पर्यावरण-अनुकूल ईंधन है, जो कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि, बीएचयू एवं आसपास के क्षेत्रों में भी इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा विकल्प उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि, वाणिज्यिक, संस्थागत एवं घरेलू उपभोक्ताओं को पीएनजी नेटवर्क से जोड़ने के लिए गेल निरंतर प्रयासरत है। आभा गेस्ट हाउस में पीएनजी आपूर्ति की शुरुआत, वाराणसी को स्वच्छ एवं सुरक्षित ऊर्जा की दिशा में अग्रसर करने की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो गेल की सतत विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि, सभी उपभोक्ताओं से कहना चाहूंगा कि वे पीएनजी नेचुरल गैस कनेक्शन अपनाकर आधुनिक, सुरक्षित एवं सुविधाजनक ऊर्जा प्रणाली का लाभ उठाएं।

## जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत भी 'अधीनस्थ' में फंसी, कार्रवाई का रास्ता अब तक नहीं मिला

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जनपद की तहसील टांडा अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलापरसा के बरी तक मार्ग का मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2020-21 में जिला पंचायत सदस्य साधू वर्मा की निधि से इस मार्ग पर सड़क लेपन एवं मरम्मत कार्य दर्शाया गया, जिसका सूचना पट भी लगाया गया, लेकिन धरातल पर सड़क आज भी निर्माण कार्य की कहानी सुनाने को तरस रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कागजों में सड़क इतनी चमकदार बनी कि शायद अधिकारियों को दिखाई भी दे रही हो, लेकिन गांव वालों को आज तक उसका एक टुकड़ा भी नजर नहीं आया। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि सड़क बनी कहां– फाइलों में, फोटो में या फिर कल्पनाओं में?

मामले को लेकर एक शिकायतकर्ता ने 19 अप्रैल 2026 को जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि शिकायत आज तक अधीनस्थ स्तर से वापस नहीं लौटी और न ही कोई ठोस कार्रवाई हुई। इससे जनसुनवाई प्रणाली की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। प्रदेश सरकार लगातार भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था और समयबद्ध निस्तारण का दावा कर रही है, लेकिन शिकायतकर्ता का कहना है कि अम्बेडकरनगर में कई शिकायतें निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित नहीं हो पा रही हैं। वहीं यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि अनेक मामलों को जांच और समाधान के बजाय स्पेशल क्लोज की श्रेणी में डालकर बंद कर दिया जाता है। चर्चाओं का बाजार गर्म है कि प्रमुख सचिव संजय प्रसाद द्वारा स्पेशल क्लोज के दुरुपयोग पर रोक लगाने संबंधी निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन स्थानीय स्तर पर उन निर्देशों का पालन कितना हो रहा है, यह स्वयं एक बड़ा प्रश्न बन गया है।

अब ग्रामीणों की निगाहें योगी आदित्यनाथ की ओर टिकी हैं। लोगों का कहना है कि यदि सड़क वास्तव में केवल कागजों में बनी है और शिकायतों का निस्तारण भी फाइलों में ही हो रहा है, तो जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होगी, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

# महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर

- वर्षांत तक 32,168 महिलाओं को विभिन्न कन्वर्जेंस योजनाओं का लाभ दिलाते हुए बनाया जाएगा लखपति दीदी

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लखपति दीदी, कुटुंबश्री योजना और पात्र गृहस्थी परिवारों को महिला स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को गति देने एवं ग्रामीण परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रभावी रणनीति पर चर्चा की गई। सीडीओ योगेन्द्र कुमार ने निर्देश दिए कि पात्र परिवारों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने के अभियान में और तेजी लाई जाए और विभिन्न योजनाओं का लाभ अधिकाधिक महिलाओं तक पहुंचाकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जाए। महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण आजीविका संवर्धन सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं और निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित की जाए।

उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन मंजू त्रिवेदी ने बताया कि जिले में अब तक 54,576 महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। इसके अतिरिक्त 32,168 महिलाओं को विभिन्न कन्वर्जेंस योजनाओं से लाभान्वित कर चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक लखपति दीदी के रूप में विकसित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि मई माह तक जिले में 1,25,928 पात्र गृहस्थी परिवारों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़े जाने का लक्ष्य था, जिसके सापेक्ष 59,730 परिवारों को समूहों से जोड़ा जा चुका है। साथ ही जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत 16,622 परिवारों को भी स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें आजीविका गतिविधियों से लाभान्वित किया गया है। बैठक में कुटुंबश्री योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बताया कि महिलाओं को रोजगार एवं आय के नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद में 11 नवीन कुटुंबश्री कैंटीन स्थापित किए जाने के प्रस्ताव शासन को प्रेषित किए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार ने कहा कि विभागीय योजनाओं के बेहतर समन्वय के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की आय बढ़ाना प्राथमिकता है। उन्होंने एडीओ को निर्देश दिए कि कृषि के साथ-साथ गैर कृषि गतिविधियों में संलग्न महिलाओं को भी समूहों से जोड़ा जाए। सीडीओ ने बताया कि वर्षभर में 25 हजार पात्र गृहस्थी परिवारों को ब्लॉक स्तर पर स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने समूह सखी, विद्युत सखी, रोजगार सेवक एवं ग्राम सचिव के माध्यम से अधिकाधिक महिलाओं को समूहों से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की योजनाओं से प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम दो पात्र गृहस्थी परिवारों को लाभान्वित करने पर जोर दिया।

## दुबे का पड़ाव क्षेत्र को जल्द मिलेगी राहत, नलकूप से जलापूर्ति बहाली की तैयारी तेज

**अलीगढ़।** भीषण गर्मी के बीच दुबे का पड़ाव क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को लेकर नगर निगम पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। क्षेत्र में स्थापित नलकूप को शीघ्र क्रियाशील कर जलापूर्ति व्यवस्था बहाल किए जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसके साथ ही नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए वर्तमान में टैंकरों के माध्यम से मांग के अनुरूप नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। महाप्रबंधक जलकल नगर निगम पी.के. सिंह ने बताया कि दुबे का पड़ाव क्षेत्र में नलकूप का अधिष्ठापन परियोजना प्रबंधक सी एंड डीएस, गाजियाबाद द्वारा कराया गया है। संबंधित संस्था को नलकूप को शीघ्र क्रियाशील कर जलापूर्ति व्यवस्था प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। संस्था द्वारा आवश्यक कार्यवाही तेजी से की जा रही है और जल्द ही क्षेत्रवासियों को नलकूप से नियमित पेयजल आपूर्ति का लाभ मिलने लगेगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य क्षेत्र की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करना है। इसी क्रम में नलकूप को पूर्ण रूप से संचालित कराने की कार्रवाई की जा रही है। जब तक व्यवस्था पूर्ण रूप से प्रारंभ नहीं हो जाती, तब तक क्षेत्र की जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए टैंकरों के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। नगर निगम प्रशासन ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया है कि पेयजल आपूर्ति को सुचारु और सुदृढ़ बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और जल्द ही नलकूप के संचालन के साथ क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था और अधिक बेहतर एवं स्थायी रूप से सुनिश्चित हो जाएगी।

## महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज को नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन द्वारा मिली बड़ी उपलब्धि



**अम्बेडकरनगर।** एम.आर.ए. मेडिकल कॉलेज, सद्दरपुर के ऑर्थोपेडिक विभाग को नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज (हक्क्ष्रस्) द्वारा बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। बोर्ड ने विभाग को जनवरी 2026 से दिसंबर 2030 तक पांच वर्षों के लिए प्रोविजनल एक्रिडिटेशन प्रदान किया है। इसके तहत विभाग में प्रतिवर्ष 2 डीएनबी पोस्ट एमबीबीएस सीटों पर स्नातकोत्तर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस उपलब्धि पर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव ने ऑर्थोपेडिक विभाग को बधाई दी। उन्होंने विभागाध्यक्ष एवं सह आचार्य डॉ. जावेद अहमद तथा सहायक आचार्य डॉ. विवेक श्रीवास्तव को राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा फैकल्टी बनाए जाने पर शुभकामनाएं भी दीं। प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव ने कहा कि ऑर्थोपेडिक विभाग में पीजी कोर्स शुरू होने से इमरजेंसी सुविधाओं में और अधिक बढ़ोत्तरी होगी। इससे क्षेत्र के मरीजों को बेहतर उपचार एवं त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे उन्हें काफी राहत मिलेगी।

## टांडा स्टेट बैंक के सामने ज्येष्ठ मास के अन्तिम मंगलवार को विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**टाडा (अंबेडकरनगर)।** जेष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगलवार के अवसर पर टांडा नगर स्थित स्टेट बैंक के निकट श्रद्धा और भक्ति के माहौल में प्रभु हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन शुरू हुआ।भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल से गुजरने वाले राहगीरों और भक्तों ने भी रुककर प्रसाद ग्रहण किया तथा भगवान हनुमान का आशीर्वाद लिया। पूरे क्षेत्र में भक्ति और सेवा भाव का वातावरण देखने को मिला। सामाजिक कार्यकर्ता संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े मंगलवार के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया है। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के जयकारों के साथ पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

# पत्नी और दो मासूम बेटियों के हत्यारे पति को फांसी की सजा

- फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोषी पति को सुनाई फांसी
- हत्यारे पति ने पत्नी व दो बेटियों को सिलबट्टे से कूंचकर मार डाला था

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** शहर के मोहल्ला समदनगर में तीन साल पूर्व घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी और दो बेटियो की मसाला पीसने वाले पत्थर के सिलबट्टे से कुचलकर हत्या कर दिए जाने के मामले में फास्ट टैऊक्र कोर्ट की न्यायाधीश अपर्णा त्रिपाठी ने आरोप सिद्ध हो जाने पर आरोपी देवेंद्र विश्वकर्मा को फांसी की सजा सुनाई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला समदनगर में 17 जुलाई 2023 की रात को नशे का लती देवेंद्र विश्वकर्मा ने अपनी पत्नी रामकुमारी, बेटी आरुषि (9) और सोनाक्षी (6) की पत्थर से कूंचकर हत्या कर दी। काफी देर तक बहू के कमरे का दरवाजा न खुलने पर वृद्धा ने कमरे को बाहर से दरवाजा खटखटाया, लेकिन किसी की आवाज न आने और दरवाजा न खुलने पर घबराई वृद्धा उसी रात नौ बजे कोतवाली चली गई। इसके बाद पुलिस को साथ लेकर लौटी तो कमरे का बाहर से ताला बंद मिला। पुलिस ने ताला तोड़कर अंदर देखा तो तीनों के शव खून से लथपथ पड़े मिले। पास में हत्या में प्रयुक्त किए जाने वाला पत्थर का सिलबट्टा भी पड़ा हुआ था।

वारदात को अंजाम देन के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसे पुलिस ने देर रात को करिया पठवा के पास बने अंडर ब्रिज से गिरफ्तार कर लिया था। मृतका के पिता हरिप्रसाद ने अपने दामाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की थी। शासन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी दिनेश सिंह और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुरेंद्र प्रताप राजपूत ने अदालत में अभियोजन पक्ष का प्रतिनिधित्व किया। इस मामले में 5 पुलिस कर्मियों, एक डॉक्टर और मृतका के परिजनों सहित कुल 9 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। घटना के समय पीड़ितों के अलावा कोई तीसरा मौजूद नहीं था और मौके के साक्ष्य पूरी तरह देवेंद्र के खिलाफ थे, इसलिए अदालत ने सभी साक्ष्यों का बारीकी से अवलोकन करने के बाद इसे जघन्य अपराध माना और आरोपी को फांसी के फंदे तक पहुंचाने का फैसला सुनाया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में 10 दिवसीय लोक संस्कृति कार्यशाला संपन्न, बांटे गए पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को पुरस्कार वितरण कि साथ समापन किया गया। दस दिन चलते कार्यशाला में छात्र छात्राओं को लोक बाद्य ढोलक सहित अन्य प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और संगीताचार्य ने प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थियों प्रमाण पत्र और पुस्कार देकर उनका उत्साह बढाया। इस मौके पर लोक बाद्य ढोलक की जानकारी के अलावा विलुप्त हो रही लोक संस्कृति को संरक्षित करने पर विचार व्यक्त किए।

कार्यशाला के समापन अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य एवं समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी और संस्कृति संस्थान के सदस्य संगीताचार्य पं. जगप्रसाद तिवारी ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत करके उनका उत्साह बढाया। समाजसेवी ने संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा इस तरह की कार्यशाला आयोजित करके छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण प्राप्त कराके उन्हें बुंदेली लोक संस्कृति का अध्यन कराया जा रहा है। कहा कि इस कार्यशाला से छात्र छात्राओं को अपनी बुंदेली संस्कृति से रुबरू कराकर बढावा दिया जा रहा है। संगीताचार्य ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से छात्रो ने लोक बाद्य के संदर्भ में विस्तार से जानकारी हासिल की है, जिसमें कृष्णचंद्र पाठक ने ताल कहरवा व दादरा ताल की बारिकियों से छात्रों को रुबरू कराया। छात्रों के अंदर लोकबाद्य ढोलक सीखने की बढ़ती जिज्ञासा देख प्रशिक्षकों में बेतहर तरह से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि विलुप्त हो रही लोक संस्कृति को संरक्षित करने के उद्देश्य से इस कार्यशालाओं का आयोजन समय समय पर विभाग आयोजित करके छात्रों को प्रशिक्षित कर रही है।

# दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू होने पर दिव्यांगों ने विधायक का किया सम्मान



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री द्वारा नगर निकाय, विकास प्राधिकरण एवं डूडा के अंतर्गत निर्मित होने वाली दुकानों के आवंटन में दिव्यांगजनों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। इस निर्णय का लाभ अब जिले के दिव्यांगजनों को मिलने जा रहा है। दुकानों के लिए करीब 250 दिव्यांगो ने आवेदन किया है। प्रक्रिया शुरू होने से उत्साहित दिव्यांगजनों ने विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को सर्किट हाउस में माल्यार्पण करके सम्मानित किया।

कार्यक्रम में दिव्यांग कल्याण समिति के अध्यक्ष मो. अकरम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे। दिव्यांगजनों ने मुख्यमंत्री एवं विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्णय से उन्हें स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दिव्यांगजनों के हित में लिया गया यह निर्णय सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बनेंगे तथा उन्हें सम्मानजनक आजीविका का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

भारतीय दिव्यांग कल्याण समिति के अध्यक्ष मो. अकरम ने कहा कि नगर निकाय, विकास प्राधिकरण तथा डूडा के माध्यम से बनने वाली दुकानों में चार प्रतिशत आरक्षण के तहत जनपद के करीब 250 दिव्यांगजनों ने दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन किया है। आवंटन प्रक्रिया शुरू होने से दिव्यांगजनों में उत्साह का माहौल है और उन्हें उम्मीद है, इससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। दुकानों में आरक्षण का प्रावधान दिव्यांगजनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। स्वागत करने वालों में सद्दाम, प्रदीप मौर्या, बसंत राम, गुलाम अली, जयकरन, इन्दर भारती, दुर्गावती, रमेश कुमार, सीमा पाण्डेय, सोनी यादव, पंकज, लक्ष्मी, साबिर अली, जगदीश प्रसाद, शेर बहादुर, अनुपम पाण्डेय, अशोक कुमार शामिल रहे।

## मानवीय मूल्यों एवं आदर्शों का ग्रंथ है श्रीरामचरितमानस

**अयोध्या।** ।श्री मनकामेश्वर हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव पर आयोजित श्रीरामकथा महोत्सव में सप्तम दिवस की कथा में भरत-राम मिलाप प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास ने कहा कि श्रीरामचरितमानस मानव जीवन के आदर्शों, त्याग, भक्ति और मर्यादा का अनुपम ग्रंथ है। मुख्य यजमान के रूप में संस्था की अध्यक्ष श्रीमती आशा सिंह ने व्यासपीठ का पूजन एवं आरती की। कथा में भरत द्वारा चित्रकूट जाकर भगवान श्रीराम को अयोध्या लौटने का आग्रह करने तथा दोनों भाइयों के भावुक मिलन का मार्मिक वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई।

## 27 चोरी के मोबाइल फोन के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार, छह आईफोन भी बरामद

**अयोध्या।** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना रौनाही पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से चोरी किए गए 27 मोबाइल फोन के साथ दो महिला अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक लाल चंद्र सरोज के नेतृत्व में थाना रौनाही पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों महिलाओं को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्ताओं ने स्वीकार किया कि वे बाजार, वाहनों तथा घरों से मोबाइल फोन चोरी कर उन्हें बेचने का कार्य करती थीं।गिरफ्तार अभियुक्ताओं की निशानदेही पर पुलिस ने छह आईफोन एवं 21 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

# पांचवें बड़े मंगल पर विशाल भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज -अयोध्या।** ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल के अवसर पर गोसाईगंज स्थित नवीन मंडी परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था और उत्साह के बीच आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।भंडारे का आयोजन समाजसेवी चांद बाबू राइन, डब्लू सोनकर, मिथुन सोनकर एवं रवि यादव के सहयोग से किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंडी परिसर में उमड़ने लगी। पूरे परिसर में जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा।श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि तथा शांति की कामना की। आयोजकों की ओर से प्रसाद वितरण सहित श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं।

## फूलडोल मेले की गरिमा पर उठे सवाल, वायरल तस्वीरों और वीडियो ने बढ़ाई चिंता



**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र में आयोजित होने वाला ऐतिहासिक फूलडोल मेला वर्षों से अपनी सांस्कृतिक परंपराओं, धार्मिक आस्था और सामाजिक सौहार्द के लिए प्रसिद्ध रहा है। लेकिन इस वर्ष मेला अपनी विरासत और सांस्कृतिक पहचान के बजाय सोशल मीडिया पर वायरल हो रही कुछ कथित आपत्तिजनक तस्वीरों और वीडियो को लेकर चर्चा में है। इन घटनाओं ने मेले की गरिमा के साथ-साथ प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो और तस्वीरों में कुछ युवक-युवतियों के सार्वजनिक व्यवहार को लेकर लोगों के बीच व्यापक चर्चा हो रही है। हालांकि इन वायरल वीडियो और तस्वीरों की हम पुष्टि नहीं करते हैं, लेकिन इन्हें लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वायरल दृश्य वास्तविक हैं, तो यह सार्वजनिक आयोजनों में अनुशासन और निगरानी व्यवस्था की गंभीर कमी को दर्शाता है। फूलडोल मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर माना जाता है, जहां हर वर्ष बड़ी संख्या में परिवार, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल होते हैं। ऐसे में लोगों की अपेक्षा रहती है कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक मर्यादाओं और सांस्कृतिक मूल्यों का भी संरक्षण किया जाए।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाइयों का पुनर्गठन, डॉ. नेहा त्रिपाठी व डॉ. विनोद आर्या बने अध्यक्ष




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के अयोध्या पश्चिम जिले की अयोध्या कैंट नगर इकाई तथा अयोध्या पूर्व जिले की दर्शननगर नगर इकाई का वर्ष 2026-27 के लिए पुनर्गठन संपन्न हुआ। अयोध्या कैंट नगर इकाई में डॉ. नेहा त्रिपाठी को नगर अध्यक्ष और सचिन कसोधन को नगर मंत्री, जबकि दर्शननगर नगर इकाई में डॉ. विनोद आर्या को नगर अध्यक्ष एवं आशुतोष मिश्रा को नगर मंत्री घोषित किया गया।

अयोध्या कैंट नगर इकाई के कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिला शासकीय अधिवक्ता रोहित पांडेय, विभाग संगठन मंत्री अंकित भारतीय, चुनाव अधिकारी डॉ. अंकित मिश्र, विभाग संयोजक शशांक विद्यार्थी एवं नगर मंत्री राघवेंद्र तिवारी ने मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं दर्शननगर नगर इकाई के कार्यक्रम में जिला संयोजक प्रियांशु तिवारी, चुनाव अधिकारी डॉ. मीनू दुबे तथा मुख्य वक्ता राजीव मणि पाठक उपस्थित रहे।मुख्य वक्ता रोहित पांडेय ने कहा कि विद्यार्थी परिषद केवल छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त आंदोलन है, जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रीय चेतना के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। राजीव मणि पाठक ने परिषद को विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन बताते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने का कार्य करता है।विभाग संयोजक शशांक विद्यार्थी ने कहा कि परिषद युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व विकास और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वहीं जिला संयोजक प्रियांशु तिवारी ने कहा कि जागरूक, संगठित और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित युवा ही सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं।चुनाव अधिकारी डॉ. अंकित मिश्र ने अयोध्या कैंट नगर इकाई में डॉ. नेहा त्रिपाठी को नगर अध्यक्ष तथा सचिन कसोधन को नगर मंत्री घोषित किया। वहीं दर्शननगर नगर इकाई में डॉ. मीनू दुबे ने डॉ. विनोद आर्या को नगर अध्यक्ष और आशुतोष मिश्रा को नगर मंत्री घोषित किया।नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष डॉ. नेहा त्रिपाठी ने नगर इकाई की कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन रुचि पांडेय ने किया तथा नगर मंत्री सचिन कसोधन ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर प्रांत कार्यसमिति सदस्य उत्कर्ष पाण्डेय, महानगर सहमंत्री आदर्श चतुर्वेदी, अनुराग शुक्ल, विभाग कार्यालय मंत्री अजय तिवारी, जिला संयोजक दिवाकर चौरसिया, महानगर एसएफडी सहसंयोजक आदित्य सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षा विभाग में बड़ा खेलः नियमित वेतन छोड़ पहले बांटा गया अवशेष

**अयोध्या।** माध्यमिक शिक्षा विभाग में वित्तीय अनियमितता का एक गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि शासन की स्पष्ट नियमावली की अनदेखी करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय ने नियमित वेतन के बजाय पहले अवशेष वेतन का भुगतान कर दिया। इसके परिणामस्वरूप जिले के सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का नियमित वेतन समय पर उनके खातों में नहीं पहुंच सका।जानकारी के अनुसार शासन से प्राप्त अनुदान राशि के उपयोग संबंधी नियमों में स्पष्ट व्यवस्था है कि सबसे पहले नियमित वेतन का भुगतान किया जाएगा। इसके बाद यदि धनराशि शेष बचती है, तभी अवशेष देयकों का निस्तारण किया जा सकता है। बावजूद इसके लाखों रुपये के अवशेष भुगतान को प्राथमिकता दिए जाने से विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। वही जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी से वार्ता करने पर उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि पहले नियमित वेतन का भुगतान किया जाना चाहिए या अवशेष का। उन्होंने यह भी बताया कि वित्त एवं लेखाधिकारी की ओर से इस संबंध में कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई और न ही अब तक कोई ऑडिट आपत्ति प्राप्त हुई है। उन्होंने स्वीकार किया कि यदि प्रक्रिया में कोई त्रुटि हुई है तो भविष्य में उसमें सुधार किया जाएगा।डीआईओएस के अनुसार 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर प्राप्त प्रस्तावों का भुगतान किया गया। उनका कहना है कि कई विद्यालयों की ओर से नियमित वेतन संबंधी प्रस्ताव समय से नहीं भेजे गए थे। अतिरिक्त अनुदान की मांग शासन से की गई है और धनराशि मिलते ही नियमित वेतन का भुगतान कराया जाएगा।

## हथगांव थाने में पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई, शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश



**फतेहपुर।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं पुलिस-जन संवाद को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बुधवार को थाना हथगांव में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर थाने पहुंचे और पुलिस अधीक्षक के समक्ष विभिन्न मामलों को रखा। जनसुनवाई में भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद, रास्ते के अवरोध, आपसी रंजिश, महिला उत्पीड़न तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित शिकायतें सामने आई। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की बात गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए मामलों के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण के आदेश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान पुलिस विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी शिकायत को हल्के में न लिया जाए और प्रत्येक मामले में तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## टीजीटी (प्रवक्ता) परीक्षा की तैयारियों का डीएम-एसएसपी ने लिया जायजा

**अयोध्या।** टीजीटी (प्रवक्ता) परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने बुधवार को रिकाबगंज स्थित एमएलएमएल इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, पेयजल, परीक्षा कक्षों सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों और विद्यालय प्रशासन से परीक्षा संबंधी तैयारियों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से कराई जाएगी। उन्होंने परीक्षार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए।

# अवैध अस्पतालों और झोलाछापों पर होगी कड़ी कार्रवाई, एक माह में दिखेगा बदलाव : सीएमओ डॉ. यू.बी. सिंह



*अवधनामा संवाददाता*

**फतेहपुर।** जनपद के नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. यू.बी. सिंह ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान तथा अवैध अस्पतालों एवं झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को अपनी प्राथमिकता बताया है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए पूरी निष्ठा और गंभीरता के साथ कार्य किया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान सीएमओ डॉ. सिंह ने कहा कि सरकार की सभी प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारना उनका लक्ष्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी किसी भी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण कराया जाएगा, ताकि आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि जनपद में कर्मचारियों एवं अधिकारियों की सेवा संबंधी कई फाइलें और प्रकरण लंबे समय से लंबित हैं। ऐसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराया जाएगा। इसी क्रम में उन्होंने आदेश जारी करते हुए सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों की सेवा पुस्तिकाओं और जीपीएफ पुस्तिकाओं को एक सप्ताह के भीतर अद्यतन कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अवैध अस्पतालों और झोलाछाप चिकित्सकों के संबंध में पूछे गए सवाल पर सीएमओ ने कहा कि इस विषय पर उनकी जिलाधिकारी से चर्चा हुई है। जिलाधिकारी ने भी इस पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनपद में संचालित सभी अवैध अस्पतालों और झोलाछापों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार और व्यवस्था सुधार को लेकर पूछे गए प्रश्न पर डॉ. सिंह ने कहा कि वह किसी से लड़ाई में विश्वास नहीं रखते। उनका मानना है कि व्यवस्था को नियमों और जिम्मेदारियों के अनुरूप संचालित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल परिणाम देना है। ड्राइव और बैठकों के जरिए कार्रवाई के सवाल पर सीएमओ ने कहा कि उन्हें केवल औपचारिक अभियानों और बैठकबाजी में विश्वास नहीं है, बल्कि वह कार्यों को वास्तविक रूप से धरातल पर होता हुआ देखना चाहते हैं। जनपद में बदलाव को लेकर उन्होंने कहा कि छह महीने बहुत लंबा समय है।

# फर्जी अधिकारी बनकर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**ठूठीबारी(महराजगंज)।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना ठूठीबारी पुलिस ने नौकरी दिलाने एवं उच्च अधिकारियों से करीबी संबंध होने का झांसा देकर लोगों से लगभग 63 लाख रुपये की ठगी करने वाले वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी विनीत कुमार सिंह पुत्र चन्द्रिका सिंह निवासी बासपार कोठी, थाना श्यामदेउरवा का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी स्वयं को विभिन्न विभागों का वरिष्ठ अधिकारी बताकर लोगों को अपने प्रभाव में लेता था तथा सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर धन उगाही करता था। मामले में उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज है।

मुखबिर की सूचना पर ठूठीबारी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन आधार कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक रमेश पुरी, कांस्टेबल कवि कुमार एवं आरक्षी अभिषेक चौधरी शामिल रहे।

## तहसीलों व नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**फतेहपुर।** जनपद की तहसीलों एवं नगर पालिका परिषद फतेहपुर में कथित रूप से व्याप्त भ्रष्टाचार और जनसुविधाओं में हो रही देरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी एवं शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। जिलाधिकारी से वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने आरोप लगाया कि तहसीलों में आय, जाति एवं निवास प्रमाणपत्रों पर रिपोर्ट लगाने के नाम पर लेखपालों द्वारा सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। इसके अलावा भूमि को कमर्शियल कराने, दाखिल-खारिज तथा हदबंदी जैसे कार्यों में भी मनमाने ढंग से धन वसूली की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि सुविधा शुल्क न देने पर लोगों के कार्य लंबित कर दिए जाते हैं। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने नगर पालिका परिषद में जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई मामलों में प्रमाणपत्र बनने में चार से छह महीने तक का समय लग जाता है। कभी-कभी पूरी फाइल ही गायब हो जाती है, जिससे लोगों को मजबूर होकर सुविधा शुल्क देकर अपना कार्य कराना पड़ता है।

## छुट्टा पशुओं से राहगीर परेशान, हादसे की आशंका बढ़ी



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** नगर पंचायत घुघली क्षेत्र में छुट्टा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। कान्हा गौशाला बंद होने के बाद वहां रह रही गायों के सड़कों पर घूमने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार 7-8 गायों का झुंड दिनभर सड़कों पर विचरण करता रहता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई बार सांड लोगों पर हमला भी कर चुके हैं। डॉक्टर भानु शर्मा ने बताया कि शाम के समय सड़क पर निकलना मुश्किल हो जाता है, क्योंकि छुट्टा पशु अचानक लोगों के पीछे दौड़ पड़ते हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है। व्यापारियों और अभिभावकों ने भी प्रशासन से छुट्टा पशुओं को पकड़कर सुरक्षित गौशाला में भेजने की मांग की है। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष जायसवाल ने बताया कि कर्मचारियों को निर्देशित किया जा रहा है और सड़क पर घूम रहे पशुओं को तत्काल पकड़कर गौशाला में शिफ्ट कराया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने पर जनप्रतिनिधियों का किया भव्य स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें ग्राम पंचायतों का प्रशासक नियुक्त किए जाने के निर्णय का घुघली विकास खंड के प्रधानों ने जोरदार स्वागत किया। बुधवार को प्रशासक बनाए गए प्रधानों ने पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय उर्फ संजय पांडेय का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में ढोल-नगाड़ों के साथ उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि योगी सरकार गांव, गरीब और किसानों के हितों के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने से ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्य बिना किसी बाधा के जारी रहेंगे और जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा। सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रशासकों से पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने इसे जनहित में लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय बताते हुए कहा कि इससे विकास योजनाओं का क्रियान्वयन निर्बाध रूप से जारी रहेगा। कार्यक्रम को प्रमुख प्रतिनिधि ओम प्रकाश जायसवाल, प्रधान संघ अध्यक्ष राजाराम गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रशासक, प्रधान और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रुदौली तहसील में एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई, लेखपाल रिश्वत लेते गिरफ्तार

**अयोध्या।** जनपद की रुदौली तहसील में एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लेखपाल दीपचंद्र यादव को कथित रूप से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। वायरल वीडियो में, एक पीड़ित व्यक्ति अपने राजस्व संबंधी कार्य को लेकर लंबे समय से तहसील के चक्कर लगा रहा था। आरोप है कि कार्य करने के एवज में उससे लगातार धनराशि की मांग की जा रही थी। बार-बार की जा रही मांग से परेशान होकर उसने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की।शिकायत मिलने के बाद टीम ने मामले का सत्यापन किया और योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। इसके तहत की गई कार्रवाई में लेखपाल दीपचंद्र यादव को कथित रूप से रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया गया।

# देवदह को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र बनाने की दिशा में तेजी

## डीएम ने किया देवदह परियोजना का निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने बुधवार को नौतनवा तहसील के बनरसिया कला स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के देवदह पर्यटन परियोजना क्षेत्र का निरीक्षण कर विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा कराए गए उत्खनन कार्य की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि उत्खनन के प्रथम चरण में उत्तर मौर्य काल से गुप्तकाल तक के महत्वपूर्ण पुरातात्विक साक्ष्य प्राप्त हुए हैं तथा द्वितीय चरण के लिए डीपीआर तैयार कर ली गई है। जिलाधिकारी ने विपश्यना हॉल, स्तूपों एवं सरोवर क्षेत्र के सुंदरीकरण कार्यों का निरीक्षण करते हुए इस माह के भीतर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रथम एवं द्वितीय स्तूप तथा सरोवर क्षेत्र को एकीकृत कर समग्र विकास योजना तैयार करने तथा आवश्यक भूमि क्रय का प्रस्ताव शासन को भेजने को कहा। उन्होंने पर्यटन अधिकारी को देवदह तक सीधा संपर्क मार्ग विकसित करने का प्रस्ताव भेजने तथा परियोजना स्थल पर भगवान बुद्ध की भव्य प्रतिमा स्थापित कराने के निर्देश दिए। साथ ही उपजिलाधिकारी नौतनवा को हेलीपैड निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के लिए कहा। डीएम ने कहा कि देवदह बौद्ध परिपथ का महत्वपूर्ण केंद्र है और इसे आदर्श पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं।

# डीएम ने विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**अनुपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों का एक दिन का वेतन बाधित करते हुए माँगा स्पष्टीकरण**

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा बुधवार को पूर्वान्ह 10.25 बजे विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्रम रोजगार, संतोष कुमार चौधरी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, मनरेगा 1 से आज 3 जून तक अनुपस्थित पाये गये। जिला जिला ग्रामोद्योग अधिकारी , विष्णु त्रिपाठी, वरिष्ठ सहायक, परियोजना अधिकारी, डूडा- राहूल साहनी, सीएलटीसी, जिला विकास कार्यालय-संतोष कुमार श्रीरश्मि, आशुलिपिक, राम गोविन्द, वाहन चालक एवं जय प्रकाश, पत्र वाहक, सहायक अभियन्ता, लघु सिचाई-शेष नारायण मिश्रा, वरिष्ठ सहायक एवं मिथिलेश चन्द्र श्रीवास्तव, कनिष्ठ सहायक, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग-उमेश कुमार यादव, वरिष्ठ सहायक एवं उदयभान, चतुर्थ श्रेणी, जिला पंचायत राज अधिकारी-संजय तिवारी, डीसी, रतनेश श्रीवास्तव, कम्प्यूटर आपरेटर, राजेश कुमार, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी (तकनीकी), कार्यक्रम अधिकारी-योगेन्द्र कुमार, प्रधान सहायक एवं विनित कुमार श्रीवास्तव, प्रधान सहायक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी- सुशील कुमार, वरिष्ठ सहायक, मो0 शोएब खां, वाहन चालक एवं जमशेद खां, चतुर्थ श्रेणी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी-मो0 नासिर अली, वरिष्ठ सहायक, अजीत कुमार निषाद, वरिष्ठ सहायक एवं सौरभ श्रीवास्तव, चतुर्थ श्रेणी, अनुपस्थित पाये गये।

उक्त के अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (एनआईसी), जिला विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, अधिशासी अभियन्ता ग्रमीण अभियन्त्रण विभाग, परियोजना अधिकारी डूडा, सहायक अभियन्ता लघु सिचाई, परियोजना अधिकारी नेडा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक निदेशक बचत, सहायक आयुक्त एवं जिला सहायक निबन्धक सहकारिता, अर्पित सिंह, सहायक अभियन्ता जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, लेखाकार समाज कल्याण, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, पंचास्थानी नगरीय निकाय कार्यालय (कोई भी कर्मचारी उपस्थित नहीं था) सभी अनुपस्थित पाये गये।

## मुहर्रम को लेकर सीओ ने जुलूस मार्गों का किया निरीक्षण

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** आगामी मुहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी एवं प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ कस्बे के विभिन्न ताजिया एवं जुलूस मार्गो का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस टीम शोहरतगढ़ थाने से निकलकर तिरंगा तिराहा, मुख्य मार्ग, पुलिस पिकेट, शहीद बुधई स्मारक मार्ग (रमजान गली), मस्जिद गली, गोलघर तथा डॉ. अंसारी गली समेत विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी। अधिकारियों ने जुलूस मार्गो की स्थिति, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा संबंधी तैयारियों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान संकरी गलियों में भी पुलिस की मौजूदगी बनी रही। निरीक्षण के समय जामा मस्जिद के सदर अल्ताफ हुसैन भी मौजूद रहे। उन्होंने मुहर्रम के आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं एवं नियमों की जानकारी अधिकारियों को दी।

## निर्माणाधीन मछली मंडी हादसे का डीएम-एसएसपी ने लिया जायजा, तीन सदस्यीय जांच टीम गठित

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के कस्बा तुलसियापुर में निर्माणाधीन मछली मंडी के गेट की शटरिंग गिरने से हुए हादसे के बाद जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।

जानकारी के अनुसार निर्माणाधीन मछली मंडी में गेट निर्माण कार्य के दौरान अचानक शटरिंग गिर गई, जिसकी चपेट में आकर वहां कार्यरत मजदूर घायल हो गए। हादसे में पांच मजदूर घायल हुए, जबकि एक मजदूर की दुःखद मृत्यु हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।

घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, हादसे के संभावित कारणों तथा राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने मामले की गहन जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के बाद दोनों अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे और भर्ती घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों से घायलों के उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की तथा बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने घायल मजदूरों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। प्रशासन का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व साइकिल दिवस पर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश, भव्य साइकिल रैली का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर बुधवार को सिद्धार्थनगर साइक्लिंग एसोसिएशन द्वारा जनपद में एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने तथा युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करना था। रैली को सदर नगर पालिका परिषद के सभासद और वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी मनोज सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली में खिलाड़ियों, युवाओं, खेल प्रेमियों एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति ने किया। सचिव धर्मेंद्र कुमार पाठक एवं कोषाध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव की उपस्थिति में कार्यक्रम का संचालन योग प्रमुख महेश कुमार ने किया।

रैली के समापन पर प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को संगठन के पदाधिकारियों द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति ने कहा कि साइकिल एक ऐसा साधन है जो व्यक्ति के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में जनपद के वरिष्ठ खिलाड़ी राजन सिंह, राजू पांडेय, धनंजय सिंह, नीरज श्रीवास्तव, कमलेन्द्र चौधरी, राजलक्ष्मी, लाले सहित जनपद के अनेक खेल प्रेमी, खिलाड़ी अनूप, प्रदीप, कमलेश सहित अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में कोषाध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम स्वास्थ्य जागरूकता, खेल संस्कृति और सामाजिक सहभागिता का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आयेगा ।

## विधायक विनय वर्मा ने उठाए भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण पर सवाल

**अवधनामा संवाददाता**

**5.56 करोड़ की मछली मंडी में बड़ा हादसा**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** मधवापुर में निर्माणाधीन मछली मंडी का गेट गिरने से एक मजदूर की मौत और कई श्रमिकों के घायल होने की घटना ने जिले में निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले को लेकर शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने जिला प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को पत्र भेजकर उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है।

विधायक ने कहा कि लगभग 5.56 करोड़ रुपये की लागत से बन रही मछली मंडी का विशाल गेट बिना किसी प्राकृतिक आपदा के अचानक ढह जाना निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं, भ्रष्टाचार और घटिया सामग्री के उपयोग की ओर संकेत करता है। उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से जिले की विभिन्न विकास परियोजनाओं में गुणवत्ता संबंधी शिकायतें उठाते रहे हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा उन्हें गंभीरता से नहीं लिया गया। विनय वर्मा ने आरोप लगाया कि हादसे के बाद करीब दो से ढाई घंटे तक जिला एवं तहसील प्रशासन का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। उन्होंने सवाल उठाया कि दुर्घटना के समय संबंधित प्रशासनिक अधिकारी कहां थे। विधायक का कहना है कि समय पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू न होने के कारण एक मजदूर की जान चली गई। उन्होंने घटना को प्रशासन की लापरवाही, अकर्मण्यता और संवेदनहीनता का उदाहरण बताते हुए कहा कि यदि सड़क निर्माण, कटानरोधी कार्य, सिंचाई परियोजनाओं और अन्य विकास कार्यो में कथित अनियमितताओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में भी ऐसे हादसे हो सकते हैं।

## नवजात शिशु के मृत्यु पर अस्पताल संचालक सहित चार पर मुकदमा दर्ज

**डीलवरी के दौरान नवजात शिशु की होई थी मौत परिजन ने लगाया आरोप**

**अवधनामा संवाददाता**




**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोटन कस्बे के प्राईवेट अस्पताल मे एक महिला की डीलेवरी के दौरान नवजात बालक की मौत का मामला प्रकाश में आया है । कोतवाली क्षेत्र के पचमा निवासी हरिश्चंद्र मौर्या पुत्र स्व अकाले ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि अपने बहू रुबी पत्नी सोहित की प्रसव कराने के लिए सरकारी अस्पताल में लाया था जहां डाक्टरों ने अल्ट्रासाउंड के लिए भेजा सब कुछ नार्मल होना बताया गया और वहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया ।हम प्रार्थी आशा बहू के बहकावे में आकर सदभावना हास्पिटल एंड फेक्चर क्लिनिक पर लाया जहां डाक्टरों द्वारा सही ढंग से प्रसव कराने के लिए कहा गया डाक्टर नजरुल हसन व पूजा जायसवाल के द्वारा मेरे बहू को प्रसव से पहले अल्ट्रासाउंड फिर से कराया गया । प्रसव से बच्चा पैदा कराते समय बच्चे की मौत हो गई । मौत की खबर एक घंटा बाद डाक्टर ने बताई ।लापरवाही करते हुए वहा पर जबरन प्रसव कराने की कोशिश किया गया उसी दौरान नवजात की जान चली गई।यह मामला सिर्फ एक नवजात शिशु का नही है बल्कि सीधे तौर पर मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने का है। सीएचसी अधीक्षक अमित कुमार चौधरी ने कहा कि मामला संज्ञान में है फोन द्वारा सुचना मिली थी नवजात शिशु की मौत हुई है जांच किया जा रहा है। रात में ही सूचना मिली थी सीएचसी से डा0आशीष यादव को रात में ही भेजा गया था वहां से महिला को सीएचसी लाया गया प्राथमिक उपचार के बाद महिला को पुनः मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर भेजा गया। थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने कहा कि नवजात शिशु के मौत प्रकरण में आशा बहू पुष्पा, डाक्टर नजरुल हसन, पूजा जायसवाल, सहित अस्पताल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच किया जा रहा है।

## तेज़ हवाओं के साथ हुई बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों को मिली राहत

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बुधवार को उस समय बड़ी राहत मिली, जब जलालपुर तहसील क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। मौसम के अचानक बदले मिजाज से जहां आम जनजीवन को राहत मिली, वहीं किसानों के चेहरों पर भी खुशी देखने को मिली।

दोपहर बाद आसमान में घने बादल छा गए और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से काफी राहत मिली। बाजारों, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर लोग मौसम के सुहावने होने का आनंद लेते नजर आए। कई दिनों से गर्मी के कारण घरों में कैद रहने वाले लोग भी राहत महसूस करते दिखाई दिए। बारिश के कारण सड़कों पर धूल कम हुई और वातावरण में ताजगी का एहसास हुआ। बच्चों ने भी बारिश का आनंद लिया, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में किसान इस बारिश को खेती के लिए बेहद लाभकारी बता रहे हैं। किसानों का कहना है कि समय पर हुई यह वर्षा खरीफ फसलों की तैयारी के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। खेतों में नमी बढ़ने से जुताई और बुवाई कार्य में आसानी होगी तथा धान सहित अन्य फसलों के लिए यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं है।

क्षेत्र के बुजुर्गों और कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि जून माह के प्रारंभ में होने वाली ऐसी वर्षा मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के साथ-साथ भूजल स्तर को भी सुधारने में सहायक होती है। इससे पशुओं और पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों को भी राहत मिलने की उम्मीद बढ़ जाती है। हालांकि कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के कारण पेड़ों की शाखाएं टूटने और बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की भी सूचनाएं मिलीं, लेकिन अधिकांश लोगों ने बारिश का स्वागत करते हुए इसे मौसम की बड़ी राहत बताया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पिछले कई दिनों से पड़ रही चिलचिलाती धूप और उमस ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया था, लेकिन बुधवार की बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया।

## जलजीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने का कार्य बना आम जनमानस के लिए मुसीबत

**आलापुर, अंबेडकरनगर।** नगर पंचायत जहांगीरगंज के वार्ड संख्या-16 में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन गया है। ठेकेदार द्वारा हाल ही में बनी लाखों रुपये की सड़क को खोदने के बाद उसकी मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है और स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पाइपलाइन डालने के लिए सड़क खोदने के दौरान निकला मलबा नालियों में भर गया है। इसके चलते नालियां जाम हो गई हैं और घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। बरसात का मौसम नजदीक होने के कारण लोगों की चिंता और बढ़ गई है। बताया जाता है कि संबंधित सड़क का निर्माण कुछ समय पूर्व ही लाखों रुपये की लागत से कराया गया था। सड़क खोदने के बाद उसे पूर्व स्थिति में बहाल करने के सरकारी निर्देश हैं।

## ग्राम प्रधानों ने पूर्व विधायक का सम्मान कर मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में बुधवार को आयोजित सम्मान समारोह में ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने को लेकर पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री योगी के प्रति आभार व्यक्त किया।

डुमरियागंज के प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विकास की कड़ी में ग्राम पंचायतों से संबंधित ग्राम प्रधान अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए शासन की योजनाओं की क्रियान्वयन में महती भूमिका निभाते हैं। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डुमरियागंज नरेंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि सभी को मिलकर गांवों की विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने कहा कि प्रशासक के रूप में ग्राम प्रधानों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है, ऐसे में ग्राम पंचायतों के विकास की दिशा में पूरी तन्मयता से काम करना होगा। इस दौरान प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष लवकुश ओझा, भारतभारी चेयरमैन चंद्र प्रकाश चौधरी, मधुसूदन अग्रहरि, अमरेंद्र त्रिपाठी, राकेश द्विवेदी, केशभान चौधरी, पप्पू पाण्डेय, अजीत उपाध्याय, विष्णु श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, अवधेश कुमार, नारायण स्वरूप पाठक आदि मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफतार

**लोटन सिद्धार्थनगर।** चौकी क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि मेरी नाबालिग बच्ची के साथ एक बालक द्वारा दुष्कर्म किया गया है।पुलिस द्वारा रविवार को बाल अपचारी के तहत पकड़ कर बालक का चालान किया गया। पीड़िता की मॉ ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि मेरी बच्ची के साथ तीस मई को दुष्कर्म किया गया है तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराई थी।थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता एवं पाक्सो एक्ट की गम्भीर धारा दर्ज कर लिया गया था टीम गठित कर खोजा जा रहा था मु0अ0सं0 45/2026 में नामजद 01 बाल अपचारी को बुधवार को चिउरहिया मोड़ के पास लोटन पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। गिरफ्तार कर किशोर न्याय बोर्ड (जे जे बी) के सामने पेश किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर घटना से संबंधित बाल अपचारी को चिउरहिया मोड़ के पास से भारतीय न्याय संहिता धारा, 64(2)(एम), 351(3) बी एन एस पाक्सो एक्ट धारा 5/6 के तहत अभिरक्षा में लिया गया।हे0का0 बुद्धेश कुमार,का0प्रमेन्द्र यादव,का0विशाल कुमार रावत आदि रहे।

## कपिसा से कनसरा तक बनेगी डामर सड़क विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**गोण्डा।** मेहनौन विधायक ने बताया है। 1100 मीटर डामर सड़क का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों को बताया कि यह सड़क के बनने से आगे मनोरमा नदी, जिसका उद्गम स्थल तिरसर मनोरमा से होकर मकौड़ा तक गया है। उस पर पुल का भी निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क और पुल के निर्माण से प्रतिदिन आवागमन करने वाले लगभग 2000 लोगों को लाभ मिलेगा। जब यह सड़क कपिसा से कसड़ा तक बन जाएगी तो कई स्थानों पर जाने के लिए लोगों को काफी शॉर्टकट रास्ता मिल जाएगा और समय की भी बचत होगी। तथा गांव के लोगों के लिए यह दिन काफी उत्साहपूर्ण रहा। विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने पैदल चलकर मनोरमा नदी के पुल स्थल तक पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं बताई, जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही सड़क का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से क्षेत्र की जनता को बड़ा लाभ मिलेगा। शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर चंद्रमोली मिश्रा वा अन्य लोगों द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई तथा प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधि और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## लोक अदालत में रिक्त सदस्य पदों हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित

**सिद्धार्थनगर।** स्थायी लोक अदालत, जनपद सिद्धार्थनगर, उप्र में सदस्य के पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदक को जनोपयोगी सेवाओं के क्षेत्र में पर्याप्त अनुभव होना चाहिए, जैसे-वायु, सड़क अथवा जलमार्ग द्वारा यात्रियों या माल के परिवहन संबंधी सेवाएं, डाक, तार अथवा दूरभाष सेवाएं, किसी संस्थान द्वारा जनता को विद्युत, प्रकाश अथवा जल आपूर्ति संबंधी सेवाएं: सार्वजनिक स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था संबंधी सेवाएं, अस्पताल अथवा औषधालय की सेवाएं: बीमा सेवाएं। पदों की संख्या: 2 है। जिन्हें मानदेय/देयक रू प्रति बैठक रू0 2,000/- की बैठक शुल्क तथा रू0 5,000 /- प्रतिमाह यात्रा भत्ता देय होगा। सदस्य का कार्यकाल 5 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक, जो भी पहले हो, रहेगा। आवेदक को आवेदन पत्र के साथ दो नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटो एवं दो स्व-पता लिखित एवं डाक टिकट लगे हुए लिफाफे संलग्न करना अनिवार्य होगा।

## बारात के बीच में घुसा ई रिक्शा दो बाराती गंभीर रूप से घायल

**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** कोतवाली जलालपुर क्षेत्र के मोहल्ला बाजिदपुर में आयोजित एक वैवाहिक समारोह के दौरान मंगलवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। द्वार पूजा कार्यक्रम के समय एक अनियंत्रित ई-रिक्शा बारातियों के बीच घुस गया, जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद समारोह स्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वंशराज पुत्र पोरई निवासी ग्राम ताजुपुर थाना सम्मनपुर तथा राधेश्याम पुत्र पन्नू निवासी ग्राम हाजीपुर थाना कोतवाली जलालपुर एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मोहल्ला बाजिदपुर आए थे। बताया जाता है कि रात करीब 10 बजे द्वार पूजा की रस्म चल रही थी और बड़ी संख्या में बाराती मौजूद थे। इसी दौरान एक ई-रिक्शा अचानक पटरी की ओर से तेज गति में आया और कई लोगों को टक्कर मारते हुए निकल गया।

हादसे में वंशराज और राधेश्याम को गंभीर चोटें आईं, जबकि कुछ अन्य लोगों को भी हल्की चोटें पहुंचने की सूचना है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायलों को निजी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उनका उपचार कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों घायलों को गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज जारी है। घटना से आक्रोशित परिजन और ग्रामीण बुधवार सुबह कोतवाली जलालपुर पहुंचे तथा लिखित तहरीर देकर ई-रिक्शा चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ, जिससे दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह यादव ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर ई-रिक्शा चालक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## डीएलए पर अनियमितता और धन मांगने का आरोप, जिलाधिकारी से शिकायत

**गोण्डा।** जनपद में मेडिकल लाइसें जारी करने की प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। यूथ फार्मासिस्ट फाउंडेशन के अध्यक्ष रोहित मिश्रा की ओर से जिलाधिकारी को प्रेषित शिकायती पत्र में डीएलए पर अनुज्ञा आवेदन के निस्तारण में अनियमितता एवं कथित धन मांगने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता आलोक यादव ने बताया कि उन्होंने अपने प्रतिष्ठान मां शांति मेडिकल स्टोर के लिए औषधि अनुज्ञा प्राप्त करने के लिये 8 अप्रैल को ऑनलाइन आवेदन किया था। आरोप है कि 22 अप्रैल को आवेदन में संशोधन के लिए वापस किया गया, जबकि संशोधन की निर्धारित अवधि 60 दिन थी। शिकायत के अनुसार 22 मई को संशोधित आवेदन जमा करने के बावजूद 27 मई को यह कहते हुए पुनः अस्वीकृत कर दिया गया कि आवेदन संशोधन अवधि के बाद जमा किया गया है। पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि कार्यालय के एक नोटिस नंबर पर संपर्क करने के बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा 30 हजार रुपये की मांग की गई।

## दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का परिवहन विभाग द्वारा किया गया निरीक्षण, सुरक्षा उपायों को लेकर किया गया मूल्यांकन

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** सड़क सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से एआरटीओ (प्रशासन/प्रवर्तन) गोण्डा के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम द्वारा जनपद के दुर्घटना बाहुल्य एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बरदही बाजार एवं बरगदी मोड़, कर्नलगंज स्थित प्रमुख ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों का गहन मूल्यांकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने सड़क की भौतिक स्थिति, यातायात दबाव, मोड़ों की संरचना, संकेतक बोर्डो की उपलब्धता, सड़क चिन्हांकन, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही स्थानीय नागरिकों एवं वाहन चालकों से संवाद कर दुर्घटनाओं के संभावित कारणों और आवश्यक सुधारात्मक उपायों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। एआरटीओ ने बताया कि बरदही बाजार एवं बरगदी मोड़ ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ यातायात का दबाव अपेक्षाकृत अधिक रहता है तथा पूर्व में भी सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आई हैं। ऐसे स्थानों की पहचान कर उनका तकनीकी परीक्षण कराया जा रहा है, ताकि दुर्घटनाओं के कारणों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान प्राप्त तथ्यों एवं सुझावों के आधार पर एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा, जिसे राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) लखनऊ डिवीजन के अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाएगा। परिवहन विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के समन्वय से आवश्यक सुरक्षा उपायों, चेतावनी संकेतकों की स्थापना, सड़क सुधार कार्यो तथा अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं को लागू करने की कार्यवाही की जाएगी।

भारतीय ने कहा कि सड़क सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा जनपद में दुर्घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा सड़क पर सतर्कता बरतने की अपील की।

## टीएमसी में घबराहट

बंगाल का चुनाव हारने के बाद से टीएमसी मुशकिलों में है। पार्टी के सदस्यों में भगदड़ मची हुई है। ममता ने कार्यकर्ताओं की मीटिंग बुलाई तो 80 में से 20 सदस्य ही पहुचे। ममता वैसे जुझरू नेता है लड़ाई लड़ रही है। दिलचस्प होगा देखना क्या नतीजा निकलता है। ममता ने बंगाल में 34 साल से काबिज कम्युनिस्ट शासन को अन्दोलन करके भगा दिया था। पर अब सत्ता से दूर है परेशानियां बढ़ती जा रही है। अनुयायी भाग रहे है। ममता अपने भतीजे को आगे बढ़ाना चाहती है। पर इन परेशानियों से निकल पायेगी तभी भतीजे को आगे बढ़ा सकेगी। ममता 15 साल से विपक्ष में है। अब अन्दोलनों का सहारा ले रही है। मौजूदा चुनाव को लेकर वह सड़क पर उतर कर अन्दोलन कर रही है। भाजपा पर चुनावी गड़बड़ी का आरोप लगा रही है। वह लड़ते हुये दिखा कर कार्यकर्ताओं के हताशा को दूर करना चाहती है जो कि अहम है। टीएमसी की स्थापना 1998 में हुई थी ऐसी मुशकिलाहट शायद वह पहली बार झेल रही है। दो सदस्यों को पार्टी विरोधी गतिविधियों के खिलाफ पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इन दोनो विधायकों ने फर्जी हस्ताक्षर की शिकायत की थी। अगर सही पाई जाती है तो मुशकिल और बढ़ेगी।

इस बीच विधायक रीतू दत्ता ने दावा किया है कि 50 विधायक टूट कर पार्टी सिम्बल का दावा कर सकते है। देखने में आ रहा है पार्टी के हार के बाद कार्यकर्ताओं और नेताओं को एक जुट रखना मुशकिल होता जा रहा है। तामिलनाडु से एसाईएडीएमके में भी बगावत की खबरे है। बंगाल सत्ताधारी पार्टी का पूरी व्यवस्था पर कब्जा रहता है। इससे विपक्ष में कोई गुन्जाइश नहीं दिखती है। अब यहां भाजपा भी इसी परेशानी से जूझ रही है। अजब है सत्ता का खेल। चाहे शासन में रहे या विपक्ष में खेल पुराना ही चलता है। राजनीतिक हिंसा एक बड़ा मुद्दा होती है। क्योंकि इससे निचले स्तर के नेताओं में डर पैदा हो जाता है वो पार्टी का कार्यक्रम भूल जाते है। जिन लोगों ने 2011 का संघर्ष नहीं देखा उन्हें समायोजित करना मुश्किल होता है। बगावत करने वालों को निशाने पर लेकर ममता सन्देश देना चाहती है। देखना होगा इसका क्या असर होगा। ममता भतीजे को लेकर कुछ एक पक्षीय निर्णय ही लेती है पर उम्र का असर भतीजे का मोह उनकी चमक फीकी कर रहे है।

भावुकता अंगूर लतासे, खींच कल्पना की हाला
कवि साक़ी बन कर आया है

## ‘डिजिटल आक्रामकता के जाल में फंसा बचपन’



दिलीप पाठक

आजकल घरों में शाम के वक्त एक खामोश नजारा दिखाई देता है। पूरा परिवार एक ही कमरे में, एक ही सोफे पर साथ बैठा होता है, लेकिन आपस में कोई बातचीत नहीं होती। सब के सब चुपचाप अपने-अपने मोबाइल की स्क्रीन में खोए रहते हैं। माता-पिता भी इस बात से बड़े खुश और बेफिक्र रहते हैं कि उनका बच्चा बाहर धूप या धूल-मिट्टी में नहीं घूम रहा है, बल्कि घर के अंदर आराम से सुरक्षित बैठा है। लेकिन क्या कभी हमने ठंडे दिमाग से बैठकर यह सोचने की कोशिश की है कि स्क्रीन में अपनी आंखें गड़ाए बैठा हमारा यह मासूम बच्चा अंदर ही अंदर किस मानसिक दौर से गुजर रहा है? कहीं उसके नन्हें दिमाग पर नकारात्मक असर तो नहीं हो रहा?

हर साल 4 जून को पूरी दुनिया में ‘आक्रामकता के शिकार मासूम बच्चों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस’ मनाया जाता है। पुराने जमाने में जब इस दिन की चर्चा होती थी, तो बच्चों पर अत्याचार का सीधा सा मतलब लड़ाई-झगड़े, युद्ध, दंगे या फिर फैक्ट्रियों में होने वाली बाल-मजूदरी से लगाया जाता था। लेकिन आज के इस आधुनिक और डिजिटल युग में मासूमों के खिलाफ होने वाली हिंसा का पूरा चेहरा ही बदल चुका है। अब यह आक्रामकता सड़क पर शोर नहीं मचाती। अब यह हिंसा बिना किसी आवाज के, इंटरनेट के महीन रास्तों से रेंगती हुई सीधे हमारे घरों के भीतर और हमारे बच्चों के दिमाग पर सीधा हमला कर रही है। ज़रा रुककर गंभीरता से सोचिए। आपका बच्चा आपके ठीक सामने बैठा हो सकता है, लेकिन मुमकिन है कि ठीक उसी वक्त उसका कोमल मन किसी बहुत गहरे तनाव या डर में डूब रहा हो। ऑनलाइन गेम खेलते समय किसी अनजान शख्स द्वारा दी गई गंदी गालियां, सोशल मीडिया पर दोस्तों द्वारा उड़ाया गया उसका कोई भद्दा मजाक, या फिर इंटरनेट के समंदर में छिपे किसी अपराधी की गंदी नजर। यह डिजिटल आक्रामकता ऐसी होती है जो बाहर से शरीर पर दिखाई नहीं देती, इसलिए इसके ज़ख्म और भी ज्यादा गहरे होते हैं। यह अदृश्य हमला बच्चे के आत्मविश्वास को भीतर ही भीतर खोखला कर देता है। सबसे ज्यादा डरावना तो यह है कि इंटरनेट के इस गंदे खेल में कोई तीसरा देखने वाला गवाह नहीं होता, सिवाय उस एक सहमे हुए और अकेले पड़ चुके बच्चे के।

वैश्विक संस्था यूनिसेफ की एक हालिया रिपोर्ट साफ कहती है कि दुनिया में इंटरनेट इस्तेमाल करने वाला हर तीसरा इंसान असल में एक बच्चा है। और इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से एक बहुत बड़ी आबादी ऑनलाइन किसी न किसी रूप में मानसिक या भावनात्मक प्रताड़ना का शिकार होती है। हम अपनी व्यस्त जिंदगी में बच्चों को रोने से रोकने या उन्हें शांत बैठाने के लिए खिलौने की जगह मोबाइल थमा देते हैं। यह ‘डिजिटल झुनझुना’ शुरू-शुरू में तो हमें बड़ी राहत देता है, लेकिन धीरे-धीरे यही मोबाइल बच्चे और माता-पिता के बीच बातचीत का रास्ता हमेशा के लिए बंद कर देता है। जब बच्चा इंटरनेट की किसी बड़ी मुसीबत या ब्लैकमेलिंग में फंसता है, तो वह लोक-लाज और डर के मारे अपने मम्मी-पापा को कुछ नहीं बता पाता। वह अंदर ही अंदर घुटता रहता है, उसका स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है और वह खुद को एक अंधेरे कमरे में बंद कर लेता है। अब वह समय आ गया है जब हमें इस बढ़ते हुए खतरे को गहराई से समझना होगा। यह कोई ऐसी सामाजिक समस्या नहीं है जो केवल पुलिस की मुस्तैदी या सरकार के कड़े कानून बना देने भर से ठीक हो जाएगी। इस बीमारी के इलाज की शुरुआत हमारे अपने घर के भीतर से ही होगी। बच्चों को महंगे स्मार्टफोन या गैजेट्स लाकर देने से कहीं ज्यादा जरूरी है उन्हें अपना कीमती वक्त देना। अपने बच्चों के बदलते हुए बर्ताव पर हमेशा नजर रखिए। अगर आपका हंसता-खेलता बच्चा अचानक गुमसुम रहने लगा है, बात-बात पर गुस्सा कर रहा है या आपसे अपना फोन छिपाने लगा है, तो उसे डांटने या मारने की गलती बिल्कुल मत कीजिए। उसके पास बैठिए, प्यार से हाथ थामिए, उससे खुलकर बातें कीजिए और उसे यह भरोसा दिलाइए कि दुनिया की चाहे जो भी मुसीबत हो, उसके मम्मी-पापा हमेशा उसके साथ खड़े हैं। इस देश के बचपन को सुरक्षित और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। आइए, इस डिजिटल दौर में अपने बच्चों के सबसे अच्छे और सच्चे दोस्त बनें। उनके हाथ से कुछ देर के लिए फोन छीनकर उन्हें पास के मैदान में खेलने के लिए भेजें, रात को सोने से पहले उनसे गप्पें मारें और उन्हें खुलकर हंसने का असली मौका दें। जब तक हम उनके लिए घर में एक सुरक्षित और भरोसेमंद माहौल नहीं बनाएंगे, तब तक स्क्रीन के पीछे का यह रोना कभी बंद नहीं होगा। हमारे देश का उज्ज्वल भविष्य मोबाइल की इस छोटी सी स्क्रीन में घुट-घुट कर जीने के लिए नहीं, बल्कि खुले आसमान के नीचे खुलकर जिंदगी जीने के लिए है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए ‘अवधनामा’ जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**सरकारी रिपोर्टों के अनुसार देश में लाखों युवा किसी न किसी प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन के आदी हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा कराए गए एक व्यापक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया था कि करोड़ों भारतीय तंबाकू, शराब और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं तथा उनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। चिंता की बात यह है कि स्कूल और कॉलेज स्तर तक नशे की पहुंच बढ़ रही है। अनेक राज्यों में ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां किशोरों को ड्रग्स के वितरण और तस्करी में इस्तेमाल किया गया। नशे के बढ़ते संकट का एक राष्ट्रीय सुरक्षा पक्ष भी है।**

# नशाः राष्ट्र की जड़ों को खोखला करने वाली चुनौती



ललित गर्ग

भारत आज विश्व की सबसे युवा आबादी वाले देशों में अग्रणी है। देश की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। यह युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी सामर्थ्य, सबसे बड़ी पूंजी और उज्वल भविष्य की आधारशिला है। विज्ञान, तकनीक, उद्योग, शिक्षा, खेल और नवाचार के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों के पीछे इसी युवा शक्ति का योगदान है। किंतु विडंबना यह है कि आज यही युवा वर्ग नशे के बढ़ते जाल में फंसता जा रहा है। नशा अब केवल व्यक्तिगत कमजोरी या स्वास्थ्य संबंधी समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता, आर्थिक विकास और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। देश के विभिन्न भागों में समय-समय पर करोड़ों और अरबों रुपये मूल्य के मादक पदार्थों की बरामदगी यह प्रमाणित करती है कि नशे का कारोबार संगठित अपराध का एक विशाल अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क बन चुका है। विशेष रूप से पंजाब, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात तथा पूर्वोत्तर राज्यों में सीमापार से होने वाली तस्करी ने स्थिति को और अधिक गंभीर बना दिया है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लगातार हेरोइन, अफीम, चरस, कोकीन तथा सिंथेटिक ड्रग्स की बड़ी खेपों को पकड़ा जाना इस बात का संकेत है कि भारत को नशे के बड़े बाजार के रूप में देखा जा रहा है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो तथा विभिन्न सरकारी रिपोर्टों के अनुसार देश में लाखों युवा किसी न किसी प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन के आदी हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा कराए गए एक व्यापक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया था कि करोड़ों भारतीय तंबाकू, शराब और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं तथा उनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। चिंता की बात यह है कि स्कूल और कॉलेज स्तर तक नशे की पहुंच बढ़ रही है। अनेक राज्यों में ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां किशोरों को ड्रग्स के वितरण और तस्करी में इस्तेमाल किया गया। नशे के बढ़ते संकट का एक राष्ट्रीय सुरक्षा पक्ष भी है। अनेक सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान प्रत्यक्ष युद्ध में लगातार असफल होने के बाद भारत को अस्थिर करने के लिए आतंकवाद, नकली मुद्रा और नशे की तस्करी जैसे छद्म युद्ध के हथियारों का उपयोग करता रहा है। पंजाब में लंबे समय से सीमा पार से ड्रोन और अन्य माध्यमों द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के मामले सामने आते रहे हैं। अब जम्मू-कश्मीर में भी नशे के बढ़ते प्रभाव को इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जा रहा है। आतंकवाद की कम होती गतिविधियों के बीच नशे का फैलाव एक नए खतरे के रूप में उभर रहा है, जिसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को कमजोर करना और समाज की ऊर्जा को नष्ट करना है।



इसी संदर्भ में जम्मू-कश्मीर में प्रारंभ किया गया ‘नशामुक्त जम्मू-कश्मीर’ अभियान महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व में चल रहा यह अभियान प्रशासनिक कार्रवाई के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता पर भी बल देता है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों, धार्मिक समूहों तथा आम नागरिकों को जोड़ने का प्रयास किया गया है। कुलगाम सहित कई क्षेत्रों में विभिन्न समुदायों द्वारा इस अभियान को समर्थन दिया जाना इस बात का संकेत है कि नशे जैसी समस्या का समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। वास्तव में नशे का सबसे दुखद और भयावह प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ता है। युवा जीवन ऊर्जा, सृजन और सपनों का प्रतीक होता है, किंतु नशा इन सभी संभावनाओं को नष्ट कर देता है। एक बार नशे की गिरफ्त में आने के बाद व्यक्ति धीरे-धीरे अपनी शारीरिक क्षमता, मानसिक संतुलन, आर्थिक स्थिति और सामाजिक प्रतिष्ठा खोने लगता है। उसका आत्मविश्वास कमजोर पड़ जाता है और वह अवसाद, तनाव तथा अपराध की दुनिया की ओर बढ़ सकता है। यही कारण है कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, पूरे परिवार को प्रभावित करता है। परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ती है, पारिवारिक संबंध टूटते हैं और सामाजिक जीवन में अस्थिरता बढ़ती है।

नशे के विस्तार के पीछे केवल तस्करी जिम्मेदार नहीं है। इसके सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक कारण भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। बेरोजगारी, भविष्य की अनिश्चितता, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, पारिवारिक तनाव, सामाजिक विघटन, अकेलापन, मानसिक अवसाद और गलत संगति युवाओं को नशे की ओर धकेलती है। आधुनिक उपभोक्तावादी संस्कृति ने भी कृत्रिम सुख और त्वरित आनंद की मानसिकता को बढ़ावा दिया है। जब जीवन में लक्ष्य, दिशा और सकारात्मक प्रेरणा का अभाव होता है, तब व्यक्ति नशे जैसे विनाशकारी विकल्पों की ओर आकर्षित हो सकता है। नशे और अपराध का संबंध भी अत्यंत गहरा है। अनेक अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि चोरी, लूट, हिंसा, सड़क दुर्घटनाओं और अन्य अपराधों के पीछे नशे की भूमिका बढ़ती जा रही है। नशे की डोज प्राप्त करने के लिए युवा अपराध की राह पर उतर जाते हैं। इससे कानून-व्यवस्था प्रभावित होती है और समाज में असुरक्षा का वातावरण बनता है। सरकारें इस चुनौती से निपटने के लिए अनेक स्तरों पर प्रयास कर रही हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, राष्ट्रीय जांच एजेंसी, सीमा सुरक्षा बल तथा राज्य पुलिस की संयुक्त कार्रवाइयों से कई बड़े ड्रग नेटवर्क ध्वस्त किए गए हैं। पंजाब, राजस्थान, गुजरात और जम्मू-कश्मीर में विशेष अभियान चलाकर तस्करों पर शिकंजा कसा गया है।

इस संदर्भ में सामाजिक और आध्यात्मिक आंदोलनों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाती है। कानून भय पैदा कर सकता है, लेकिन जीवन में सकारात्मक परिवर्तन केवल जागरूकता और आत्मानुशासन से ही आता है। आचार्य तुलसी ने अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से नशामुक्ति को एक व्यापक सामाजिक अभियान का स्वरूप दिया था। उन्होंने संयम, सदाचार और आत्मनियंत्रण के आधार पर लाखों लोगों को व्यसनमुक्त जीवन की प्रेरणा दी। अनेक क्षेत्रों में उनके अभियान ने उल्लेखनीय परिणाम दिए। आचार्य महाश्रमण ने भी अपनी ऐतिहासिक अहिंसा यात्रा के दौरान भारत और पड़ोसी देशों में लाखों लोगों को नशा त्यागने की प्रेरणा दी। उनकी पदयात्राओं का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य समाज में नैतिक चेतना जगाना और युवाओं को व्यसनमुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना रहा। हजारों किलोमीटर की यात्राओं में उन्होंने गांव-गांव और शहर-शहर जाकर लोगों को यह संदेश दिया कि नशामुक्ति केवल स्वास्थ्य की सुरक्षा नहीं, बल्कि आत्मविकास, पारिवारिक सुख और राष्ट्र निर्माण का आधार है।

# क्षणिक स्वार्थ : एक आवश्यक वैचारिक बदलाव की आवश्यकता

**मेरा ऐसा मानना है कि इस जटिल समस्या का समाधान केवल कड़े कानून बनाने या नए जुर्माने तय करने से नहीं होगा। इसके लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। व्यक्तिगत आचरण में सुधार, व्यापक सामाजिक जागरूकता, प्राथमिक स्तर से ही मूल्यों पर आधारित शिक्षा और बिना किसी भेदभाव के त्वरित व प्रभावी दंड व्यवस्था। जब तक हम यह आत्मसात नहीं करेंगे कि हमारी एक छोटी सी लापरवाही समाज, पर्यावरण और हमारी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है।**



प्रो. मनमोहन प्रकाश

मनुष्य को पृथ्वी का सबसे बुद्धिमान और विवेकशील प्राणी माना जाता है। उसके पास सही और गलत, सत्य और असत्य, न्याय और अन्याय में अंतर करने की अद्भुत क्षमता है। हमारा अनुभव, शिक्षा, सामाजिक मूल्य और कानून इस विवेक को और निखारते हैं। इसके बावजूद, एक कड़वा और विचित्र सच यह है कि हममें से अधिकांश लोग अनेक गंभीर गलतियाँ जानबूझकर करते हैं। हम भली-भांति जानते हैं कि हमारा आचरण अनुचित है और इसके परिणाम आत्मघाती हो सकते हैं, फिर भी हम उन्हें बार-बार दोहराते हैं। आज के मशीनी और उपभोक्तावादी युग में यह केवल भारतीय समाज की समस्या नहीं है, बल्कि संपूर्ण वैश्विक मानव समाज की एक सहज प्रवृत्ति बन चुकी है। हाँ, भारत जैसे विशाल, घनी आबादी और सांस्कृतिक विविधताओं वाले देश में यह समस्या अधिक मुखर और स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उदाहरण के लिए, हम सब जानते हैं कि ध्वनि प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए कितना हानिकारक है। तेज हॉर्न, अनियंत्रित डीजे और लाउडस्पीकर का शोर बच्चों, वृद्धों, रोगियों और बेजुबान जानवरों को असहनीय पीड़ा देता है, साथ ही विद्यार्थियों की एकाग्रता को भंग करता है। इसके बावजूद, विवाह, धार्मिक आयोजनों और राजनीतिक रैलियों में हम ध्वनि की गरिमा और कानूनी मर्यादा को ताक पर रख देते हैं।

यही स्थिति पर्यावरण को लेकर भी है। सड़कों पर कूड़ा फेंकना, नदियों, तालाबों और पूजनीय जलाशयों में प्लास्टिक, रासायनिक अपशिष्ट और यहाँ तक कि पूजा-सामग्री बहा देना हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है। हम जानते हैं कि भूजल, कोयला और पेट्रोलियम जैसे प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं, फिर भी हम उनका बेरहमी से दोहन करते हैं। ग्लोबल वार्मिंग (वैश्विक तापन) और जलवायु परिवर्तन के खतरों को रोज महसूस करने के बाद भी ‘विकास’ के मुखौटे के पीछे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई जारी है, और समाज में इसके प्रति कोई सामूहिक पश्चाताप नहीं दिखता।

यातायात नियमों की स्थिति तो और भी चिंताजनक है। लाल बत्ती (रेड लाइट) पार करना, हेलमेट न लगाना, सीट बेल्ट से परहेज करना और ‘रॉन्ग साइड’ (गलत दिशा) में वाहन दौड़ाना, वाहन चलाते मोबाइल का उपयोग करना आदि को बहादुरी का प्रतीक मान लिया जाता है। प्रदूषण फैलाते वाहनों से पर्यावरण को बीमार करने में हमें कोई झिझक नहीं होती। त्रासदी यह है कि जब इन गलतियों के कारण कोई दुर्घटना होती है, तो हम अपनी जिम्मेदारी लेने के बजाय तुरंत व्यवस्था,



प्रशासन या सड़कों को दोष देकर पल्ला झाड़ लेते हैं।


यही प्रवृति हमारे सामाजिक और नैतिक जीवन में भी दिखती है। झूठ बोलना, अनुचित लाभ उठाना, भ्रष्टाचार, कर चोरी (टैक्स चोरी), सार्वजनिक विमर्श में अभद्र भाषा का प्रयोग और धोखाधड़ी जैसे कृत्य अब समाज में सामान्य माने जाने लगे हैं। सवाल यह उठता है कि जब हमारी चेतना यह मानती है कि यह सब गलत है, तो फिर हमारा व्यवहार इसके ठीक उलट क्यों होता है?

मनोविज्ञानी और समाजशास्त्री इसके पीछे चार मुख्य कारण मानते हैं: पहला, तात्कालिक लाभ की प्रवृत्ति मनुष्य का दिमाग दूरगामी नुकसान की तुलना में तत्काल मिलने वाले छोटे से लाभ को अधिक महत्व देता है। जैसे लाल बत्ती तोड़कर दो मिनट बचा लेने का ‘तात्कालिक लाभ’ उसे संभावित दुर्घटना के ‘दूरगामी खतरे’ से अधिक आकर्षक लगता है। पेड़ बेचकर तुरंत मिलने वाला पैसा, भविष्य के पर्यावरणीय संकट पर भारी पड़ जाता है। दूसरा, सामूहिक अनुकरण जब लोग देखते हैं कि समाज में बहुसंख्यक लोग नियमों को तोड़ रहे हैं और उन्हें कोई टोकने वाला नहीं है, तो वे भी उसी राह पर चल पड़ते हैं। धीरे-धीरे यह सामूहिक अनाचार सामाजिक स्वीकृति पा लेता है। जैसे कचरा फेंकने वाला हर व्यक्ति यही सोचता है कि ‘जब पूरी सड़क ही गंदी है, तो मेरे एक रैपर फेंकने से क्या फर्क पड़ जाएगा? ‘तीसरा,दंड के भय का अभाव। जिन देशों में कानून का शासन कठोर और निष्पक्ष होता है, वहाँ नागरिक चाहकर भी नियम तोड़ने का साहस नहीं करते। इसके विपरीत, जहाँ लचर कानून व्यवस्था या ‘प्रभाव’ के दम पर बच निकलने का रास्ता खुला हो, वहाँ अपराधियों और नियम तोड़ने वालों का साहस बढ़ जाता है। चौथा, नैतिक शिक्षा और नागरिक बोध की कमी। जब हमारी शिक्षा व्यवस्था केवल उपाधियाँ (डिग्रियां) बांटने और रोजगार सुरक्षित करने का माध्यम बनकर रह जाती है, तो चरित्र निर्माण का मुख्य उद्देश्य पीछे छूट जाता है। ऐसे में हम साक्षर और तकनीकी रूप से सक्षम लोग तो तैयार कर लेते हैं, लेकिन एक जिम्मेदार ‘नागरिक’ गढ़ने में असफल हो जाते हैं।

भारतीय दर्शन में इस मानवीय भटकाव का उत्तर बहुत पहले दे दिया गया था। हमारे मनीषियों ने काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार (षड्रिपु) को तमाम गलतियों का मूल कारण बताया है। आधुनिक मनोविज्ञान भी इस बात की पुष्टि करता है कि आत्म-नियंत्रण की कमी और अनियंत्रित स्वार्थ ही मनुष्य से गलत निर्णय करवाते हैं। मेरा ऐसा मानना है कि इस जटिल समस्या का समाधान केवल कड़े कानून बनाने या नए जुर्माने तय करने से नहीं होगा। इसके लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। व्यक्तिगत आचरण में सुधार, व्यापक सामाजिक जागरूकता, प्राथमिक स्तर से ही मूल्यों पर आधारित शिक्षा और बिना किसी भेदभाव के त्वरित व प्रभावी दंड व्यवस्था।जब तक हम यह आत्मसात नहीं करेंगे कि हमारी एक छोटी सी लापरवाही समाज, पर्यावरण और हमारी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है, तब तक कोई सकारात्मक बदलाव संभव नहीं है। वास्तव में, यक्ष प्रश्न यह नहीं है कि हम अनजाने में गलतियाँ क्यों करते हैं; प्रश्न तो यह है कि ‘सही क्या है’—यह भली-भांति जानते हुए भी गलत करने का दुस्साहस हमारे भीतर कहाँ से आता है? जिस दिन हमारा आत्म-विवेक, हमारे क्षणिक स्वार्थ पर विजय प्राप्त कर लेगा, ठीक उसी दिन से एक स्वस्थ, समृद्ध और सभ्य समाज का पुनर्जन्म होगा।

# विश्व शांति के लिये सबसे बड़ा ख़तरा है इस्राईल

**ईरान के किसी भी धर्मगुरु या नेता ने आज तक परमाणु बम बनाने की बात भी नहीं की है। परन्तु इराक़ में सद्दाम हुसैन की तर्ज़ पर ईरान को भी केवल मीडिया प्रोपेगंडा कर बार बार खलनायक प्रमाणित करने की कोशिश की जाती रही है। दरअसल इसकी एक वजह यह भी है कि अमेरिकी-इस्राईली प्रभाव वाले ईरानी शासक मोहम्मद रज़ा शाह पहलवी ने तो 1948 में इस्राइल को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता तो दी थी परन्तु 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद ईरान ने इस्राइल की मान्यता भी समाप्त कर दी साथ ही उसे ‘सियोनवादी शासन’ भी घोषित कर दिया।**



तनवीर जाफ़री

दशकों से वैश्विक स्तर पर ईरान को एक खलनायक राष्ट्र के रूप में पेश करने की घिनौनी साज़िश रची जाती रही है। इस्राइल यह बार बार दोहराता रहा है कि उसे डर है कि यदि ईरान परमाणु बम बना लेता है तो उसका अस्तित्व ख़तरे में पड़ सकता है। यह दुष्प्रचार तब किया जाता है जबकि ईरान में इस्लामी क्रांति के नेता आयतुल्लाह ख़ुमैनी द्वारा परमाणु बम को मानवता विरोधी बताते हुये इसके निर्माण के विरुद्ध फ़तवा तक दिया जा चुका है। उधर ईरान के किसी भी धर्मगुरु या नेता ने आज तक परमाणु बम बनाने की बात भी नहीं की है। परन्तु इराक़ में सद्दाम हुसैन की तर्ज़ पर ईरान को भी केवल मीडिया प्रोपेगंडा कर बार बार खलनायक प्रमाणित करने की कोशिश की जाती रही है। दरअसल इसकी एक वजह यह भी है कि अमेरिकी-इस्राईली प्रभाव वाले ईरानी शासक मोहम्मद रज़ा शाह पहलवी ने तो 1948 में इस्राइल को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता तो दी थी परन्तु 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद ईरान ने इस्राइल की मान्यता भी समाप्त कर दी साथ ही उसे ‘सियोनवादी शासन’ भी घोषित कर दिया।

परन्तु यदि हम ईरान व इस्राईल के ‘ट्रैक रिकॉर्ड’ को देखें तो 1967 के युद्ध में इस्राइल ने वेस्ट बैंक और ग़ज़ा पर क़ब्ज़ा जमाकर फ़िलिस्तीन पर अपना नियंत्रण करना शुरू कर दिया था। तब से लेकर आज तक इस्राइल पूरे क्षेत्र में बर्बरीयत व हिंसा करता आ रहा है। इसके पीछे उस ग्रेटर इस्राइल के गठन व निर्माण की एक ज़ायोनिस्ट (यहूदीवादी) विस्तारवादी अवधारणा काम कर रही है जिसके तहत एक ऐसे विशाल यहूदी राज्य की कल्पना की गई है, जो वर्तमान इस्राइल से कहीं ज़्यादा बड़ा हो और इसमें मध्य पूर्व के कई अरब देशों के क्षेत्रों को शामिल किया जा सके। इस योजना को आधुनिक राजनीतिक संदर्भ में एक विवादित इस्राईली विस्तारवादी परियोजना के रूप में देखा जाता है। ज़ायोनिस्ट के इस काल्पनिक ग्रेटर इस्राइल की भौगोलिक सीमाएं मिस्र की नील नदी से लेकर इराक़ की फ़ुरात (यूफ्रेट्स) नदी तक और मदीना से लेकर लेबनान तक शामिल हैं। यहाँ तक कि पूरा जॉर्डन, फ़िलिस्तीन (पश्चिमी तट व ग़ज़ा), लेबनान, सीरिया, इराक़, मिस्र, सऊदी अरब के बड़े हिस्से, पवित्र स्थल मक्का, मदीना और माउंट सिनाई पर क़ब्ज़ा भी इस योजना में शामिल माना जाता है। इसी दूरगामी योजना के मद्देनज़र इस्राईल की सरपरस्ती करते हुये अमेरिका ने दशकों से ईरान का भय दिखाकर तथा शिया सुन्नी मतभेदों को हवा देकर इसी की आड़ में मध्य पूर्व के अनेक देशों में अपने सैन्य ठिकाने भी बना रखे हैं।

दरअसल ईरान ही एक अकेला ऐसा देश है जोकि न केवल ग्रेटर इस्राइल रुपी इस




विस्तारवादी परियोजना को खुलकर ख़ारिज करता है बल्कि फ़िलिस्तीनी क्षेत्रों ग़ज़ा,वेस्ट बैंक व लेबनान आदि में इस्राईल द्वारा क़ब्ज़ा की गयी ज़मीन को भी मुक्त कराये जाने का पक्षधर है। यही वजह है कि ईरान, इस्राईल व अमेरिका की नज़रों में खटकता रहता है। ईरान की तेल सम्पदा पर भी अमेरिका अपनी गिद्ध दृष्टि जमाये रखता है। उधर अपनी इसी योजना को आगे बढ़ाते हुये अब तक इस्राईल ने आतंक व बर्बरता का वह इतिहास रचा है जिसकी कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। उदाहरण के तौर पर ग़ज़ा में 7 अक्टूबर 2023 से 19 मई 2026 के मध्य इस्राइली सैन्य कार्रवाई में 72,772 से अधिक निहत्थे बेगुनाह फ़िलिस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि घायलों की संख्या 172,707 से भी अधिक है। मृतकों में आधे से अधिक महिलाएँ और बच्चे शामिल हैं।

इसी तरह लेबनान में भी मई 2026 तक इस्राईल के हमलों में 2,255 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। यहाँ भी मरने वालों में 122 बच्चे, 83 महिलाएं और 42 चिकित्सा कर्मी भी शामिल हैं।

यह इस्राइल ही है जिसने ईरान को ग्रेटर इस्राईल के रास्ते का सबसे बड़ा अड़ंगा समझते हुये अमेरिका को ईरान पर हमला करने के लिये उकसाया। हद तो यह है कि अमेरिका और इस्राइल ने परमाणु वार्ता के दौरान ईरान पर कम से कम दो बार हमला किया। पहला हमला 13 जून 2025 को यानी ईरान-अमेरिका परमाणु वार्ता के 5 राउंड की वार्ता के दो दिन बाद किया गया था। इस में इस्राइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाकर भीषण हमला किया, जबकि दोनों देश आगे बातचीत की योजना बना रहे थे। इसी तरह इस्राइल और अमेरिका ने दूसरा हमला 27 फ़रवरी 2026 को, अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता के बीच किया जिसमें ईरान में 30 जगहों पर हमला किया गया, जिसमें तेहरान में ईरानी ख़ुफ़िया एजेंसी की इमारतें, एयरपोर्ट्स, राष्ट्रपति भवन और रिहायशी इलाक़े शामिल थे। साथ ही तेहरान और इस्फ़हान जैसे 30 शहर भी अमेरिका-इस्राइल के निशाने पर थे। इसी हमले में मिनाब में स्कूल के 165 मासूम बच्चे,सर्वोच्च ईरानी नेता ख़ामनेई व अनेक उच्चाधिकारी शहीद हुये थे।

इसके अतिरिक्त विश्व में हिंसा व अशांति फैलाने के लिये इस्राईल अनेक बार युद्धविराम का उल्लंघन भी करता आया है। चाहे वह ग़ज़ा का युद्ध विराम हो या लेबनान का युद्ध विराम। इस्राइल ग़ज़ा युद्ध विराम 10 अक्टूबर 2025 को अमेरिकी मध्यस्थता में लागू हुआ था। परन्तु युद्धविराम के बाद से अब तक लगभग 2000 बार इस्राईली सेना युद्धविराम का उल्लंघन कर चुकी है। और विराम के बाद 700 से अधिक फ़िलिस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि 3 हज़ार से ज़्यादा घायल हो चुके हैं। मानवता के विरुद्ध अपराध और युद्ध अपराध के कारण ही अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया हुआ है। इसके अतिरिक्त, तुर्की ने भी नेतन्याहू और 36 अन्य इस्राईली अधिकारियों के विरुद्ध नरसंहार के आरोप में अलग से गिरफ़्तारी वारंट जारी किए हैं। आश्चर्यजनक है कि परमाणु हथियार रखने वाला देश इस्राइल, जिसे विश्व के सबसे बड़े नरसंहारक देश के रूप में देखा जा रहा है, व उसका संरक्षक अमेरिका, यदि ईरान जैसे देश को परमाणु हथियार बनाने की झूठ आधारित कथित संभवनाओं के चलते महज़ प्रोपेगंडा फैलाकर विश्व शांति के लिये बड़ा ख़तरा बता रहे हैं जबकि ईरान का मानवता के विरुद्ध अपराध,युद्ध अपराध या दूसरे देशों की ज़मीन पर घुसपैठ जैसे कोई आरोप नहीं हैं। सच तो यह है कि इस्राईल ही विश्व शांति के लिये इस समय सबसे बड़ा ख़तरा है।

अवधनामा

लखनऊ, गुरुवार, 04 जून, 2026



# स्वास्थ्य कर्मी नियमित रूप से करें होम विजिट : डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**■ अनुपस्थित 30 सीएचओ के जिलाधिकारी ने वेतन रोका**

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में मंगलवार की देर शाम विकास भवन के गांधी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस)की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने तथा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मंगलवार को अनुपस्थित 30 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) का वेतन रोकने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति के अंतर्गत आयोजित होने वाले सत्रों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा आवश्यक उपकरणों एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए इन सत्रों का नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण आयोजन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सीएचओ, एएनएम, आशा, आंगनबाडी द्वारा ट्रिपल 'ए' की बैठक नियमित रुप से प्रभावी की जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, एएनएम तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित होम विजिट करने और गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं एवं आमजन को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को पूरी सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। उपस्थिति की समीक्षा के दौरान पोर्टल पर अनुपस्थित पाए गए सीएचओ पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा इन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही अनुपस्थित 30 सीएचओ का वेतन रोकने का भी आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यों में लापरवाही किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी।

# टीबी मरीजों को बांटी पोषण पोटली नियमित दवा लेने की सलाह



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** जनपद के मेडिकल कॉलेज में टीबी मरीजों के पोषण और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेष पहल की गई। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल एवं सीएमएस डॉ. एच. के. मिश्रा ने टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की।

इस दौरान प्राचार्य एवं सीएमएस ने मरीजों को नियमित रूप से टीबी की दवा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि टीबी का इलाज बीच में छोड़ना गंभीर समस्या पैदा कर सकता है, इसलिए मरीज एक भी दिन दवा लेना न छोड़ें। साथ ही उन्होंने मरीजों को हमेशा मास्क पहनने और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करने की सलाह दी। प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल ने मेडिकल कॉलेज के सभी चिकित्सकों से भी अपील की कि वे आगे आकर एक-एक टीबी मरीज को पोषण पोटली प्रदान करें, ताकि मरीजों को पोषण संबंधी सहायता मिल सके और वे जल्द स्वस्थ हो सकें। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रंजीत कुशवाहा, चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, मान्धाता सिंह, डॉ. एस. एस. द्विवेदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विश्व साइकिल दिवस पर बैतालपुर में निकली भव्य रैली

**अवधनामा संवाददाता**



**■ स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण का दिया संदेश**

**देवरिया, बैतालपुर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित मेरा युवा भारत देवरिया के तत्वावधान में बुधवार को विकासखंड बैतालपुर में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा फिट जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत बैतालपुर के वार्ड संख्या 10 रामनगर के सभासद बद्रीनाथ गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि अध्यापक रवि मद्धेशिया, धनंजय सिंह एवं अंगद जी रहे। कार्यक्रम के आयोजक विकास कुमार यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। साइकिल रैली डाला मोड़ से प्रारंभ होकर विशुनपुरा चौराहा, बेलही होते हुए पुनः अपने प्रारंभिक स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में युवाओं, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेशों के माध्यम से लोगों को साइकिल के उपयोग के प्रति जागरूक किया।

मुख्य अतिथि बद्रीनाथ गुप्ता ने कहा कि साइकिल एक सस्ता, सुलभ और पर्यावरण अनुकूल साधन है। इसके नियमित उपयोग से स्वास्थ्य बेहतर रहता है तथा प्रदूषण में कमी आती है। उन्होंने युवाओं से दैनिक जीवन में साइकिल के अधिकाधिक प्रयोग का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि रवि मद्धेशिया ने कहा कि आज के समय में बढ़ते प्रदूषण और शारीरिक निष्क्रियता को देखते हुए साइकिल चलाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। इससे न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि ईंधन की भी बचत होती है। कार्यक्रम के आयोजक विकास कुमार यादव ने कहा कि विश्व साइकिल दिवस हमें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मेरा युवा भारत युवाओं को राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक जागरूकता से जोड़ने के लिए निरंतर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

# आईपीएल खिताब जीतने के बाद वृंदावन पहुंचे विराट-अनुष्का

**अवधनामा संवाददाता**

**■ प्रेमानंद महाराज से लिया आशीर्वाद**



**मथुरा।** आईपीएल 2026 का खिताब जीतने के महज दो दिन बाद भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन पहुंचे और संत प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। दोनों ने सोमवार सुबह यमुना तट स्थित आश्रम में पहुंचकर आध्यात्मिक चर्चा की और गुरुजनों से आशीर्वाद लिया। जानकारी के अनुसार विराट और अनुष्का सुबह करीब चार बजे प्रेमानंद महाराज के एकांतवास स्थल पर पहुंचे। दोनों ने लगभग 45 मिनट तक आध्यात्मिक संवाद किया। इस दौरान वे नंगे पैर, गले में तुलसी की माला और माथे पर तिलक लगाए दिखाई दिए। मुलाकात के बाद दंपति ने प्रेमानंद महाराज के गुरुदेव श्री हित गौरंगी शरण महाराज जी से भी भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

विराट कोहली और अनुष्का शर्मा पिछले कई वर्षों से प्रेमानंद महाराज के अनुयायी माने जाते हैं। आईपीएल 2026 के दौरान अक्षय तृतीया पर भी दोनों वृंदावन पहुंचे थे और संत का आशीर्वाद लिया था। उधर आईपीएल 2026 में विराट कोहली का प्रदर्शन शानदार रहा। फाइनल मुकाबले में विराट कोहली की नाबाद अर्धशतकीय पारी ने Royal Challengers Bengaluru को लगातार दूसरी बार आईपीएल चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। खिताब जीतने के बाद वृंदावन पहुंचकर आध्यात्मिक आशीर्वाद लेने की उनकी यात्रा क्रिकेट प्रेमियों और श्रद्धालुओं के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

# 111 खोए हुए मोबाइल को पुलिस ने किया बरामद

**चन्दौली।** पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशन में स्वाट एवं सर्विलांस टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए सीईआईआर पोर्टल की सहायता से विभिन्न स्थानों से कुल 111 गुमशुदा एवं खोए हुए मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 33 लाख 30 हजार रुपये बताई गई है।

बुधवार को पुलिस लाइन चन्दौली के नवीन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने अपर पुलिस अधीक्षक सदर की उपस्थिति में बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई। मोबाइल स्वामियों ने चन्दौली पुलिस की कार्यप्रणाली और सर्विलांस टीम के प्रयासों की सराहना की।

# संगठन की शक्ति ही कांग्रेस की सबसे बड़ी पूंजी : विजय शेखर



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए पार्टी को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि संगठन की शक्ति ही कांग्रेस की सबसे बड़ी पूंजी है। हम सभी साथी मिलकर जनता की आवाज को और मजबूती के साथ उठाने तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के समर्पण और सक्रियता से ही संगठन मजबूत होगा तथा जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों और विचारों को प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकेगा। जिलाध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज आम जनता महंगाई की मार से त्रस्त है। खाद्य पदार्थों से लेकर दैनिक उपयोग की वस्तुओं तक के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम और मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। श्री मल्ल ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और आम नागरिक स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। महिलाओं, व्यापारियों, किसानों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर सरकार संवेदनशीलता दिखाने में असफल रही है। बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# भाजपा आई कमर तोड़ महंगाई लाई, स्मार्ट मीटर ने बढ़ाई परेशानी



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन एवं महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति मथुरा द्वारा संयुक्त रूप से प्रदेश की योगी सरकार द्वारा 10% चार्ज के नाम पर बिजली महंगी किए जाने तथा आधुनिक स्मार्ट मीटर प्रीपेड मीटर जबरन लगवाकर जनता की जेब काटकर की जा रही,लूट के खिलाफ स्मार्ट मीटर की अर्थी निकालकर श्रद्धांजलि देकर प्रदर्शन करते हुए एक्स ई एन साहब थर्ड डिवीजन कृष्णा नगर मथुरा आशीष कुमार को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। स्मार्ट मीटर की अर्थी निकालकर श्रद्धांजलि प्रदर्शन के दौरान रमेश सैनी एवं लुकेश कुमार राही ने संयुक्त रूप से कहा की प्रदेश की भाजपा सरकार कमर तोड़ महंगाई लाई है जिससे सभी वर्गों का जीवन यापन दुभर हो गया है, लोग महंगाई से त्रस्त हैं आय दिन प्रदेश में बढ़ती हुई बिजली की दरों से लगता है प्रदेश में किसी सेठ, व्यापारियों की सरकार चल रही है। स्मार्ट मीटर की आरती एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से चित्रसेन, यशवीर आजाद, राजकुमार आजाद, रमेश सैनी, लुकेश, सुमित, सागर सिंह, विनय कुमार, संजय बीडीसी, दिनेश, प्रिंस, सलाउद्दीन, भोला आदि ने प्रदेश में बढ़ती बिजली की दरों को वापस लेने की मांग की।

# अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

**अवधनामा संवाददाता**



**■ दो शातिर चोर गिरफ्तार, 8 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद, बिहार तक फैला था नेटवर्क**

**देवरिया।** जनपद में लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं के बीच कोतवाली पुलिस एवं एंटी थेफ्ट टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। संयुक्त टीम ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे एवं निशानदेही पर चोरी की कुल आठ मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस की इस कार्रवाई को वाहन चोरी की घटनाओं पर बड़ी सफलता माना जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक देवरिया के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस तथा एंटी थेफ्ट टीम लगातार संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी। इसी क्रम में बुधवार तड़के मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध युवक चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ चीनी मिल ग्राउंड के पास मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और घेराबंदी कर मौके से दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान बिहार के सिवान जनपद निवासी सुमित कुमार तथा गोपालगंज निवासी विकास कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद कीं। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कई अहम खुलासे किए। उन्होंने बताया कि वे अलग-अलग जनपदों में घूम-घूमकर मोटरसाइकिल चोरी करते थे और चोरी के वाहनों को सुनसान स्थानों एवं झाड़ियों में छिपाकर रखते थे। बाद में मौका मिलने पर वाहनों को कम कीमत में बेच दिया जाता था।

पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर चीनी मिल गेट के पास झाड़ियों में छिपाकर रखी गई छह अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें भी बरामद कर लीं। बरामद वाहनों में हीरो स्प्लेंडर प्लस, सुपर स्प्लेंडर, पैशन प्रो और एचएफ डीलक्स जैसी मोटरसाइकिलें शामिल हैं। कुछ मोटरसाइकिलों के नंबर बदलने और नंबर प्लेट हटाने की भी जानकारी सामने आई है, जिससे चोरी के वाहनों की पहचान छिपाई जा सके। पुलिस के अनुसार बरामद कई मोटरसाइकिलों के संबंध में पहले से मुकदमे दर्ज हैं।

# देवरिया एसडीएम कार्यालय के कर्मचारी पर गंभीर आरोप

**देवरिया।** जनपद देवरिया के उपजिलाधिकारी (सदर) कार्यालय में लंबे समय से तैनात एक कर्मचारी के खिलाफ पद के दुरुपयोग, भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए जांच और स्थानांतरण की मांग उठाई गई है।

इस संबंध में शासन की स्थानांतरण नीति एवं प्रशासनिक निष्पक्षता का हवाला देते हुए शिकायत पत्र प्रेषित किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उपजिलाधिकारी (सदर) कार्यालय में तैनात कर्मचारी हृदयेश कुमार पिछले लगभग 25 से 30 वर्षों से एक ही स्थान एवं गृह जनपद में तैनात हैं, जो शासन की स्थानांतरण नीति की भावना के विपरीत बताया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि लंबे समय तक एक ही स्थान पर तैनाती के चलते संबंधित कर्मचारी द्वारा प्रभाव का दुरुपयोग, कार्यालयीय कार्यों में मनमानी तथा प्रशासनिक अनियमितताओं की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

# सांसद पति पर लगा कटरा गैंग को संरक्षण का आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**गाजीपुर।** विनीत राय हत्याकांड में होटल कारोबारी पिता आलोक राय ने भाजपा की राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत और उनके पति डॉ. अवधेश बिंद पर कटरा गैंग को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। एक डिजिटल प्लेटफॉर्म को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि माननीय के संरक्षण के चलते ही पुलिस कटरा गैंग के बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती और वे खुलेआम घूमते रहे। डॉ. अवधेश बिंद ने सभी आरोपों को राजनीति से प्रेरित और उन्हें बदनाम करने की साजिश बताया है। कहा कि सभी आरोप निराधार हैं।

बीते शुक्रवार की रात करीब 11 बजे होटल बिंदु के गेट पर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक राय के बेटे विनीत राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस वारदात को कटरा गैंग के सरगना शंकर पांडेय और उसके साथियों ने अंजाम दिया था।साक्षात्कार में आलोक राय ने आरोप लगाया कि सांसद के पति ही अपराधियों को संरक्षण देकर पड़ोसी राज्य में शराब बिकवाने से लेकर तमाम आपराधिक वारदातों को अंजाम दिलाते रहे हैं। सांसद के पति ही बैकडोर से इस गिरोह को संचालित करते हैं। आलोक राय ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा की राज्यसभा सांसद और कटरा गैंग के मुखिया शंकर पांडेय के मकान अवैध रूप से बनाए गए हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से इन मकानों के नक्शों की जांच कराने की मांग की है और कहा कि यदि नक्शा स्वीकृत न हो तो बुलडोजर की कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें डीएम और पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा पर भरोसा है।



सोशल मीडिया पर वायरल रा सांसद संगीता बलवंत और कटरा गैंग का शंकर पांडेय

### सोशल मीडिया पर वायरल फोटो

**गाजीपुर।** राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत के साथ कटरा गैंग के सरगना शंकर पांडेय की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें वह सांसद को बुके देते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि वायरल फोटो की पुष्टि अवधनामा नहीं करता है। इस पर डॉ. अवधेश बिंद ने कहा कि सांसद बनने के बाद उनकी पत्नी को बहुत लोगों ने बुके देकर बधाई दी थी। ऐसे में यह जान पाना संभव नहीं था कि उनमें कौन अपराधी है और कौन सामान्य व्यक्ति। इस संबंध में सांसद से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### योगी सरकार का चलेगा बुलडोजर : डॉ. संगीता

**गाजीपुर।** सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में भाजपा की राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत ने विनीत राय हत्याकांड की निंदा करते हुए कहा कि इस तरह की वारदात बेहद दुःखद और निंदनीय हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ प्रशासन पूरी तरह सख्त है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यकता होगी, वहां योगी सरकार का बुलडोजर भी चलेगा और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# जानलेवा हमला करने वाला हिस्ट्रिशीटर गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**चन्दौली।** मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने जानलेवा हमला करने के मामले में एक हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त रक्तरंजित चाकू बरामद किया है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में हत्या के प्रयास, गुंडा एक्ट समेत कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार 2 जून 2026 को कैलाशपुरी महमूदपुर निवासी राम लखन गुप्ता ने तहरीर देकर बताया कि उनके पिता मुन्नका प्रसाद गुप्ता पर गुरुद्वारा के सामने पेट्रोल पंप के पास राकेश कुमार गिरी ने जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। घायल का उपचार ट्रामा सेंटर बीएचयू वाराणसी में चल रहा है। मामले में थाना मुगलसराय पर मुकदमा संख्या 268/2026 धारा 109 (1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा थानाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर रविनगर काली मंदिर मोड़ के पास से आरोपी राकेश कुमार गिरी उर्फ विजय गिरी (62 वर्ष) निवासी पटेल नगर, मुगलसराय को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से घटना में प्रयुक्त रक्तरंजित चाकू बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 4/25 आयुध अधिनियम की बढ़ोतरी की गई है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कुछ दिन पहले कैलाशपुरी क्षेत्र में उसका विवाद हुआ था। 2 जून की रात दोबारा विवाद होने पर उसने चाकू से हमला कर दिया और बाद में गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार हो गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी थाना मुगलसराय का हिस्ट्रीशीटर है। उसके विरुद्ध वर्ष 2006 और 2007 में हत्या के प्रयास सहित कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# विद्यार्थियों का जेईई एडवांस में शानदार प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**



**■ सनबीम स्कूल मुगलसराय का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**चन्दौली।** दुलहीपुर स्थित सनबीम स्कूल मुगलसराय का परिसर एक बार फिर गर्व और उल्लास से भर उठा, जब विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने देश की सबसे प्रतिष्ठित एवं चुनौतीपूर्ण इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक आई.आई.टी. जेईई एडवांस 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता की नई इबारत लिखी।

विद्यालय के मेधावी छात्र शशांक कुमार मौर्या ने जेईई एडवांस 2026 में 233 अंक प्राप्त करते हुए कॉमन सीआरएल 500वीं रैंक तथा ओबीसी-एनसीएल श्रेणी में 86वीं रैंक प्राप्त कर अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने चंदौली एवं वाराणसी जनपद में शीर्ष स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। शशांक की यह सफलता उनकी कठोर मेहनत, अनुशासन, लगन तथा उत्कृष्ट शैक्षणिक मार्गदर्शन का परिणाम है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। इसी क्रम में विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा कात्यायनी प्रगभ्या ने भी जेईई एडवांस में सफलता प्राप्त करते हुए एससी श्रेणी में 1251वीं रैंक हासिल की है। और साथ ही ऋषित मंध्यान सीआरएल 13491 रैंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। उनकी यह उपलब्धि निरंतर परिश्रम, दृढ़ संकल्प और लक्ष्य के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है।

इन सभी विद्यार्थियों की सफलता यह सिद्ध करती है कि सनबीम स्कूल मुगलसराय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समुचित मार्गदर्शन एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विद्यालय का शैक्षणिक परिवेश विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय के सेक्रेटरी श्री यदुराज कानूडिया ने सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा - कि यह उपलब्धि उनके अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण का परिणाम है। वहीं इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका श्रीमती श्वेता कानूडिया ने कहा - कि जेईई एडवांस में मिली यह सफलता केवल इन विद्यार्थियों की उपलब्धि नहीं, बल्कि उस विश्वास, परिश्रम और उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्कृति की विजय है जिसे सनबीम स्कूल निरंतर विकसित करता रहा है। सफल छात्रों ने यह सिद्ध कर दिया है कि बड़े सपनों को साकार करने के लिए दृढ़ संकल्प, अनुशासन और निरंतर प्रयास ही सबसे बड़ी पूंजी हैं। सफलता के इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती सौमिता चटर्जी ने कहा - कि सफलता प्रतिभा और परिश्रम के सुंदर समन्वय का परिणाम होती है। यह उपलब्धि सिद्ध करती है कि दृढ़ संकल्प, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के साथ कोई भी लक्ष्य दूर नहीं होता। इस अवसर पर विद्यालय के डीन यू.बी. राय, उप- प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह , को-ऑर्डिनेटर राजेश सिन्हा, एकेडमिक हेड साधना सिंह, पैरेलल करिकुलम हेड श्रीमती गुंजन सिंह, मनीष पांडेय सहित विद्यालय के शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नगर निगम मथुरा-वृंदावन का चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**अवधनामा संवाददाता**

**वृंदावन।** मथुरा नगर आयुक्त मथुरा-वृंदावन नगर निगम के निर्देशन में आज व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व अपर नगर आयुक्त सी.पी. पाठक एवं प्रवर्तन प्रभारी कर्नल राकेश सिंह ने अपनी टीम के साथ किया। अभियान 100 फुटा से अटला चुंगी होते हुए बांके बिहारी जी मंदिर, विद्यापीठ, इस्कॉन मंदिर, प्रेम मंदिर, पापड़ी चौराहा, रमणरेती पुलिस चौकी, परिक्रमा मार्ग, केली कुंज से वीआईपी गेट, बांके बिहारी जी क्षेत्र, जुगलघाट, चीरघाट तथा राधावल्लभ जी मंदिर की गलियों तक संचालित किया गया। कार्रवाई के दौरान सार्वजनिक मार्गों एवं धार्मिक स्थलों के आसपास किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। टीम द्वारा धकेल (रेहड़ी), प्लास्टिक स्टूल, कुर्सियां, बेंच, तख्त एवं अन्य सामान को जब्त करते हुए मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अभियान के दौरान कुल 18 धकेल (रेहड़ी) जब्त की गई। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुविधा के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# वर्तमान समय में किसान अनेक समस्याओं से जूझ रहा है : शमीम



■ भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया प्रतिष्ठान का उद्घाटन, हुआ स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** व्यापारी की कार्य के प्रति निष्ठा, लगन और ग्राहकों के प्रति ईमानदार व्यवहार ही उसके व्यापार की सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। व्यापारी को सदैव मृदुभाषी एवं ग्राहकों के हितों का ध्यान रखने वाला होना चाहिए। यह विचार भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने सतौरा स्थित एक प्रतिष्ठान के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किए।

बुधवार को नवीन प्रतिश्ठान का फीता काटकर उदघाटन करनें के उपरान्त भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष 'शमीम सिद्दीकी ने कहा कि वर्तमान समय में किसान अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। वहीं सरकार और विभिन्न विभागों में बैठे अधिकारी किसानों के हितों की अनदेखी कर रहे हैं। किसानों को पर्याप्त मात्रा में बिजली, पानी और खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है तथा किसान क्रेडिट कार्ड के नाम पर अनावश्यक धन उगाही की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

उन्होंने कहा कि आलू के बाजार भाव कम होने के कारण आलू उत्पादक किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं, जबकि सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने केंद्र सरकार से आलू का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) घोषित करने की मांग करते हुए विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने की आवश्यकता बताई, जिससे किसानों को राहत मिल सके। कार्यक्रम के भाकियू जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया और किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजक चांद खान ने प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी एवं जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ठाकुर को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर उमेंद्र सिंह राजपूत, डॉ. साजिद हुसैन, असगर खान, हफीज खान, सर्वन अवस्थी, सुधीर सिंह, मसरूर खान, पवन माथुर, राहुल कुमार, निखिल प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह राजपूत उर्फ बबलू ठाकुर सहित बड़ी संख्या में किसान एवं लोग उपस्थित रहे।

# आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों के साप्ताहिक अवकाश की उठाई मांग



■ राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष ने चेयरमैन व ईओ को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राजा वाल्मीकि ने नगर पंचायत समधन के आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश दिए जाने की मांग को लेकर नगर पंचायत चेयरमैन आसमा बेगम एवं अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को सौंपे गए ज्ञापन में जिलाध्यक्ष राजा वाल्मीकि ने कहा कि जनपद की नगर पालिका परिषद कन्नौज एवं नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में कार्यरत आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को नियमित रूप से साप्ताहिक अवकाश की सुविधा प्रदान की जा रही है, जबकि नगर पंचायत समधन में कार्यरत आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को यह सुविधा नहीं मिल रही है। इससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। उन्होंने मांग की कि अन्य निकायों की भांति नगर पंचायत समधन के आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को भी साप्ताहिक अवकाश का लाभ दिया जाए, जिससे उन्हें मानसिक एवं शारीरिक आराम मिल सके तथा वे अधिक उत्साह और बेहतर कार्यक्षमता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए चेयरमैन आसमा बेगम एवं अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने नगर पंचायत के लिपिक राजेश वर्मा को मामले में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश देते हुये आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की मांगों पर नियमानुसार विचार कर उचित निर्णय लिया जाएगा।

# 54 लाख पौधों के महाअभियान पर टिकी निगाहें क्या इस बार रुकेगा वृक्षारोपण में भ्रष्टाचार

■ पुनः इस बार एक और पर्यावरणीय संतुलन बनाने की की वन विभाग की कोशिश



अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बांदा जिले में 54 लाख पौधे लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योगी सरकार की 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर आधारित इस महाभियान में वन विभाग 18 लाख पौधे लगाएगा, जबकि 26 अन्य सरकारी विभागों और निजी संस्थाओं को 36 लाख पौधों के रोपण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही लगभग 5 लाख फलदार पौधे लगाने की भी योजना बनाई गई है।

वन विभाग और प्रशासन इसे जन-आंदोलन का स्वरूप देने का दावा कर रहे हैं। ग्राम पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भी इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। पौधों की निगरानी और उनकी जीवितता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म और जनभागीदारी पर भी जोर दिया जा रहा है।

हालांकि, इस महाअभियान के बीच एक बड़ा सवाल भी खड़ा हो रहा है। बांदा में पूर्व वर्षों में हुए करोड़ों रुपये के वृक्षारोपण कार्यक्रमों की सफलता को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। कई स्थानों पर कागजों में पौधारोपण दिखाए जाने, पौधों की देखरेख न होने तथा जीवितता दर बेहद कम रहने की शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में आम लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि इस बार लगाए जाने वाले 54 लाख पौधे वास्तव में धरातल पर दिखाई देंगे या फिर यह अभियान भी केवल सरकारी आंकड़ों तक सीमित रह जाएगा।

पर्यावरणविदों का मानना है कि वृक्षारोपण की सफलता केवल पौधे लगाने से नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और बड़े होने तक की निगरानी से तय होती है। बांदा पिछले कुछ वर्षों में भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के कारण राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में रहा है। कई बार जनपद देश के सर्वाधिक गर्म जिलों में शामिल रहा है। ऐसे में बड़े पैमाने पर हरित आवरण बढ़ाने की आवश्यकता तो है, लेकिन इसके लिए पारदर्शिता और जवाबदेही भी उतनी ही जरूरी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन और विभाग इस बार पौधों की वास्तविक निगरानी, जियो-टैगिंग और सामाजिक ऑडिट की व्यवस्था सुनिश्चित करें तो अभियान का लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिल सकता है। अन्यथा हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद बांदा की धरती तपती रहेगी और पर्यावरण संरक्षण के दावे सवालों के घेरे में बने रहेंगे।

अब देखने वाली बात यह होगी कि 'एक पेड़ मां के नाम' की भावनात्मक पहल बांदा को हराभरा बनाने में कितनी सफल होती है और क्या इस बार वृक्षारोपण से जुड़े भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं पर प्रभावी अंकुश लग पाता है या नहीं।

# कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखें

■ एडीजी ने कानून-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण की समीक्षा कर दिये आवष्यक दिशा निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** कानपुर जोन की अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) हरीश चन्दर ने जनपद कन्नौज का भ्रमण कर पुलिस व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। जनपद आगमन पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने उनका स्वागत किया।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान जनपद की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, यातायात प्रबंधन तथा पुलिस की विभिन्न योजनाओं एवं अभियानों पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस दौरान एडीजी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, महिला एवं बाल सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण जनसुनवाई तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद आयोजित समीक्षा बैठक में लंबित विवेचनाओं, महिला अपराधों, साइबर अपराधों, ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन त्रिनेत्र, बीट पुलिसिंग तथा अपराध नियंत्रण संबंधी कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। एडीजी ने सभी थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करने और अपराधों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान एडीजी ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने।

संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। वहीं मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए जनपद में कानून-व्यवस्था की स्थिति तथा पुलिस की जनहितकारी पहलों की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस लाइन का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान आवासीय परिसर, बैरक, मेस, कार्यालयों एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। एडीजी ने अनुशासन, व्यवस्थाओं की गुणवत्ता तथा पुलिस कर्मियों की सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस लाइन में आयोजित सम्मेलन के दौरान पुलिस कर्मियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं सेवा संबंधी कठिनाइयों को गंभीरता से सुना गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्मिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे पुलिस बल का मनोबल एवं कार्यक्षमता दोनों सुदृढ़ हों। इसके उपरांत एडीजी ने थाना कोतवाली कन्नौज का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों, अपराध रजिस्टरों, मालखाना, हवालात, सीसीटीएनएस कार्यों एवं जनसुनवाई व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। दौरे के समापन पर एडीजी ने जनपद की कानून-व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनता के प्रति संवेदनशील एवं उत्तरदायी व्यवहार बनाए रखने तथा जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## धारा 24 की पत्रावली गायब करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

**सम्भल (बहजोई)।** जनपद की तहसील गुन्नौर में धारा 24 की पत्रावली वाद संख्या टी-202613740509141, नोवत सिंह बनाम रामकुवर, ग्राम नगलिया काजी से संबंधित अभिलेख गायब होने के मामले में तहसीलदार गुन्नौर के राजस्व लिपिक (माल बाबू) मो. सरवर की तहरीर पर थाना गुन्नौर में एफआईआर दर्ज कराई गई है। राजस्व लिपिक मो. सरवर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अधिवक्ता योगेश कुमार ने उनके पटल पर आकर उक्त वाद की पत्रावली देखने का अनुरोध किया था। उनके अनुरोध पर संबंधित पत्रावली उपलब्ध करा दी गई। इसके उपरांत अन्य कृषकों के प्रार्थना-पत्रों का अवलोकन करने के पश्चात जब उक्त पत्रावली को देखा गया तो वह अपने स्थान पर नहीं मिली। कार्यालय में उपस्थित अन्य व्यक्तियों से जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि अधिवक्ता योगेश कुमार उक्त पत्रावली अपने साथ ले गए हैं तथा उसे वापस नहीं किया गया। इस संबंध में राजस्व लिपिक मो. सरवर द्वारा अधिवक्ता योगेश कुमार के विरुद्ध संबंधित थाना गुन्नौर में तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

# भाजपा आई कमर तोड़ महंगाई लाई



■ स्मार्ट मीटर बढ़ती महंगाई वापस लो

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन एवं महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति मथुरा द्वारा संयुक्त रूप से प्रदेश की योगी सरकार द्वारा 10% चार्ज के नाम पर बिजली महंगी किए जाने तथा आधुनिक स्मार्ट मीटर प्रीपेड मीटर जबरन लगवाकर जनता की जेब काटकर की जा रही,लूट के खिलाफ स्मार्ट मीटर की अर्थी निकालकर श्रद्धांजलि देकर प्रदर्शन करते हुए एक्स ई एन साहब थर्ड डिवीजन कृष्णा नगर मथुरा आशीष कुमार को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। स्मार्ट मीटर की अर्थी निकालकर श्रद्धांजलि प्रदर्शन के दौरान रमेश सैनी एवं लुकेश कुमार राही ने संयुक्त रूप से कहा की प्रदेश की भाजपा सरकार कमर तोड़ महंगाई लाई है जिससे सभी वर्गो का जीवन यापन दुभर हो गया है, लोग महंगाई से त्रस्त हैं आय दिन प्रदेश में बढ़ती हुई बिजली की दरों से लगता है प्रदेश में किसी सेठ, व्यापारियों की सरकार चल रही है। स्मार्ट मीटर की आरती एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से चित्रसेन मौर्य, यशवीर सिंह आजाद, राजकुमार आजाद, रमेश सैनी, लुकेश कुमार राही, सुमित कुमार,सागर सिंह, विनय कुमार, संजय बीडीसी,दिनेश कुमार, प्रिंस कुमार, सलाउद्दीन कुरैशी, भोला, रोहतास, गौरव कुमार, संजू कुमार, देवेंद्र कुमार, अशोक कुमार, आकाश बाबू,हरि सविता, सरदार महेंद्र सिंह, देवेंद्र कुमार आजाद, सुनील पटवारी, आदि ने प्रदेश में बढ़ती बिजली की दरों को वापस लेने की मांग की।

## वैश्विक संकट से भी उभारती है दो पैडल की साइकिल

**मथुरा।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई श्रीजी बाबा सरस्वती शिक्षा मंदिर इंटर कॉलेज जतीपुरा मथुरा में विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष में साइकिल सवार स्वयंसेवकों की रैली विद्यालय के उपाध्यक्ष श्रीमान वासुदेव जी पुरोहित द्वारा गंतव्य के लिए रवाना की गई। स्वयंसेवकों का उत्साही चेहरा सड़क पर चलने वाले समस्त राहगीरों से बार-बार यही कह रहा था कि यदि आपको अपने जीवन में स्वस्थ रहकर खुशहाली लानी है और पर्यावरण को स्वच्छ रखना है तो आप भी हमारी तरह साइकिल का प्रयोग करके अपने तन, मन, धन को सुरक्षित रख सकते हो द्य हस्त पट्टीका लेकर सभी स्वयंसेवक ग्रामवासियों एवं परिक्रमार्थियों से साइकिल चलाने का आग्रह कर रहे थे द्यकार्यक्रम अधिकारी बहादुर सिंह जी ने कहा कि आज हम तेल, गैस के वैश्विक संकट से गुजर रहे हैं ऐसी अवस्था में हमें अपने देश का साथ देते हुए, कम दूरी को साइकिल की सहायता से तय कर वेशकीमती तेल को बचाकर वैश्विक संकट से उभर सकते हैं। इस अवसर साज सज्जा अजय शर्मा ने की, जलपान कराने में राजेंद्र सिंह, ठाकुर लाल का सहयोग रहा।

# सैनिक विपिन शर्मा की शहादत पर प्रियंका गांधी ने किया शोक व्यक्त



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भारतीय सेना की आर्मी मेडिकल कोर में तैनात राया ब्लाक के पिरसुआ गांव निवासी जवान विपिन शर्मा जी के आकस्मिक निधन पर अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की महासचिव सांसद प्रियंका गांधी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर ने गांव पिरसुआ पहुंचकर शहीद विपिन शर्मा को श्रद्धांजलि दी व सांसद प्रियंका गांधी द्वारा भेजे गए शोकपत्र को शहीद विपिन शर्मा जी के परिजनों को सौंपा। श्रीमती गांधी ने भेजे गए शोकपत्र के माध्यम से कहा है कि विपिन शर्मा जी की शहादत का समाचार सुनकर अत्यंत दुख हुआ है। एक बहादुर सैन्य कर्मी के रूप में श्री विपिन शर्मा जी मथुरा समेत पूरे देश का गौरव थे। देश के प्रति पूरी निष्ठा एवं समर्पण से उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए शहादत दी है,पूरा देश शहीद विपिन शर्मा एवं उनके समस्त परिवार के प्रति सदैव ऋणी रहेगा ईश्वर से प्रार्थना करती हूं दिवंगत आत्मा को अपनी श्री चरणों में स्थान दें एवं परिवार समेत आपको यह दुख सहने की शक्ति दें दुख की कठिन घड़ी में कांग्रेस परिवार की संवेदनाएं आपके साथ है। मुकेश धनगर ने जिला प्रशासन द्वारा शहीद को सम्मान ना देने पर आरोप लगाते हुए कहा कि देश की सेवा में लगे जवान अपने परिवार से दूर रहकर कर्तव्य निभाते हैं ऐसे में उनका निधन हो जाना पीड़ा दायक है लेकिन शहीद विपिन शर्मा का पार्थिव शरीर जब गांव पहुंचा तो जिला प्रशासन का एक भी व्यक्ति अंत्येष्टि में नहीं पहुंचा।

# मिशन शक्ति केंद्र में दंपति के विवाद में कराया समझौता

■ मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत काउंसलिंग कर सकुशल रवाना किया




अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत स्थानीय कोतवाली में नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्र पर एक दंपति के पारिवारिक विवाद का सफल समाधान कराया गया। पुलिस की पहल और काउंसलिंग के माध्यम से पति-पत्नी के बीच चल रहे मतभेद दूर कर दोनों पक्षों में समझौता करा दिया गया।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी एवं अभियान प्रभारीञ्चनिरीक्षक चंद्र प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में मिशन शक्ति केंद्र पर महिला हेड कांस्टेबल शशिवाला एवं महिला कांस्टेबल सीमा भदौरिया ने आवेदिका नीतू पत्नी खुशबुद्दीन निवासी मोहल्ला मुरादगंज द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर उनके पति खुशबुद्दीन पुत्र बसरूद्दीन निवासी बारामऊ सराय को मिशन शक्ति केंद्र पर बुलाया। इसके बाद दोनों पक्षों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा उन्हें आपसी संवाद, पारिवारिक सौहार्द और वैवाहिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हुए समझाया-बुझाया गया। काउंसलिंग के दौरान पति-पत्नी ने अपने मतभेद भुलाकर आपसी सहमति से साथ रहने और भविष्य में विवाद न बढ़ाने का आश्वासन दिया। दोनों पक्षों ने पुलिस की मध्यस्थता पर संतोष व्यक्त करते हुए समझौते पर सहमति जताई। काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद दंपति को संतुष्ट कर सकुशल रवाना किया गया। महिला हेड कांस्टेबल 'ाषिवाला ने बताया कि मिशन शक्ति केंद्र का उद्देश्य महिलाओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराना तथा पारिवारिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान कर सामाजिक सौहार्द बनाए रखना है।

## लड़कियों का ब्रेनवॉश करने वाला साधु बेशधारी गोवर्धन पुलिस ने धर दबोचा

**मथुरा।** गोवर्धन पुलिस ने साधु के वेश में घूम रहे एक शातिर अपराधी को किया गिरफ्तार।आरोपी का नाम अभिषेक मिश्रा है जो मूल रूप से उड़ीसा का रहने वाला है।थाना गोवर्धन को सूचना मिली थी कि राधाकुंड चौकी क्षेत्र में एक साधु वेशधारी युवक भोली भाली पढ़ी लिखी लड़कियों को बहला फुसलाकर उनका ब्रेनवॉश करता है और फिर उनके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देता है।सूचना पर तुरंत एक्शन लेते हुए थाना गोवर्धन पुलिस ने टीम गठित कर राधाकुंड क्षेत्र में दबिश दी।पुलिस ने आरोपी अभिषेक को मौके से गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बी.टेक की डिग्री ले चुका है और पिछले काफी समय से गोवर्धन क्षेत्र में साधु बनकर रह रहा था। आरोपी के कब्जे से पुलिस को कई संदिग्ध चीजें मोबाइल फोन और आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**गाजीपुर (अवधनामा संवाददाता)** सैदपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को तड़के सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वाराणसी-गोरखपुर हाईवे पर शेखपुर गांव के पास अज्ञात बोलेरो कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में देवकली निवासी 28 वर्षीय ऋतिक पाण्डेय उर्फ शानू गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, ऋतिक बुधवार सुबह बाइक से वाराणसी जा रहे थे। शेखपुर गांव के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह बाइक से दूर जा गिरे और उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तत्काल सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देने के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चाचा संतोष पाण्डेय की तहरीर पर अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ऋतिक बीएससी स्नातक थे और खेती-बाड़ी के साथ बच्चों को कोचिंग भी पढ़ाते थे। वह पुलिस विभाग में दरोगा भर्ती की तैयारी कर रहे थे। परिवार के इकलौते बेटे की असमय मौत से घर में शोक और मातम का माहौल है।

# जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दी जाएगी : डा. विकास

■ नवागंतुक सीएमओ का प्राइवेट नर्सिंग होम एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ने किया भव्य स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नवागंतुक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चंद्रा की तैनाती की गई है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया।

बुधवार को पदभार ग्रहण करने के उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चंद्रा से प्राइवेट नर्सिंग होम एसोसिएशन जिलाध्यक्ष डा. सरित दुवे ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होनें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुये नवागंतुक मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सफल कार्यकाल की कामना की। इस दौरान उन्होनें जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी एवं निजी चिकित्सालयों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चंद्रा ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी तथा स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों के समन्वय से जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनहित सर्वोपरि रहेगा। इस दौरान डॉ. केपी त्रिपाठी, बाई के मंजुल, डॉ. जाटव, डॉ रवि कुमार, डॉ अजहर सिद्दीकी उपस्थित रहे।

# महंगाई, बेरोजगारी और पेपर लीक पर सपा का प्रदर्शन

■ बेलगाड़ी लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ता




अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी मथुरा ने अपने सभी फ्रंटल संगठनो के साथ मिलकर जिला कलेक्टरेट कंपाउंड में धरना व प्रदर्शन किया प्रदेश के किसान नौजवान मजदूर व्यापारी छात्र आम जनमानस सरकार की नीतियों से तरसते हैं बढ़ती हुई महंगाई बेरोजगारी किसानों की समस्या उनकी उपज का उचित मूल्य युवाओं का भविष्य पेपर लीक के कारण लगातार अंधकार में होता जा रहा है कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है इन सभी बिंदुओं को लेकर समाजवादी पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं ने वटवृक्ष के नीचे धरना प्रदर्शन किया उसके बाद सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी बेल गाडी को सांकेतिक रूप में लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी कार्यालय की तरफ कूच किया। हजारों कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन के बिंदु इस प्रकार थे।बिजली की बढ़ती कीमतों स्मार्ट मीटर के द्वारा डाली जा रही डकैती व अवरुद्ध बिजली सप्लाई, छात्रों के साथ पेपर लीक से हो रहे अत्याचार, हाल ही में नीट,एनटीए,सीबीएसई बोर्ड की धाँधली सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर कर रही है।डीजल एवं पेट्रोल के बढ़ते दामों से लोगों में त्राहिमाम मचा हुआ है।अंतर्राष्ट्रीय दरों में बढ़ोतरी व कम होने की औसत के हिसाब से बढ़ाया या घटाया जाना चाहिए।परंतु कीमत बढ़ाकर आम जनमानस की जेब प ड़ाला जा रहा है।इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में जिला महासचिव सुभाष पाल.वरिष्ठ नेता प्रदीप चौधरी. जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव.जिला उपाध्यक्ष दिगंबर सिंह जाटव.जिला उपाध्यक्ष गगन रावत. जिला सचिव तुलसीराम धनगर जिला सचिव मोड ठाकुर युवजन सभा के जिला अध्यक्ष मुरारी मैथिल.समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष सोनू ठाकुर, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष नजर कुरैशी, छात्र सभा के अध्यक्ष संतोष यादव ,अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष नाजीम अब्बासी. अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संदीप अहेरिया, विधानसभा बलदेव अध्यक्ष राजेंद्र सिकरवार, विधानसभा मांठ अध्यक्ष संतोष शर्मा, विधानसभा गोवर्धन अध्यक्ष पोहप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष पर धर्मेंद्र चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष मथुरा शम्मी खान पिछड़ा वर्ग महानगर अध्यक्ष देवकीनंदन, अमर सिंह यादव, नीतू यादव, प्रहलाद ठाकुर,लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, बांके बिहारी बंटी चौहान, सागर, सोनू, रवि, बिल्लू पवन, मनीष आजाद, अजय, हरिंदर चौधरी, हुकम सिंह प्रधान आदि मौजूद रहे।

# मथुरा में बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** शहर के दरेसी क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए विद्युत विजिलेंस और शहरी रेड्स की संयुक्त टीम ने मनोहरपुरा इलाके में सात स्थानों पर छापेमारी कर कई मामलों का खुलासा किया। कार्रवाई के दौरान एक दर्जन से अधिक ई-रिक्शा अवैध रूप से बिजली चोरी कर चार्ज होते मिले, जबकि एक आरओ प्लांट भी डायरेक्ट कनेक्शन से संचालित पाया गया। टीम ने मौके से अवैध केबलों को जब्त कर लिया और पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी कराई। अचानक हुई इस चेकिंग से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और गड़बड़ी करने वालों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से दरेसी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर खराब होने, बार-बार फॉल्ट आने और केबल जलने की शिकायतें मिल रही थीं। इस फीडर पर अधिक लोड होने के कारण बिजली व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य अभियंता ने समीक्षा बैठक में सुधार के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में एसई शहरी मुदित तिवारी के निर्देश पर विजिलेंस प्रभारी अरुण कुमार, एई रेड्स सतेन्द्र, जेई किशन, जेई पवन और पुलिस बल की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान कई अन्य स्थानों पर भी बिजली चोरी के मामले सामने आए। अधिकारियों ने बताया कि पहले भी इस क्षेत्र में कई बार अभियान चलाया जा चुका है, जिसमें आधा सैकड़ा से अधिक लोगों के खिलाफ बिजली चोरी के मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं।

## सिंगापुर ओपन जीतने के दो दिन बाद लगा झटका:

# चोटिल हुए सत्विक, चिराग के साथ इंडोनेशिया ओपन में बीच मैच से हटे

**जकार्ता।** भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सत्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को इंडोनेशिया ओपन 2026 के पहले दौर के मुकाबले के दौरान चोट के कारण बाहर होना पड़ा। सत्विक के दाएं कंधे में परेशानी आने के बाद भारतीय जोड़ी ने मैच बीच में छोड़ दिया। यह घटना सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने के महज दो दिन बाद हुई। अब दोनों खिलाड़ी आगामी विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों को ध्यान में रखते हुए रिकवरी और पुनर्वास पर फोकस करेंगे।

मलयेशिया के कांग खाई शिंग और आरोन ताई के खिलाफ खेलते हुए भारतीय जोड़ी 6-11 से पीछे चल रही थी, तभी सात्विक ने अपने दाएं कंधे में दर्द की शिकायत की और मैच रोक दिया। इस सत्र में यह पहला मौका है जब विश्व नंबर-चार भारतीय जोड़ी को चोट के कारण मुकाबला छोड़ना पड़ा।

भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने सात्विक की चोट की पुष्टि करते हुए कहा,

**परेशानी**

**सत्विक के दाएं कंधे में परेशानी आने के बाद भारतीय जोड़ी ने मैच बीच में छोड़ दिया।**

'सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने सत्विक की चोट के कारण पॉलीट्रॉन इंडोनेशिया ओपन 2026 से नाम वापस ले लिया है। अब यह जोड़ी आगामी महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों की तैयारी के लिए रिकवरी और पुनर्वास पर ध्यान देगी। हम सत्विक के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं और जल्द ही दोनों को कोर्ट पर वापसी करते देखने की उम्मीद करते हैं।'

सात्विक और चिराग इंडोनेशिया ओपन में शानदार फॉर्म के साथ उतरे थे। उन्होंने रविवार को सिंगापुर ओपन का खिताब जीतकर लगभग दो साल से चला आ रहा अपना खिताबी सूखा




समाप्त किया था। फाइनल में भारतीय जोड़ी ने फजार अल्फियान और मोहम्मद सोहिबुल फिकरी को एक घंटे 13 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में हराया था। इससे एक सप्ताह पहले वे थाईलैंड ओपन के फाइनल में भी पहुंचे थे। सिंगापुर ओपन जीतने के बाद सात्विक ने खिलाड़ियों के लिए फिटनेस और शरीर की देखभाल के महत्व पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था, 'चोट सिर्फ मुझे नहीं लगती, किसी भी खिलाड़ी का करियर पूरी तरह परफेक्ट नहीं होता। मैंने महसूस किया है कि आपको अपने शरीर का सम्मान करना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा, 'मेरी खेल शैली काफी आक्रामक है, इसलिए कभी-कभी बड़े टूर्नामेंट भी छूट सकते हैं। आपको इसे पीछे छोड़कर आगे बढ़ना होता है, बड़े टूर्नामेंटों के लिए खुद को तैयार रखना होता है और अपने शरीर को सही तरीके से संभालना पड़ता है।' सात्विक ने यह भी कहा था, 'ओलंपिक के बाद से मैं अपने शरीर को काफी अच्छी तरह मैनेज कर रहा हूं। कुछ छोटी-मोटी समस्याएं आती रहती हैं, लेकिन यह खेल का हिस्सा है।'

जहां सद्वत्विक-चिराग की चोट ने भारतीय खेमे को निराश किया, वहीं मिश्रित युगल में रोहन कपूर और शिवानी रुथविका गड्डे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे की विश्व नंबर-20 जोड़ी यांग पो-ह्सुआन और हू लिंग फांग को 21-14, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। महिला एकल में पीवी सिंधू दूसरे दौर में पहुंचने वाली भारत की एकमात्र एकल खिलाड़ी रहीं। दूसरी ओर, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। अब भारतीय बैडमिंटन प्रशंसकों की निगाहें सत्विक की फिटनेस पर टिकी होंगी, क्योंकि अगस्त में नई दिल्ली में विश्व चैंपियनशिप और उसके बाद एशियाई खेल जैसे बड़े टूर्नामेंट होने हैं।

# जोडर को हराकर ज्वेरेव ने फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई, छह साल में पांचवीं बार अंतिम-4 में

**पेरिस।** दूसरे वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मंगलवार को युवा खिलाड़ी राफेल जोडर पर 7-6 (3) 6-1 6-3 से शानदार जीत दर्ज करते हुए फ्रेंच ओपन में अपनी उम्मीदें जिंदा रखीं। इसी के साथ वह छह साल में पांचवीं बार रोलैंड गैरोस के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। ज्वेरेव को कड़ी टक्कर मिली, लेकिन उन्होंने 2-5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए दो घंटे 17 मिनट में जीत हासिल की।

इस टूर्नामेंट के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने और इस सीजन में क्ले कोर्ट पर 19 जीत के साथ सबसे आगे रहने के बावजूद, 19 साल का यह खिलाड़ी पहला सेट जीतने की राह पर लग रहा था, उन्होंने सर्व तोड़कर 5-2 की बढ़त बना ली; लेकिन ज्वेरेव की काबिलियत काम आई, और जर्मन खिलाड़ी ने अगले छह में से पांच गेम जीतकर मैच को टाई-ब्रेक तक पहुंचा दिया। इसके बाद ज्वेरेव तेजी से 3-3 की



बराबरी पर पहुंचे और फिर लगातार चार प्वाइंट्स जीतकर सेट अपने नाम कर लिया।

वहां से ज्वेरेव पूरी तरह हावी हो गए। अपनी पहली सर्व पर 71 प्रतिशत प्वाइंट्स जीतकर और जोरदार फोरहैंड लगाते हुए, उन्होंने दूसरे सेट में 1-1 की बराबरी से लगातार सात गेम जीते और दो सेट की बढ़त के साथ मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली।

इस साल ज्वेरेव ने यहां पांच मुकाबलों में सिर्फ एक सेट गंवाया है, और अब जब जानिक सिनर और नोवाक जोकोविच जैसे दिग्गज टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं, तो ज्वेरेव खुद को अपने पहले ग्रैंड स्लैम का प्रबल दावेदार मान सकते हैं। ज्वेरेव का अगला मुकाबला या तो याकूब मेन्सिक से होगा या फिर जोआओ फोंसेका से होगा।

मैच के बाद ज्वेरेव ने कहा, 'यह काफी मुश्किल था। पहले सेट में वह लय में थे। मैं बहुत पीछे था और बहुत ज्यादा डिफेंसिव खेल रहा था। गेंद उतनी ऊंची नहीं उछल रही थी, इसलिए मुझे थोड़ा ज्यादा सीधा खेलना पड़ा।

## अक्तूबर से दिसंबर तक, 40 दिनों में भारत के खिलाफ 12 मैच खेलेगा न्यूजीलैंड

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड (एनजेडसी) ने बुधवार को अपने घरेलू अंतरराष्ट्रीय सत्र 2026/27 का कार्यक्रम जारी कर दिया। इस कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण भारत का न्यूजीलैंड दौरा है, जिसे मेजबान देश के इतिहास के सबसे बड़े द्विपक्षीय क्रिकेट दौरों में से एक माना जा रहा है। भारतीय टीम 22 अक्तूबर से एक दिसंबर 2026 तक न्यूजीलैंड में रहेगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच कुल 12 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें पांच टी20, पांच वनडे और दो टेस्ट मैच शामिल हैं। करीब 40 दिनों तक चलने वाला यह दौरा पांच प्रमुख शहरों में आयोजित किया जाएगा।

न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के मुख्य मार्केटिंग और कमर्शियल अधिकारी ग्लेन क्रिचली ने इस दौरे को बेहद खास बताया। उन्होंने कहा, 'यह एक पीढ़ी में एक बार आने वाला मौका है। जब क्रिकेट की बात आती है तो भारत से बड़ा कुछ नहीं है। हम न्यूजीलैंड के लोगों को ऐसा दौरा देने जा रहे हैं जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। यह सिर्फ क्रिकेट नहीं, बल्कि दोनों देशों के साझा इतिहास, संस्कृति और बढ़ती दोस्ती का उत्सव होगा।' न्यूजीलैंड सरकार ने भी इस दौरे को समर्थन देने की घोषणा की है। यह समर्थन भारत और न्यूजीलैंड के बीच लगभग 100 वर्षों से चले आ रहे खेल संबंधों को समर्पित बताया गया है।

भारत का दौरा पांच मैचों की टी20 सीरीज से शुरू होगा। पहला और दूसरा टी20 क्रमशः 22 और 24 अक्तूबर को क्राइस्टचर्च के हैगले ओवल में खेले जाएंगे। इसके बाद तीसरा टी20 27 अक्तूबर को वेलिंगटन में होगा, जबकि चौथा मुकाबला 30 अक्तूबर को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा। पांचवां और अंतिम टी20 मैच एक नवंबर को हैमिल्टन के सेडन पार्क में आयोजित होगा।

# मैग्नस कार्लसन को दो बार हराने के बाद प्रज्ञानंद ने खोला राज बताया- विश्व नंबर-1 के खिलाफ क्या रहती है रणनीति

**पेरिस।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंद ने नॉर्वे चेस 2026 में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को दूसरी बार क्लासिकल मुकाबले में हराकर खिताब की दौड़ को और रोमांचक बना दिया है। इस जीत के साथ 20 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी 12 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे अमेरिका के वेस्ली सो 14 अंकों और फ्रांस के अलीरेजा फिरूजा 13 अंकों के साथ मौजूद हैं। यह कार्लसन के खिलाफ प्रज्ञानंद की तीसरी क्लासिकल जीत भी थी, जो शीर्ष स्तर की शतरंज में एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

कार्लसन को दो बार हराने के बावजूद प्रज्ञानंद ने साफ कहा कि उनके मन में कभी भी विश्व नंबर-एक को लेकर डर नहीं रहा। उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं कभी उनसे भयभीत हुआ। उनके खिलाफ खेलते समय मैं हमेशा ज्यादा उत्साहित महसूस करता हूं। इससे मेरा सर्वश्रेष्ठ खेल बाहर आता




है। मुझे नहीं लगता कि उनकी मौजूदगी मेरे खेल को प्रभावित करती है। हमने कई संघर्षपूर्ण मुकाबले खेले हैं और मुझे उनके खिलाफ खेलना वास्तव में पसंद है।' भारतीय ग्रैंडमास्टर ने कहा कि इस चरण में मिली जीत उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण थी क्योंकि क्लासिकल मुकाबले में जीतने पर तीन अंक मिलते हैं। उन्होंने कहा, 'किसी भी प्रारूप में उन्हें हराना अच्छा लगता है, लेकिन इस समय टूर्नामेंट में जीत हासिल करना ज्यादा महत्वपूर्ण था, खासकर क्लासिकल मुकाबले में जहां तीन अंक मिलते हैं।'

प्रज्ञानंद ने माना कि इस मुकाबले में उन्होंने ज्यादा जोखिम उठाया क्योंकि टूर्नामेंट की स्थिति इसकी मांग कर रही थी। उन्होंने कहा, 'आज ज्यादा जोखिम मैंने लिया। परिस्थिति ऐसी थी कि लड़ना जरूरी था। मैग्नस भी जीत के लिए पूरी कोशिश करते। हम दोनों एक-दूसरे को हराना चाहते हैं, इसलिए कई बार ऐसी स्थिति बन जाती है जहां कुछ नहीं से भी कुछ निकल आता है।'

उन्होंने मुकाबले के उतार-चढ़ाव पर भी बात की। प्रज्ञानंद ने कहा, 'एक समय मैं काफी आशावादी था, लेकिन अंत की ओर मुझे लगा कि मुकाबला ड्रॉ हो सकता है। फिर एक गलती हुई। लंबे समय तक बचाव करने और समय के दबाव में ऐसी गलतियां हो जाती हैं।'

विश्व शतरंज में नई पीढ़ी के उभार को लेकर चल रही चर्चाओं पर प्रज्ञानंद ने कहा कि इसे जरूरत से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'हम पहले से ही शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल हैं। मैं नहीं मानता कि कोई गार्ड बदल रहा है। इन बातों को जरूरत से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है।

## प्रज्ञानंद ने रचा इतिहास: नॉर्वे शतरंज में कार्लसन को दूसरी बार हराया

**ओस्लो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंद ने नॉर्वे चेस 2026 में एक और यादगार उपलब्धि अपने नाम कर ली। उन्होंने मेजबान देश के स्टार खिलाड़ी और विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल मुकाबले में हराकर इतिहास रच दिया। यह इस टूर्नामेंट में कार्लसन के खिलाफ उनकी दूसरी क्लासिकल जीत रही। इस उपलब्धि के साथ प्रज्ञानंद एक ही नॉर्वे चेस संस्करण में कार्लसन को दो बार क्लासिकल प्रारूप में हराने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। साथ ही, वह इस वर्ष विश्व नंबर-1 खिलाड़ी को क्लासिकल मुकाबलों में दो बार हराने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। मुकाबला समाप्त होने के बाद कार्लसन के चेहरे पर निराशा साफ झलक रही थी। उन्होंने प्रज्ञानंद से हाथ मिलाया, सिर हिलाते हुए अपनी हताशा जाहिर की और कुछ ही देर बाद खेल क्षेत्र से बाहर चले गए। कार्लसन के लिए यह हार सिर्फ एक मैच गंवाने भर की नहीं थी, बल्कि उनके आठवें नॉर्वे चेस खिताब के सपने को भी बड़ा झटका देने वाली साबित हो सकती है। इस जीत के साथ 20 वर्षीय प्रज्ञानंद 12 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं और टूर्नामेंट जीतने की दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं। दूसरी ओर, कार्लसन का अभियान इस बार उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। उन्हें अब तक चार क्लासिकल मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है, जिनमें दो हार प्रज्ञानंद के खिलाफ आई हैं। टूर्नामेंट में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो 14 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने जर्मनी के विंसेंट कीमर को आर्मागेडन टाईब्रेक में हराकर अपनी बढ़त मजबूत की। वहीं फ्रांस के अलीरेजा फिरूजा ने मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश को क्लासिकल मुकाबले में हराकर 13 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल कर लिया।

## 'अविश्वसनीय मुलाकात', सीएम विजय से मिले निर्देशक आरजे बालाजी; 'करुप्पु' के लिए जताया आभार



**मुंबई।** निर्देशक आरजे बालाजी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'करुप्पु' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। अब हाल ही में आरजे बालाजी ने तमिलनाडु के नवोदित मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय (थलापति विजय) से मुलाकात की है। बालाजी ने इस मुलाकात की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। उन्होंने इस मुलाकात और अनुभव को अविश्वसनीय बताया है। अपने एक्स अकाउंट पर विजय से मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए आरजे बालाजी ने लिखा, 'उस शख्स के साथ जिसने करप्पू की शुरुआत की। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में उनसे मिलना अविश्वसनीय लग रहा है। वही प्यार, अपनापन, दयालुता और शांति। विजय सर हर चीज के लिए धन्यवाद।'

इससे पहले आरजे बालाजी ने पिछले दिनों एक इंटरव्यू में ये खुलासा किया था कि उन्होंने 'करुप्पु' के लिए पहले अभिनेता विजय को ही चुना था और उन्हें रोल ऑफर किया था। बालाजी के अनुसार, यह प्रोजेक्ट शुरू में विजय को ध्यान में रखकर बनाया गया था और अभिनेता के सिनेमा से दूर होकर पूरी तरह राजनीति पर ध्यान केंद्रित करने से पहले इस पर चर्चा हुई थी। लेकिन अंततः विजय ने इसे न करने का फैसला किया, जिसका आरजे बालाजी ने सम्मान किया। इसके बाद सूर्या फिल्म का हिस्सा बने। आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित 'करुप्पु' में सूर्या के साथ तृषा कृष्णन प्रमुख भूमिका में नजर आई हैं। यह फिल्म वेट्टाई करप्पू की कहानी है, जो एक संरक्षक देवता हैं और भ्रष्टाचार और अन्याय से लड़ने के लिए वकील का रूप धारण करते हैं। सूर्या और तृषा कृष्णन के अलावा, फिल्म में आरजे बालाजी, इंद्रन्स, अनाघा माया रवि और नट्टी सुब्रमण्यम भी हैं। फिल्म सफल रही है और बॉक्स ऑफिस पर फिल्म दुनियाभर में 300 करोड़ रुपए से भी ऊपर की कमाई कर चुकी है।

# अभिनेता इदरीस एल्बा को मिला 'नाइटहुड' का सम्मान किंग चार्ल्स ने कंधों पर रखी तलवार, एक्टर ने सोशल मीडिया पर

**मुंबई।** विंडसर कैसल लंदन में हुए समारोह में अभिनेता इदरीस एल्बा को नाइटहुड का सम्मान मिला। इन खास पलों को एक्टर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया। इसके साथ ही सम्मान के लिए शुक्रिया कहा।

अभिनेता इदरीस एल्बा को 'नाइटहुड' की उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह समारोह विंडसर कैसल लंदन में 2 जून को आयोजित हुआ था। इस खास मौके पर एल्बा के अलावा कई हस्तियों को भी सम्मानित किया। इनमें जेन टोरविल, क्रिस्टोफर डीन, मीरा स्याल भी शामिल थीं।

'हाइजैक' स्टार इदरीस एल्बा को किंग चार्ल्स ने उन्हें यह उपाधि प्रदान की। लंदन में समारोह में राजा चार्ल्स ने कार्यकर्ता, संगीतकार, और अभिनेताओं को नाइट की उपाधि से सम्मानित किया। इसी मौके पर एड्रिस को युवाओं के लिए उनके द्वारा दी गई सेवाओं के लिए

**रिलीज**

**ब्रिटेन के शाही परिवार के राजा चार्ल्स ने इस समारोह में जब इदरीस एल्बा को सम्मानित किया। तब वह शाही परिवार के सम्मान में घुटनों पर बैठ गए।**

'नाइटहुड' इस सम्मान से नवाजा गया। इसके बाद एड्रिस एल्बा ने सोशल मीडिया पर राजपरिवार के पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, 'हम इसके लिए आभारी हैं। हमारा काम इसी तरह चलता रहेगा।'

ब्रिटेन के शाही परिवार के राजा चार्ल्स ने इस समारोह में जब इदरीस एल्बा को सम्मानित किया।



तब वह शाही परिवार के सम्मान में घुटनों पर बैठ गए। इसके बाद राजा चार्ल्स ने उनके कंधों पर उनकी तलवार पर स्पर्श करके उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इन खूबसूरत पलों की तस्वीर राजपरिवार ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर कीं। जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'विंडसर कैसल में राजा द्वारा आयोजित आज के सम्मान समारोह में सम्मानित होने वाले सभी लोगों को बधाई।'

अभिनेता इदरीस एल्बा और किंग चार्ल्स की यह दूसरी मुलाकात थी। इससे पहले वह किंग ट्रस्ट के साथ अपने काम के सिलसिले में बकिंघम पैलेस में एक गार्डन पार्टी में भी शामिल हुए थे। एक्टर ने कला के क्षेत्र में 18 साल की उम्र में की थी। जिसके लिए उन्हें किंग ट्रस्ट ने मदद की थी। एक मीडिया हाउस से बातचीत में उन्होंने बताया था कि उनके लिए युवाओं और उनकी समस्याओं के लिए आवाज उठाने के लिए सम्मानित होना बड़ी बात है।

एक्टर इदरीस एल्बा के साथ जेन टोरविल और क्रिस्टोफर डीन के डेमहुड और नाइटहुड से सम्मानित किया गया, अभिनेत्री और लेखिका मीरा स्याल को डेमहुड से नवाजा गया। इंटरटेनर पॉल इलियट को एमबीई (ब्रिटिश साम्राज्य के सबसे उत्कृष्ट आदेश के सदस्य) का सम्मान मिला। बेट्टी ब्राउन को न्याय के क्षेत्र में उनकी सेवाओं के लिए ओबीई (ब्रिटिश साम्राज्य के सबसे उत्कृष्ट आदेश के अधिकारी) से सम्मानित किया गया।

# प्रोड्यूसर्स गिल्ड ने एक्टर्स के अचानक फिल्म जोड़ने पर जताई नाराजगी, अक्षय खन्ना और रणवीर सिंह से है कनेक्शन

**मुंबई।** 'डॉन 3' से जुड़े विवाद को लेकर रणवीर सिंह लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। FWICE से असहयोग निर्देश जारी होने के बाद रणवीर ने FWICE को लीगल नोटिस भेजा है। वहीं आज FWICE ने रणवीर के खिलाफ जारी असहयोग निर्देश के फैसले को भी वापस ले लिया। इस बीच अब प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने अभिनेताओं, निर्देशकों और तकनीशियनों द्वारा आखिरी समय में प्रोजेक्ट से हटने के बढ़ते चलन के खिलाफ कड़ा बयान जारी किया है।

किसी का नाम लिए बिना प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने कहा कि उसे दो सदस्य प्रोडक्शन हाउस, एक्सेल एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड और पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल लिमिटेड से औपचारिक शिकायतें मिली हैं। इनमें फिल्म की शूटिंग शुरू होने से कुछ ही दिन पहले कलाकारों के बाहर होने की बात कही गई है। ये शिकायतें 'डॉन 3' से रणवीर सिंह के बाहर होने और 'दृश्यम 3' से अक्षय खन्ना के बाहर होने से संबंधित हैं। यह बयान



फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉईज (FWICE) द्वारा रणवीर सिंह के अचानक फिल्म छोड़ने के विरोध में असहयोग का निर्देश जारी करने के कुछ दिनों बाद आया है।

एक हफ्ते बाद रणवीर ने अपने खिलाफ जारी निर्देश के खिलाफ फिल्म संस्था को कानूनी नोटिस भेजा है। हालांकि, FWICE ने रणवीर के खिलाफ असहयोग निर्देश भी वापस ले लिया है।

अपने बयान में प्रोड्यूसर्स गिल्ड ने कहा, 'हमें एक्सेल एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड और पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल लिमिटेड से इन मामलों में शिकायतें मिली हैं, जो फिल्म की शूटिंग शुरू होने से कुछ ही दिन पहले सामने आए हैं।

इंडस्ट्री के किसी भी सदस्य को ऐसे व्यवहार में शामिल नहीं होना चाहिए, जिसके कारण इन मामलों में हमारे सदस्य प्रोड्यूसर्स के साथ-साथ इंडस्ट्री के अन्य डिपार्टमेंट्स को भी भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। इंडस्ट्री के किसी भी सदस्य द्वारा ऐसे कामों के गंभीर और दूरगामी नतीजे होते हैं और ये भरोसा, प्रोफेशनलिज्म और म्युचुअल रिस्पेक्ट की भावना को कमजोर करते हैं, जिस पर फिल्म इंडस्ट्री आधारित है।'

अक्षय खन्ना के 'दृश्यम 3' छोड़ने पर पहले खबरें आई थीं कि उन्होंने 'धुरंधर' की सफलता और फीस को लेकर मतभेदों के बाद फिल्म से किनारा कर लिया था। बाद में प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक ने खुलासा किया कि अक्षय ने 'धुरंधर' की रिलीज से ठीक एक दिन पहले इस प्रोजेक्ट से किनारा कर लिया।

बताया जाता है कि यह फैसला फिल्म की शूटिंग शुरू होने से कुछ ही हफ्ते पहले आया, जिससे निर्माता हैरान रह गए। उन्होंने आगे बताया कि स्क्रिप्ट सेशन के बाद अक्षय खन्ना नरेशन से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने निर्देशक को गले लगा लिया था। लेकिन इसके बाद बार-बार कॉन्टैक्ट करने के बाद भी अक्षय की ओर से कोई जवाब नहीं मिला।

## एसजे सूर्या की फिल्म 'किलर' के सेट पर हादसा! एक टेक्नीशियन का हुआ निधन, तीन घायल

**मुंबई।** अभिनेता एसजे सूर्या की अपकमिंग फिल्म 'किलर' के सेट पर बुधवार तड़के एक हादसा हो गया। इस हादसे में एक टेक्नीशियन की मौत हो गई। हादसे में कम से कम तीन अन्य घायल हो गए। एक अहम सीन की शूटिंग के दौरान एक बैलून गैस सिलेंडर फट गया। टेक्नीशियनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनमें से एक को बचाया नहीं जा सका। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना बुधवार सुबह करीब 5 बजे चेन्नई के पेरम्बूर में मौजूद बिन्नी मिल्स कॉम्प्लेक्स में हुई। जब एक बम धमाके का सीन फिल्माया जा रहा था, तभी शूटिंग के लिए इस्तेमाल किया जा रहा एक बैलून गैस सिलेंडर फट गया। मदुरवोयल के मदन (26), कुंद्रथुर के शक्तिवेल (27), मदुरवोयल के सूर्या (23) और नेरकुंड्रम के दिनाकरन (24) नाम के टेक्नीशियन घायल हो गए।

## 'मेरे लिए मामला खत्म है', शिल्पा शिंदे के बयान पर 'भाबीजी घर पर हैं' के प्रोडूसर संजय कोहली ने दी प्रतिक्रिया

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे के हालिया खुलासे ने एक बार फिर 'भाबीजी घर पर हैं' विवाद को चर्चा में ला दिया है। हाल ही में शिल्पा शिंदे ने खुलासा करते हुए बताया कि शो के प्रोड्यूसर संजय कोहली के खिलाफ लगाया गया यौन उत्पीड़न का आरोप झूठा था। अब शिल्पा के हालिया बयान के बाद अमर उजाला ने निर्माता संजय कोहली से बात की। हालांकि, उन्होंने इस विवाद पर विस्तार से बात करने से परहेज किया और कहा कि उनके लिए मामला अब पूरी तरह से खत्म हो चुका है।

संजय कोहली ने शिल्पा शिंदे के बयान और मामले पर कहा, 'देखिए, मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है। वैसे भी यह एक लीगल मैटर है। मेरे लिए यह अब क्लोज्ड चैप्टर है। इसीलिए मैं इस पर कोई बात नहीं करना चाहता।'

बता दें कि हाल ही में एक पॉडकास्ट में शिल्पा शिंदे ने 'भाबीजी घर पर हैं' से जुड़े पुराने विवाद पर खुलकर बात की थी।



उन्होंने कहा कि उस समय वह कानूनी और प्रोफेशनल परेशानियों से गुजर रही थीं। शिल्पा के मुताबिक, उस दौर में उन्हें लगा कि शिकायत दर्ज कराने के अलावा उनके पास कोई दूसरा रास्ता नहीं था। उन्होंने यह भी बताया कि बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था और भुगतान से जुड़े सभी मामले सुलझा लिए गए थे। शिल्पा ने यह भी माना कि उस विवाद का असर संजय कोहली की इमेज पर पड़ा था।

उन्होंने बताया कि समझौते के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के बारे में सार्वजनिक रूप से बात नहीं करने का फैसला किया था। शिल्पा का कहना है कि वह कई साल से इस पूरे मामले का बोझ अपने मन में लिए हुए थीं, इसलिए अब उन्होंने इस पर खुलकर बात की।

2016 में 'भाबीजी घर पर हैं' छोड़ने के बाद शिल्पा शिंदे और शो के निर्माताओं के बीच विवाद काफी सुर्खियों में रहा था। दोनों तरफ से कई आरोप लगाए गए थे और मामला कानूनी लड़ाई तक पहुंच गया था। लंबे समय तक यह टीवी इंडस्ट्री के सबसे चर्चित विवादों में से एक रहा।

# अंतिम चरण में पहुंचा भारत-अमेरिका व्यापार समझौता अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर- अब सिर्फ 1% काम बाकी

**परमाणु**

**अमेरिकी राजदूत ने कहा कि दोनों देश नागरिक परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी साझेदारी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दशकों में इस क्षेत्र में सहयोग और मजबूत होगा।**



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता अंतिम चरण में पहुंच गया है। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि केवल एक प्रतिशत काम बाकी है और यह डील दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगी। उन्होंने बताया कि अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल भारत में बड़े निवेश कर रहे हैं। आइए, विस्तार से समझते हैं अमेरिकी राजदूत ने इस व्यापार समझौते पर और क्या-क्या कहा... भारत और अमेरिका के बीच बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते को लेकर अमेरिकी राजदूत ने बड़ा बयान दिया है। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुका है और अब केवल एक प्रतिशत काम बाकी है। मुंबई में आयोजित सिटी 2026 इंडिया कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि दोनों देश इस समझौते को लेकर बेहद आशावादी हैं और यह डील भारत और अमेरिका दोनों के लिए फायदे का सौदा साबित होगी। सर्जियो गोर ने आगे कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते केवल व्यापार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह साझेदारी आने वाले समय में दुनिया की दिशा तय करेगी।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का चार दिनों तक भारत दौरे पर रहना इस रिश्ते की गंभीरता और गहराई को दिखाता है। गोर ने कहा कि अमेरिका भारत को रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है और दोनों देशों के बीच लगातार भरोसा मजबूत हो रहा है।

अमेरिकी राजदूत ने कहा कि प्रस्तावित व्यापार समझौता दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते निवेश से रोजगार, तकनीक और उद्योगों को बड़ा लाभ मिलेगा। गोर के मुताबिक अमेरिका की कई बड़ी कंपनियां भारत में भारी निवेश कर रही हैं, जिससे भारत की डिजिटल और तकनीकी ताकत और बढ़ेगी। सर्जियो गोर ने कहा कि भारत और अमेरिका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल टेक्नोलॉजी और दवा उद्योग में मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2025 में TRUST पहल शुरू की थी। इस पहल का मकसद रणनीतिक तकनीकों, एआई विकास और भरोसेमंद सप्लाई चेन को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आज अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली करीब 40 प्रतिशत जेनेरिक दवाएं भारत से जाती हैं।

अमेरिकी राजदूत ने कहा कि दोनों देश नागरिक परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी साझेदारी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दशकों में इस क्षेत्र में सहयोग और मजबूत होगा। इसके अलावा भारत और अमेरिका ने हाल ही में क्रिटिकल मिनरल्स फ्रेमवर्क पर भी हस्ताक्षर किए हैं। इसका मकसद ऊर्जा और उन्नत तकनीक के लिए जरूरी खनिजों की सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

सर्जियो गोर ने कहा कि भारत और अमेरिका मिलकर सप्लाई चेन को सुरक्षित बनाना चाहते हैं ताकि किसी एक देश के दबदबे पर निर्भरता कम हो।

उन्होंने कहा कि दोनों देश ऐसे नेटवर्क तैयार कर रहे हैं जो बाजार में दबाव और एकाधिकार की स्थिति को कमजोर कर सकें। माना जा रहा है कि यह कदम वैश्विक रणनीतिक संतुलन के लिहाज से भी बेहद अहम माना जा रहा है।

# गुजरात में पकड़े गए बांग्लादेशियों के पास मिले आधार कार्ड, पुलिस कर रही जांच



**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में पुलिस ने बुधवार को कई संदिग्ध अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिए है। इन सभी प्रवासियों के पास से आधार कार्ड मिले। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने शहरव्यापी अभियान में कई संदिग्ध अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिए है। इसके साथ ही इन प्रवासियों के बारे में सबूत जुटाए हैं। उन्होंने धोखाधड़ी के माध्यम से आधार कार्ड लिए थे। इसके चलते दस्तावेज जालसाजी नेटवर्क और भारत में उनके रहने को सुविधाजनक बनाने के लिए इस्तेमाल किए गए तरीकों की व्यापक जांच शुरू की गई है।

बुधवार को चल रही कार्रवाई पर जानकारी देते हुए संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध), शरद सिंघल ने कहा कि गुजरात भर में चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान 'ऑपरेशन डेल्टा हंट' के दौरान गिरफ्तार किए गए 300 से अधिक व्यक्तियों में से अब तक 166 लोगों की बांग्लादेशी नागरिक के रूप में पुष्टि की गई है। सिंघल ने कहा, 'इन 166 लोगों में से काफी लोगों ने अवैध रूप से भारतीय आधार कार्ड बनवाए थे। हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि ये दस्तावेज किसके माध्यम से बनवाए गए थे।' उन्होंने आगे बताया कि पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि ये लोग भारत में कैसे दाखिल हुए। वह क्या काम करते थे और वह किन माध्यमों से पैसे भेजते थे। अहमदाबाद में यह अभियान शहर के पुलिस आयुक्त जीएस मलिक की देखरेख में चलाया गया। इसमें क्राइम ब्रांच, साइबर क्राइम ब्रांच, स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप और स्थानीय पुलिस स्टेशनों से ली गई 30 से अधिक टीमें शामिल थीं। नारोदा, दानिलिमदा, वटवा, वटवा जीआईडीसी, जुहापुरा और अन्य क्षेत्रों में छापेमारी और सत्यापन अभियान चलाए गए। सिंघल ने कहा कि मानवीय स्रोतों और तकनीकी निगरानी दोनों के माध्यम से जुटाई गई खुफिया जानकारी से पता चलता है कि हिरासत में लिए गए, कुछ लोग चंदोला झील के आसपास पहले की गई प्रवर्तन कार्रवाइयों से जुड़े हो सकते हैं। उन्होंने कहा, 'पिछले साल जब हमने चंदोला ऑपरेशन चलाया था, तब कई लोग भाग गए थे। मिली जानकारी के अनुसार, उनमें से कुछ लोग बाद में अहमदाबाद और उसके आसपास के इलाकों में रहने लगे थे।' पुलिस ने इस अभियान के दौरान 300 से अधिक पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को हिरासत में लिया।

## शिवकुमार बने 34वें मुख्यमंत्री, जी परमेश्वर को मिला उपमुख्यमंत्री का पद



**बंगलूरू।** कर्नाटक में आज डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। डीके शिवकुमार का शपथ ग्रहण समारोह शाम 4 बजे लोकभवन में होगा। कार्यक्रम में कई वीवीआईपी मेहमानों के भी शामिल होने की उम्मीद है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम को देखते हुए बंगलूरू प्रशासन ने कई जगहों पर ट्रैफिक डायवर्जन किया है और लोकभवन के आसपास खास इंतजाम किए गए हैं।

जी परमेश्वरा ने ली कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ बंगलूरू में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. जी परमेश्वर ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। कर्नाटक में सत्ता परिवर्तन के बीच डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले रहे हैं। शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत वंदे मातरम् के साथ हुई। डीके शिवकुमार कर्नाटक के 34वें मुख्यमंत्री बने हैं।

कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत वंदे मातरम् के साथ हुई। समारोह में शिवकुमार सभी कांग्रेस नेताओं से मिल रहे हैं। इस दौरान राहुल गांधी को भी उन्होंने गले लगाया।

कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के शपथ ग्रहण समारोह पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि यह एक अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि डीके शिवकुमार लंबे समय से पार्टी के कार्यकर्ता रहे हैं और वह प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। यह फैसला एक समझौते के तहत लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि शिवकुमार अगले तीन वर्षों में सिद्धारमैया द्वारा शुरू की गई कांग्रेस की नीतियों को आगे बढ़ाएंगे।

कई धर्मगुरुओं ने कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से मुलाकात की, जब वे उनके शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए लोक भवन पहुंचे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी तथा कांग्रेस विधायक दल के नेता डीके शिवकुमार लोक भवन पहुंचे। डीके शिवकुमार कुछ ही देर में कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, भावी मुख्यमंत्री शिवकुमार और पूर्व गृह मंत्री जी परमेश्वर, खरगे व राहुल गांधी का बंगलूरू में स्वागत करते नजर आए। जी परमेश्वर उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे।

# कॉकरोच जनता पार्टी ने तीन प्रवक्ताओं के नामों का किया एलान

## खोजी पत्रकार सौरव दास को बनाया मुख्य प्रवक्ता




**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया आधारित विरोध अभियान कॉकरोच जनता पार्टी ने मुख्यधारा की राजनीति में उतरने के संकेत दिए हैं। सीजेपी ने अपने तीन प्रवक्ताओं के नामों का एलान किया है। साथ ही सीजेपी ने कहा है कि वे भारत में राजनीतिक विमर्श को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

कॉकरोच जनता पार्टी ने जनता और मीडिया से बात करने के लिए तीन प्रवक्ताओं की नियुक्ति की है। सीजेपी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट कॉकरोच इज बैक के जरिए सोशल मीडिया पर इन नियुक्तियों की जानकारी दी। पोस्ट के अनुसार, खोजी पत्रकार सौरव दास को पार्टी का मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है। इनके अलावा, राजनीतिक शोधकर्ता, लेखिका और फिल्म निर्माता विजेता दहिया तथा आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र और वैश्विक प्रबंधन परामर्श कंपनी मैकिंजी से जुड़े रहे आशुतोष रांका को भी पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

सीजेपी ने कहा है कि वह भारत में राजनीतिक विमर्श को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है और इस पहल का नेतृत्व नई पीढ़ी के नेता करेंगे। पोस्ट में दावा किया गया है कि पार्टी का उद्देश्य देश में नई राजनीतिक सोच और संवाद को बढ़ावा देना है, जिसके लिए युवा नेतृत्व को आगे लाया जा रहा है। सौरव दास को कानूनी, न्यायिक और सामाजिक मुद्दों पर केंद्रित पत्रकारिता करने का अनुभव है। सीजेपी ने दावा किया है कि साल 2025 में इंडिया गेट पर प्रदूषण के खिलाफ जो विरोध प्रदर्शन हुआ था, उसमें सौरव दास की प्रमुख भूमिका थी। वहीं विजेता दहिया यूट्यूब पर कई शोध और कंटेंट क्रिएशन कर चुकी हैं। विजेता दहिया ने किताबें भी लिखी हैं। साथ ही कुछ वैश्विक फिल्मों में लेखन और निर्देशन भी किया है। आईआईटी, कानपुर और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के पूर्व छात्र रहे आशुतोष रांका लंदन में प्रतिष्ठित परामर्श कंपनी मैकिंजे में काम कर चुके हैं और बीते साल भारत लौटे हैं। आशुतोष रांका पर्यावरण शिक्षा और युवाओं से जुड़े विभिन्न अभियानों से जुड़े हैं।

कॉकरोच जनता पार्टी नामक सोशल मीडिया अभियान के संस्थापक अभिजीत दीपके ने एलान किया है कि वे 6 जून को भारत आ रहे हैं। अभिजीत दीपके फिलहाल अमेरिका में हैं। दीपके ने ये भी कहा कि वे दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करके शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने अपनी एक टिप्पणी में बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच कह दिया था। जिस पर खूब विवाद हुआ और इस विवाद के बाद ही सोशल मीडिया पर विरोध अभियान कॉकरोच जनता पार्टी की शुरुआत हुई। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर के रहने वाले अभिजीत दीपके ने इस सोशल मीडिया अभियान की शुरुआत की।

### ईंधन बचाने की मुहिमः कार पूलिंग कर एक साथ पहुंचे केंद्रीय मंत्री, कैबिनेट बैठक में जाने के लिए वाहन किया शेयर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली की अपील के समर्थन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सीआर पाटिल और जी किशन रेड्डी कैबिनेट बैठक में कारपूलिंग कर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाने और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने की अपील का असर अब केंद्रीय मंत्रियों में भी दिखाई देने लगा है। बुधवार को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सीआर पाटिल और जी किशन रेड्डी कैबिनेट बैठक में शामिल होने के लिए एक ही वाहन में कारपूलिंग कर पहुंचे। इस मौके पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल और डीजल की अनावश्यक खपत कम करने की अपील की है, जिसे देशभर में सकारात्मक समर्थन मिल रहा है।

## कुवैत हवाई अड्डे पर ड्रोन हमला, एक भारतीय नागरिक की मौत



**कुवैत।** कुवैत हवाई अड्डे पर हुए ड्रोन हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। भारतीय दूतावास पीड़ित परिवार की मदद कर रहा है। कुवैत ने इस हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं ईरान ने इसे अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई बताया है। कुवैत हवाई अड्डे पर हुए एक भीषण हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। कुवैत में स्थित भारतीय दूतावास ने इस दुखद घटना की पुष्टि की है। दूतावास ने भारतीय नागरिक की मौत पर गहरा दुख जताया है। दूतावास के अधिकारी पीड़ित परिवार के साथ लगातार संपर्क में बने हुए हैं। वे परिवार को हर मुमकिन सहायता और सहयोग देने के लिए कुवैत के अधिकारियों के साथ तालमेल बिठा रहे हैं। इस हमले में जो लोग घायल हुए हैं, दूतावास उन्हें भी पूरी मदद पहुंचाने का काम कर रहा है।

यह हमला कुवैत अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे की पैसेंजर बिल्डिंग को निशाना बनाकर किया गया था। कुवैत की सेना ने आरोप लगाया है कि ईरान ने ड्रोन के जरिए यह हमला किया। सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने इसे ईरान की आपराधिक आक्रामकता बताया है। इस हमले की वजह से हवाई अड्डे की इमारत को भारी नुकसान पहुंचा है। हमले में कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुरक्षा कारणों से कुवैत ने हवाई यातायात को रोक दिया है और उड़ानों को दूसरे हवाई अड्डों की तरफ मोड़ दिया गया है।

]वहीं, ईरान के सरकारी मीडिया 'प्रेस टीवी' ने एक अलग दावा किया है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स का कहना है कि उन्होंने यह हमला जवाबी कार्रवाई के तौर पर किया है। ईरान के मुताबिक, अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास उनके एक तेल टैंकर और कश्म द्वीप पर एक संचार टावर को निशाना बनाया था। इसके जवाब में ईरान ने बहरीन में मौजूद अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय और एक क्षेत्रीय एयरबेस पर मिसाइलें और ड्रोन दागे।

कुवैत की सेना ने कहा है कि वे हालात पर पूरी नजर रखे हुए हैं। देश की सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए सेना पूरी तरह तैयार है। वे किसी भी स्थिति से निपटने के लिए जरूरी कदम उठा रहे हैं। पश्चिम एशिया में बिगड़ते सुरक्षा हालातों के बीच इस हमले ने तनाव को और बढ़ा दिया है।

### 'रूसी तेल खरीद पर छूट खत्म करेगा US: सीनेट की विदेश संबंध समिति के समक्ष बोले रुबियो

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि अमेरिका रूसी तेल पर दी जा रही विशेष छूट को जल्द से जल्द समाप्त करना चाहता है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संबंध में अंतिम फैसला अमेरिकी वित्त मंत्रालय लेता है। अमेरिकी सीनेट की विदेश संबंध समिति के समक्ष बोलते हुए रुबियो ने कहा कि रूस के तेल पर प्रतिबंध लगाना अमेरिका की मूल नीति रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दी गई छूट अस्थायी है और इसका उद्देश्य वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति बनाए रखना है ताकि ऊर्जा संकट को रोका जा सके। अमेरिका ने संकेत दिया है कि वह रूसी तेल खरीदने वाले देशों को दी गई प्रतिबंधों से छूट को जल्द समाप्त करना चाहता है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सीनेट की विदेश संबंध समिति के समक्ष यह बात कही।

# अब विदेश यात्रा नहीं कर पाएंगे पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे, कोर्ट ने लगाई रोक



**कोलंबो।** श्रीलंका की अदालत ने 2019 के ईस्टर बम धमाकों की जांच के चलते पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे समेत कुछ पूर्व सैन्य अधिकारियों की विदेश यात्रा पर रोक लगा दी है। जांच एजेंसियों को आशंका है कि इनके देश छोड़ने से जांच प्रभावित हो सकती है। मामले में पूर्व खुफिया प्रमुख सुरेश सल्ले को भी संदिग्ध मानकर हिरासत में रखा गया है। पढ़िए रिपोर्ट- श्रीलंका की एक कोर्ट ने 2019 के ईस्टर आतंकी हमले की जांच के सिलसिले में पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे और दो पूर्व सैन्य अधिकारियों के विदेश यात्रा करने पर रोक लगा दी है।

कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट अदालत ने यह आदेश आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) की ओर से दायर याचिका पर विचार करने के बाद दिया। सीआईडी 21 अप्रैल 2019 को हुए आत्मघाती बम धमाकों की जांच कर रही है। इन धमाकों में देशभर के चर्चों और लग्जरी होटलों को निशाना बनाया गया था। हमलों में 11 भारतीयों समेत 270 लोगों की मौत हुई थी।

मजिस्ट्रेट पसान अमरसेकरा ने यह आदेश उस समय जारी किया, जब राज्य की खुफिया एजेंसी के पूर्व प्रमुख सुरेश सल्ले से जुड़े मामले की सुनवाई अदालत में हुई। सुरेश सल्ले को इस मामले में संदिग्ध माना गया है। हमलों के कथित मुख्य साजिशकर्ता का पता लगाने की जांच के तहत उन्हें 25 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल उन्हें हिरासत में रखा गया है।

हमले के समय सल्ले विदेश में एक राजनयिक पद पर कार्यरत थे। वर्ष 2015 से पहले महिंदा राजपक्षे सरकार के दौरान वह राज्य खुफिया सेवा के प्रमुख रह चुके थे। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि यदि गोटाबाया राजपक्षे और दोनों सैन्य अधिकारी देश छोड़कर चले जाते हैं, तो चल रही जांच प्रभावित हो सकती है।

पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के छोटे भाई गोटाबाया राजपक्षे ने बम धमाकों के कुछ समय बाद राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की थी। बाद में उन्होंने नवंबर 2019 का राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया था। जांचकर्ताओं का आरोप है कि ईस्टर हमलों का इस्तेमाल ऐसा असुरक्षा का माहौल बनाने के लिए किया गया हो सकता है, जिससे गोटाबाया राजपक्षे के चुनाव अभियान को फायदा मिला। हालांकि, कोर्ट में अब तक ऐसा कोई आरोप साबित नहीं हुआ है।

जुलाई 2022 में श्रीलंका के कई दशकों के सबसे गंभीर आर्थिक संकट के दौरान बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बाद गोटाबाया राजपक्षे को राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देना पड़ा था। उनके आलोचकों ने उनकी सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। गोटाबाया राजपक्षे ने बम धमाकों से जुड़ी किसी भी साजिश में शामिल होने के आरोपों से बार-बार इनकार किया है।

ईस्टर हमले स्थानीय इस्लामी चरमपंथी संगठन नेशनल तौहीद जमात ने किए थे, जिसका संबंध आईएसआईएस से बताया गया था।

### इस्राइल में गृहयुद्ध जैसे हालातः सैन्य भर्ती के खिलाफ सड़कों पर उतरे अति-रूढ़िवादी यहूदी

**यरूशलम।** इस्राइल में अनिवार्य सैन्य भर्ती के खिलाफ हजारों अति-रूढ़िवादी यहूदियों ने हिंसक प्रदर्शन कर यरुशलम और तेल अवीव सहित कई शहरों को ठप कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने राजमार्ग जाम किए, कारों में आग लगाई और रेल यातायात को बाधित करने के साथ-साथ एक सैनिक पर भी हमला किया, जिसके बाद पुलिस को पानी की बौछारें छोड़नी पड़ीं। इस्राइल में हजारों अति-रूढ़िवादी यहूदियों ने अनिवार्य सैन्य भर्ती के विरोध में जबरदस्त प्रदर्शन किया और सड़कें जाम कीं। हिंसक प्रदर्शनकारियों ने रेल यातायात बाधित कर दिया और कुछ स्थानों पर कारों में आग लगा दी। पुलिस ने कहा, प्रदर्शनकारियों ने कई प्रमुख चौराहों को रोका और एक बस से उतरे सैनिक पर हमला किया।

## पांच महीने की बच्ची की हत्या करने वाले शख्स को दिया गया मौत का इंजेक्शन

### 29 साल पहले मिला था मृत्युदंड



**फ्लोरिडा।** फ्लोरिडा में तीन दशक पुराने शिशु हत्या मामले में दोषी ठहराए गए 53 वर्षीय एंड्रयू रिचर्ड ल्यूकार्ट को मृत्युदंड दे दिया गया। उस पर अपनी प्रेमिका की पांच माह की बेटी की मौत के बाद शव को तालाब में छिपाने का आरोप साबित हुआ था। मौत की सजा से पहले उसने माफी मांगी। उसकी कानूनी टीम ने स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों और सीमित समय मिलने का हवाला देकर सजा रोकने की कोशिश की थी, लेकिन सभी अपीलें खारिज हो गईं। अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में अपनी प्रेमिका की पांच महीने की बच्ची की हत्या कर उसके शव को तालाब में फेंकने वाले एक व्यक्ति को मंगलवार शाम मौत की सजा दे दी गई। 53 वर्षीय एंड्रयू रिचर्ड ल्यूकार्ट को स्टार्क स्थित फ्लोरिडा स्टेट प्रिजन में तीन दवाओं के घातक इंजेक्शन दिए जाने के बाद शाम 6:19 बजे मृत घोषित किया गया।

उसे 1996 में पांच माह की गैब्रियल हैंशॉ की हत्या और गंभीर बाल उत्पीड़न के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद 1997 में मृत्युदंड सुनाया गया था। शाम छह बजे जब फांसी कक्ष का पर्दा उठा, तब ल्यूकार्ट पहले से ही एक टेबल पर बांधा हुआ था और उसके हाथ में आईवी लगी हुई थी। उसकी मौत तक एक पादरी टेबल के पास बैठकर उसके लिए प्रार्थना करता रहा। जब जेल अधीक्षक ने उससे अंतिम बयान के बारे में पूछा तो उसने दर्शक दीर्घा की पहली पंक्ति में बैठे लोगों की ओर देखकर कहा, 'मैं माफी चाहता हूं।' घातक दवाओं का इंजेक्शन शुरू होने के तुरंत बाद ल्यूकार्ट बेहोश हो गया। कुछ मिनट बाद जेल अधीक्षक ने उसे हिलाकर उसका नाम पुकारा, लेकिन उसकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

इसके बाद एक चिकित्साकर्मी ने उसके जीवन संकेतों की जांच की और कुछ मिनट बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। सुधार विभाग के प्रवक्ता जॉर्डन किर्कलैंड ने प्रेस वार्ता में बताया कि ल्यूकार्ट ने अंतिम भोजन लेने से इनकार कर दिया था और फांसी से पहले किसी मुलाकाती से नहीं मिला। हालांकि, उसने एक आध्यात्मिक सलाहकार से मुलाकात की थी। यह वर्ष 2026 में फ्लोरिडा में दी गई आठवीं फांसी थी। इससे पहले 2025 में राज्य में रिकॉर्ड 19 लोगों को मौत की सजा दी गई थी। रिपब्लिकन गवर्नर रॉन डीसेंटिस के कार्यकाल में 2025 में एक ही वर्ष में जितनी फांसियां दी गईं, उतनी 1976 में मृत्युदंड बहाल होने के बाद किसी भी फ्लोरिडा गवर्नर के कार्यकाल में नहीं हुई थीं। इससे पहले 2014 में आठ फांसियों का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था।

अदालती रिकॉर्ड के अनुसार, फरवरी 1996 में ल्यूकार्ट अपनी प्रेमिका की बच्ची की देखभाल कर रहा था, जबकि उसकी प्रेमिका अपनी बीमार बड़ी बेटी की देखरेख में व्यस्त थी। प्रेमिका ने बताया कि किसी समय ल्यूकार्ट जैक्सनविल स्थित घर से कार लेकर निकल गया और बच्ची गैब्रियल भी उसके साथ थी। बाद में प्रेमिका उसे नहीं ढूंढ सकी। लगभग 30 मिनट बाद ल्यूकार्ट ने फोन कर कहा कि बच्ची का अपहरण हो गया है और वह अपहरणकर्ता का पीछा कर रहा है।

उसी शाम एक पड़ोसी काउंटी में सड़क से कार उतर जाने के बाद ल्यूकार्ट को पाया गया। अगले दिन पूछताछ के दौरान उसने जांचकर्ताओं को बताया कि बच्ची उसके हाथ से गिर गई थी, जिससे उसके सिर में चोट लगी। इसके बाद उसने उसे हिलाकर देखा, लेकिन उसकी मौत हो गई थी।

# भारत समेत 60 देशों पर नया टैरिफ लगाने की तैयारी कर रहा अमेरिका, लगाए बेतुके आरोप



**वॉशिंगटन।** अमेरिका एक बार फिर भारत के खिलाफ टैरिफ बम फोड़ने की तैयारी कर रहा है। दरअसल अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने एक ऐसा प्रस्ताव दिया है, जिसमें भारत समेत 60 देशों पर टैरिफ लगाने का प्रस्ताव है। अमेरिका एक तरफ भारत के साथ संबंध बेहतर करने की दुहाई दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ ट्रंप प्रशासन भारत के खिलाफ कार्रवाई से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल अमेरिकी सरकार एक बार फिर भारत पर नया टैरिफ लगाने की तैयारी कर रही है। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि यूएसटीआर ने भारत समेत 60 देशों पर ये नया टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दिया है। टैरिफ लगाने की वजह ये बताई गई है कि भारत समेत 60 देश जबरन श्रम से उत्पादित वस्तुओं के निर्यात पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि अमेरिकी व्यापार कानून 1974 की धारा 301 के तहत पाया गया है कि 60 देशों की नीतियों और कार्यशैली अमेरिकी व्यापार पर गैरजरूरी दबाव बढ़ाती हैं और अमेरिकी व्यापार को बाधित करती हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय, अमेरिका की एक कार्यकारी संघीय एजेंसी है, जो अमेरिका की विदेश व्यापार नीति बनाने के लिए जिम्मेदार है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अनुसार, भारत समेत 54 देश उन सामानों के निर्यात पर जरूरी प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं, जिन्हें जबरन श्रम द्वारा बनाया जाता है। भारत के अलावा इन देशों में ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, बांग्लादेश, चीन, जापान, सऊदी अरब, सिंगापुर, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश भी शामिल हैं। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीर ने अपने बयान में कहा, 'हमारे सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदारों द्वारा जबरन श्रम से निर्मित वस्तुओं के निर्यात को रोकने में विफलता अस्वीकार्य है।'

# डीएम ने किया निर्माणाधीन नवीन जिला कारागार के निर्माण कार्य का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. द्वारा मंगलवार देर सायं निर्माणाधीन नवीन जिला कारागार के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर निर्माण प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यो की गुणवत्ता एवं उपलब्ध संसाधनों की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि श्रमिकों की संख्या, आवश्यक मशीनों और सामग्रियों की उपलब्धता बढ़ाकर निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, जिससे निर्धारित समयावधि के भीतर कार्य पूर्ण कराया जा सके। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन ड्रेनेज सिस्टम को इस प्रकार बनाया जाए कि वर्षा के दौरान कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। समस्त आवासीय एवं अनावासीय परिसरों से जल निकासी व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही मल्टीपरपज हॉल एवं हाई सिक्योरिटी बैरक के कार्य को भी शीघ्र पूर्ण करने तथा मिट्टी को समतल कर उसे बगीचे के रूप में विकसित किए जाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी के द्वारा मुख्य परिधि दीवार, सर्कल वॉल, पार्टीशन वॉल, कैंपस वाल का स्थलीय निरीक्षण किया गया गया, साइट प्रयोगशाला में निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता जांच हेतु ब्रेक टेस्ट एवं क्यूब टेस्ट निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं संतोषजनक पाया गया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि बाउंड्री वॉल के शेष कार्यो को एक माह के भीतर पूर्ण करें तथा ओवरहेड टैंक के समस्त कार्यो को भी निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता मानको के अनुरूप पूर्ण कराया जाए। मल्टीपरपज हाल के ग्राउंड फ्लोर स्लैब के कास्टिंग का कार्य, फायर फाइटिंग के कार्यो को निर्धारित मानकों के अनुसार कराया जाना सुनिश्चित करे। आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निकट लाइटनिंग अरेस्टर स्थापित किए जाए, जिससे आकाशीय विद्युत से सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कार्य स्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा एवं हाइजीन का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जिसमें श्रमिकों को हेलमेट, सुरक्षा बेल्ट, सेफ्टी जैकेट आदि का प्रयोग बढ़ाया जाए।

इस अवसर पर अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी पुष्पराज सिंह, जेल अधीक्षक पवन कुमार द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डा अरूण यादव, सहायक अभियंता करूणेश अरोड़ा, देशदीपक, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।

# अग्रवाल समाज की कार्यकारिणी का सम्मान समारोह संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** नगर के पुरानी कोतवाली स्थित अग्रवाल धर्मशाला में श्री अग्रवाल हितकारिणी न्यास ट्रस्ट, श्री अग्रवाल धर्मशाला एवं भंडार तथा श्री अग्रसेन पुस्तकालय की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त अध्यक्ष, मंत्री और कार्यकारिणी सदस्यों का पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया गया। जहां समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री काशी अग्रवाल समाज के सभापति संतोष अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री काशी अग्रवाल समाज की प्रधानमंत्री डॉ. रचना अग्रवाल मौजूद रहीं। अतिथियों द्वारा महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद समाज के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक गणेश वंदना प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। नई कार्यकारिणी द्वारा अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष अतुल अग्रवाल, अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल और अध्यक्ष अशोक अग्रवाल को अतिथियों द्वारा अंगवस्त्रम एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में केवल नई टीम ही नहीं, बल्कि समाज के युवाओं और वरिष्ठजनों को भी उनके उत्कृष्ट कार्यो और समाज के प्रति दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए मंच पर सम्मानित किया गया।

## दौलत हुसैन और फाफामऊ क्लब को पूरे अंक

**प्रयागराज।** दौलत हुसैन इंटर कॉलेज और फाफामऊ क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर स्पोर्ट्स जंक्शन ट्रॉफी अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। फाफामऊ क्लब मैदान पर बुधवार को खेले गए पहले मैच में राइजिंग स्टार क्लब ने 17.5 ओवर में 66 रन (हर्ष यादव 20, कृष्णा मौर्य 14, मोहम्मद हमजा खान 4/10, मोहम्मद फारिक अली 3/11) बनाय। जवाब में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 6.5 ओवर में तीन विकेट पर 68 रन (अबु बकर 24 नाबाद, शिवांश गुप्ता 19, वशिष्ठ शर्मा, ऋषभ एवं प्रतीक केसरवानी एक-एक विकेट) बना लिए। मोहम्मद हमजा खान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में साई क्लब ने 25 ओवर में 7 विकेट पर 134 रन (अहमद 42 नाबाद, आयुष्मान 30, अनुपम यादव 14, दीपांश सिंह 2/23, श्रेयांश पाल 2/24) बनाये। जवाब में फाफामऊ क्लब ने 22.1 ओवर में 8 विकेट पर 135 रन (दिव्यांशु पटेल 30, ऋषित शर्मा 22, आदर्श यादव 14 नाबाद, आयुष चौरसिया 14, अनुपम यादव 2/16, आयुष्मान 2/24) बना लिए। अनुपम यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# जेईई एडवांस्ड में यश कुमार दुबे ने लहराया परचम

- ऑल इंडिया रैंक 1201 हासिल



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** सूर्योदय ग्लोबल एकेडमी के मेधावी छात्र यश कुमार दुबे ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और जनपद का नाम रोशन किया है। यश ने देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक जेईई एडवांस्ड में ऑल इंडिया रैंक (ढ्ढक्र) 1201 हासिल कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इससे पहले भी यश ने अपनी शैक्षणिक क्षमता का परिचय देते हुए सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। वहीं जेईई मेंस परीक्षा में उन्होंने 99.63 परसेंटाइल हासिल कर अपनी सफलता की मजबूत नींव रखी थी। अब जेईई एडवांस्ड में मिली इस उपलब्धि ने उनकी मेहनत और लगन को साबित कर दिया है। यश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा विद्यालय के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने बताया कि निरंतर अध्ययन, अनुशासन और शिक्षकों के सहयोग ने उन्हें यह मुकाम दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यश ने भविष्य में सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर देश की सेवा करने की इच्छा भी व्यक्त की। छात्र की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर सूर्योदय ग्लोबल एकेडमी की प्रबंधक एवं एकेडमिक डायरेक्टर सोनाली पारे तथा प्राचार्या स्वाति शर्मा ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यश की सफलता से विद्यालय, परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

# बुंदेलखंड अधिवक्ता महासंघ ने रजिस्ट्रार जनरल को सौंपा ज्ञापन

- बार एसोसिएशन की आमसभा बुलाने की रखी मांग



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** बुंदेलखंड अधिवक्ता महासंघ ने बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को ज्ञापन सौंपते हुए अधिवक्ता विरोधी चैम्बर एलाटमेंट रूल्स 2026 को संशोधित कर बिना रेंट के चैम्बर एलाटमेंट करने की मांग किया। साथ ही इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव की अनुपस्थिति में बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजकुमार त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा गया और मांग की गई कि टेंटटिव लिस्ट में आपत्ति दाखिल कर ने की तिथि 5 जुलाई तक बढ़ाई जाय और चैम्बर एलाटमेंट के मुद्दे पर बार एसोसिएशन की आमसभा जुलाई के पहले सप्ताह में बुलाई जाय।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12 बजे से मार्बल हाल के पास अधिवक्ता एकत्र होने लगे थे, इस के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के कार्यालय में पहुंच कर उन्हें पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें कहा गया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा लागू किया गया चैम्बर एलाटमेंट रूल्स 2026 पूरी तरह अधिवक्ता विरोधी है और विना अधिवक्ता ओं से आपत्तियां आमंत्रित किए लागू किया गया है, जो नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध है, अधिवक्ता ओं द्वारा उठाई जा रही आपत्तियों पर विचार कर रूल्स में संशोधन किया जाय। ज्ञापन में कहा गया कि अधिवक्ता आफीसर आफ कोर्ट माना जाता है इस लिए सस्ता और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए बिना रेंट के चैम्बर एलाटमेंट किए जाय , धरोहर राशि 20 साल से अधिक प्रैक्टिस कर ने वाले अधिवक्ता ओं से 25000 रूपये और 20 साल से कम प्रैक्टिस वाले अधिवक्ता ओं से 10000 रूपए लिए जाय।

ज्ञापन देने वालों में बुंदेलखंड अधिवक्ता महासंघ के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, महासचिव जगदीश सिंह बुंदेला, उपाध्यक्ष सुशील कुमार यादव, पी के राव, सचिव चंद्रकांत द्विवेदी, सार्थक सिंह, कोषाध्यक्ष सोम नारायण मिश्र, बार एसोसिएशन के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश खरे, वरिष्ठ अधिवक्ता सी पी उपाध्याय, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, हरवंश सिंह, आर पी तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, आशुतोष त्रिपाठी, आशुतोष पाण्डेय, ए के तिवारी, सुभाष चन्द्र सिंह, राय साहब यादव, धर्मेंद्र सिंह सहित अनेक अधिवक्ता शामिल रहे।

# शकरमंडी बाजार के बर्तन की दुकान में चल रहा था दोहरा फैक्ट्री का भंडाफोड़

- दो सगे भाई गिरफ्तार
- छापेमारी में दो कुंतल दोहरा बरामद, खाद्य सुरक्षा विभाग को भेजा गया नमूना



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** नगर कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से दोहरा (तंबाकू उत्पाद) के निर्माण और कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब दो कुंतल अवैध दोहरा बरामद किया है। बरामद माल का नमूना जांच के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग को भेज दिया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर नगर आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि अपराध एवं अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को नगर कोतवाली पुलिस को यह सफलता मिली। प्रभारी निरीक्षक त्रिवेणी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर शकरमंडी मोहल्ले में एक बर्तन के दुकान में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से अवैध दोहरा का निर्माण और बिक्री कर रहे दो सगे भाइयों पवन साहू और विवेक साहू को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बड़ी मस्जिद के निवासी बताए गए हैं। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से लगभग दो कुंतल अवैध दोहरा बरामद किया। पुलिस के अनुसार बरामद दोहरा का निर्माण बिना वैध अनुमति और निर्धारित मानकों के विपरीत किया जा रहा था। आशंका है कि यह सामग्री शहर और आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई की जा रही थी। कार्रवाई के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। खाद्य सुरक्षा विभाग को भी मामले की सूचना दी गई है। बरामद दोहरा का नमूना जांच के लिए भेजा गया है, ताकि इसकी गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की जांच की जा सके। जांच रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों पर अन्य धाराएं भी बढ़ाई जा सकती हैं।

## डीएम ने टीजीटी परीक्षा का लिया जायजा

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टीडी कॉलेज आर्ट फैकल्टी, टीडी लॉ कॉलेज, टीडी इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही केंद्र व्यवस्थापकों एवं सम्बन्धित अधिकारियों से परीक्षा संचालन सम्बन्धित व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त करते हुये परीक्षा की गोपनीयता, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुविधाओं एवं आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन के संबंध में जानकारी लिया। उन्होंने परीक्षा को पूर्ण निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी। केंद्रों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश भी दिया। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व परमानन्द झा, प्रधानाचार्य, सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार वाहन ने टेलर चालक को रौंदा,मौत

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** जलालपुर क्षेत्र इजरी गांव के पास स्थित एक ढाबे के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने 35 वर्षीय टेलर चालक को रौंद दिया। उसकी मौके पर मौत हो गयी।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। टेलर चालक सोनू यादव पुत्र मनीष कुमार यादव निवासी भादुवा गुलामपुर थाना पीलुवा की जनपद एटा अपना टेलर लेकर ऊक्त ढाबे पर पहुंचा। वह टेलर से उतरकर लघुशंका के लिये जा रहा था कि एक अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना की सूचना मृतक के वाहन स्वामी को दे दिया गया।

## इब्राहिमपुर में आंधी बारिश से रिहायशी मकान पर गिरा पेड़ पूरा घर हुआ धराशाई



**मुबारकपुर/आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** मुबारकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत इब्राहीमपुर के राजस्व ग्राम भरौलिया में सोमवार को सायं लगभग छः बजे तेज आंधी बारिश से एक विशालकाय पुराना पेड़ अचानक तेज आंधी बारिश से रिहायशी मकान पर गिर पड़ा जिससे मकान व इसमें रखीं सामाग्री पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।परिजन बाल बाल बचे। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम इब्राहीमपुर भरौलिया निवासी इल्तेजा शेख पुत्र स्वर्गीय अल्ताफ ने करकट का मकान पूरे परिजनों के साथ रहते हैं। सोमवार को सायं लगभग छः बजे भंयकर तेज आंधी बारिश से मकान के सामने खड़ा विशालकाय पेड़ गिर पड़ा।मकान पर पेड़ गिरने से दीवार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और इसमें रखा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस सम्बन्ध में पीड़ित इल्तेजा शेख ने बताया कि आंधी आने से पेड़ गिरने की आशंका होने पर पहले परिजनों को घर के आंगन में चले गए तभी पेड़ गिर पड़ा पूरा परिवार सदमे में है। इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय लेखपाल विपबल पासी को सूचना दे दी गई हैं।

## शिवम की गेंदबजी से स्पोर्ट्स टैलेंट क्लब को मिले पूर्ण अंक

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** स्पोर्ट्स टैलेंट क्रिकेट क्लब ने संजय मेहरोत्रा स्मारक अंडर -16 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में जैदी इंडोर क्रिकेट क्लब को चार विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। इस जीत में शिवम केशरवानी की उम्दा गेंदबजी ( 3 - 2 - 1 - 4 ) कर अपनी को जीत दिलाई हैं। बुधवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 27.2 ओवर में महज 74 रन (देवांश कुमार स्वप्निल 24, उत्कर्ष पाल 11 रन, शिवम केसरवानी 4/01, पवन यादव 2/17, अभिनव 2/20, अनुज प्रताप सिंह 1/17 ) पर बिखर गई। जवाब में स्पोर्ट्स टैलेंट क्रिकेट क्लब की टीम ने 16 ओवर में छह विकेट पर 75 रन ( शिवम केसरवानी 19 नाबाद, शशि कांत यादव 11 रन, देवांश कुमार 3/14, पवन 1/07, आर्यन 1/13, अर्श अहमद 1/19 ) पर बना लिए। मैच मो. आरिफ व तौसीफ शैख ने अंपायरिंग और हितेश कुमार श्रीवास्तव ने स्कोरिंग की।

## एसजेसी पैंथर्स और स्टार्स ने दर्ज की जीत

**प्रयागराज।** सेंट जोसेफ कॉलेज में चल समर कैंप के अंतर्गत आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में एसजेसी पैंथर्स और एसजेसी स्टार्स ने अपने-अपने आयु वर्ग के मुकाबले में जीत दर्ज की। कॉलेज मैदान पर बुधवार से शुरू हुई प्रतियोगिता में अंडर-17 आयु वर्ग मे एसजेसी पैंथर्स ने एसजेसी लायंस को 1-0 से हराया। गोल सर्वांग साहनी ने पेनाल्टी शूटआउट से किया। अंडर-13 आयु वर्ग में एसजेसी एवेंजर्स और एसजेसी स्ट्राइकर्स का मुकाबला 1-1 से बराबर रहा। एवेंजर्स की ओर से अंशुमन सिंह ने और स्ट्राईकर्स की ओर से अनिरुद्ध कुमार गुप्ता ने गोल किया। इसी आयु वर्ग में एसजेसी एवेंजर्स और एसजेसी फाइटर्स का गोलरहित बराबर रहा। अंडर-10 के मुकाबले मे एसजेसी स्टार्स ने एसजेसी थंडर्स को 2-0 से हराया। गोल स्टार्स के आर्यमन यादव और अभिज्जवल त्रिपाठी ने किया। इस सभी मैचों में आकिब जाफ़री, दानियाल काज़मी, वंश गुलाटी, स्वास्तिक, रज़ा हसन सिद्दीकी, सैयद अहसन अली, अनिरुद्ध कुमार गुप्ता, प्रणव जायसवाल का खेल सराहनीय रहा।

# बालू व्यवसायी की पत्थर से सिर कूंचकर हत्या

- घर के बाहर छप्पर के नीचे सो रहा था, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र के भीटा गांव में बुधवार भोर में एक बालू व्यवसायी की पत्थर से सिर कूंचकर हत्या कर दी गई। सुबह 5 बजे परिजनों ने उसे मृत पाया, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घूरपुर के भीटा गांव निवासी 32 वर्षीय राजेश कुमार प्रजापति पुत्र अगम लाल बालू व्यवसायी थे। वह अपनी ही ट्रक से बालू सप्लाई का काम करते थे। मंगलवार देर रात वह अपने घर के बाहर सड़क किनारे एक छप्पर के नीचे सोए थे। परिजनों के अनुसार, बुधवार सुबह 5 बजे जब उन्होंने राजेश को देखा तो उनका सिर बड़े पत्थर से कुचला हुआ था और घटनास्थल पर खून बिखरा था।

राजेश अपने तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी पार्वती देवी और एक बेटा-बेटी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि राजेश का स्वभाव मिलनसार था और उनकी किसी से खुली रंजिश की जानकारी नहीं है। हालांकि पुलिस व्यक्तिगत विवाद, कारोबार से जुड़े मामलों और अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। हत्या किन परिस्थितियों में हुई और इसके पीछे कौन लोग हैं, इसका खुलासा पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के पिता ने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि आरोपी युवक ने राजेश को कई बार धमकी भी दी थी। यह मामला पुरानी रंजिश का बताया जा रहा है।

थाना प्रभारी अतुल कुमार मिश्रा ने बताया कि अभी तक कोई लिखित शिकायत पत्र प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन पुलिस पूछताछ कर रही है। घटना स्थल पर भीड़ जमा है और शव को अभी हटाया नहीं गया है। एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम खान पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद हैं।

घटना में नाराज परिजनों ने चक्का जाम कर दिया है। जानकारी मिलते ही मौके पर डीसीपी यमुनानगर विवेक यादव पहुंच कर परिजनों से बातचीत की उन्होंने कहा अपराधियों पर कार्रवाई होगी आप लोग निश्चिंत रहें वहीं सुरक्षा को देखते हुए डीसीपी ने कई थाने की पुलिस फोर्स को बुला लिया है।

# भारत विकास परिषद द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** भारत विकास परिषद शाखा आजमगढ़ के तत्वावधान में अटलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 'नशा मुक्ति अभियान' चलाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय गतिविधि सह-संयोजक (संस्कार) सीताराम पांडेय ने कहा कि नशा न सिर्फ स्वास्थ्य को खतरे में डालता है, बल्कि व्यक्ति को हर तरह से क्षति पहुँचाता है। शाखा अध्यक्ष डॉ. देवेश दूबे ने जोर देकर कहा कि नशा केवल मानसिक संतुलन ही नहीं बिगाड़ता, बल्कि समाज में अपराध और हिंसा को भी बढ़ावा देता है। गतिविधि संयोजक (संस्कार) रमाकांत वर्मा ने 'नशा नाश करता है' का संदेश देते हुए बताया कि इसके कारण व्यक्ति आर्थिक और शारीरिक, दोनों रूपों से बर्बाद हो जाता है। वहीं डॉ. निरंकार प्रसाद श्रीवास्तव ने युवाओं को सचेत करते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें विशेष रूप से इस लत से बाहर निकलना होगा। गोविंद दूबे ने भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नशा हर हाल में समाज और देश के लिए एक बड़ा खतरा है। कार्यक्रम का कुशल संचालन सचिव कौशल कुमार राय ने किया। इस अवसर पर पवन अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव, आनंद प्रसाद श्रीवास्तव, प्रधान सुनील मौर्य, ज्ञानेश्वर, सुनील विश्वकर्मा सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मैनपुरी में भवन निर्माण के लिए सोलर और रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य

- डीएम की सख्ती, बिना ग्रीन सिस्टम नहीं मिलेगी भवन अनुमति
- मैनपुरी में नियोजित विकास पर जोर, स्कूलों की बाउंड्रीवॉल को मंजूरी



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने विनियमित क्षेत्र की बैठक में नगर क्षेत्र के नियोजित विकास, पर्यावरण संरक्षण, शैक्षिक अधोसंरचना, सुदृढ़ीकरण तथा भवन निर्माण संबंधी विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए। उन्होने कहा कि जनपद का विकास केवल भवनों, सड़कों के निर्माण तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि उसे पर्यावरणीय संतुलन, जल संरक्षण और ऊर्जा बचत के साथ जोड़ा जाना आवश्यक है, बैठक में नगर क्षेत्र स्थित 05 प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बाउंड्रीवॉल निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होने कहा कि विद्यालय बच्चों के भविष्य निर्माण के केंद्र हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत प्रस्तावों के अनुरूप निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए तथा गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए, बाउंड्रीवॉल निर्माण से विद्यालय परिसरों की सुरक्षा बढ़ेगी, अतिक्रमण की संभावनाएं समाप्त होंगी तथा विद्यार्थियों को सुरक्षित शैक्षिक वातावरण उपलब्ध होगा। बैठक में नगर क्षेत्र में नए भवनों के निर्माण हेतु प्रस्तुत किए जाने वाले नक्शों के अनुमोदन संबंधी प्रकरणों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श के उपरांत निर्णय लिया गया कि अब भवन निर्माण स्वीकृति की प्रक्रिया को पर्यावरणीय मानकों से जोड़ा जाएगा, भविष्य में भवन निर्माण के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले प्रत्येक नक्शे में सोलर सिस्टम, रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा वृक्षारोपण को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा, बिना इन व्यवस्थाओं के भवन निर्माण की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

श्री त्रिपाठी ने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण और ऊर्जा की बढ़ती मांग को देखते हुए सौर ऊर्जा का उपयोग समय की आवश्यकता बन चुका है, इसी प्रकार भू-जल स्तर में लगातार हो रही गिरावट को रोकने के लिए वर्षा जल संचयन व्यवस्था प्रत्येक भवन में अनिवार्य की जानी चाहिए, भवन निर्माण केवल निजी सुविधा का विषय नहीं है बल्कि उसका प्रभाव समाज और पर्यावरण दोनों पर पड़ता है इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि भवन के क्षेत्रफल के अनुसार सोलर सिस्टम, रेनवाटर हार्वेस्टिंग तथा हरित क्षेत्र विकसित करने के लिए निर्धारित धरोहर राशि जमा कराई जाएगी, संबंधित भवन स्वामी द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सोलर सिस्टम स्थापित करने, वर्षा जल संचयन प्रणाली विकसित करने तथा निर्धारित संख्या में वृक्षारोपण किए जाने के बाद फोटो उपलब्ध कराने के पश्चात जमा धरोहर राशि वापस की जाएगी। उन्होने कहा कि इस व्यवस्था का उद्देश्य केवल नियम बनाना नहीं बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। बैठक में जनपद को विकास प्राधिकरण घोषित किए जाने के संबंध में भी विचार किया गया, उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास प्राधिकरण गठन हेतु निर्धारित मानकों का परीक्षण कर आवश्यक अभिलेख, आंकड़े एवं तकनीकी विवरण तैयार किए जाएं साथ ही शासन स्तर पर आवश्यक पत्राचार की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर की जाए। उन्होंने कहा कि विकास प्राधिकरण के गठन से जनपद में सुनियोजित विकास को बढ़ावा मिलेगा, अवैध निर्माणों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा तथा शहरी विकास योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन संभव हो सकेगा। उन्होने कहा कि भवन निर्माण स्वीकृति प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाया जाए ताकि नागरिकों को अनावश्यक कार्यालयी प्रक्रियाओं का सामना न करना पड़े, प्रत्येक आवेदन का परीक्षण नियमानुसार करते हुए निर्धारित समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## फरहत अली क्लब को मिले पूर्ण अंक

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** फरहत अली क्रिकेट क्लब ने चैंपियंस अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में सीएवी क्रिकेट क्लब को तीन विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। बुधवार को दौलत हुसैन मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएवी क्रिकेट क्लब ने 26.1 ओवर में 164 रन ( आर्यन सिंह 37, अमित यादव 34, एसके चौधरी 28 रन, हुजैफा हाड 4/30, रेहान वजहत 2/14, आयुष्मान 2/40 ) पर बनाए। जवाब में फरहत अली क्रिकेट क्लब की टीम ने 27.1 ओवर में सात विकेट पर 168 रन ( रेहान वजहत 39 नाबाद, सैयद अली हैदर 34, अलफ़ाज़ अली 24 रन, प्रांजल 2/17, अमित यादव 2/22, आर्यन सिंह 2/31 ) पर बना लिए।

## सेंट पीटर्स कप वनडे क्रिकेट : कैंटोनमेंट बोर्ड क्लब विजयी

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** शिवम के शतक (100 रन, 69 गेंद, 12 चौके, छह छक्के) के दम पर कैंटोनमेंट बोर्ड क्लब ने फोर्ड स्कूल क्लब को तीन विकेट से हराकर सेंट पीटर्स कप कलर ड्रेस वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। पराजित टीम के अर्चित सिंह (28 रन एवं चार विकेट) का बहुमुखी खेल व्यर्थ हो गया। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में फोर्ड स्कूल क्लब ने 38.2 ओवर में 169 रन (तनिष्क कश्यप 46, आर्यन पांडेय 27, अर्चित सिंह 28, ओजस सिंह 16, शिवांश कुमार 3/12, आर्यन यादव 3/32, आयुष रावत, अक्षत केसरवानी व हर्षित राज यादव एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में कैंटोनमेंट बोर्ड क्लब ने 23.5 ओवर में 7 विकेट पर 172 रन (शिवम 100, अक्षत केसरवानी 17, अर्चित सिंह 4/54, आशुतोष भास्कर 2/52) बना लिए। शिवम को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया।

# रिकवरी की कोशिशों के बाद भी लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 304 अंक टूटा

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार निचले स्तरों से संभलने के बावजूद बुधवार को लाल निशान पर बंद हुआ। सेंसेक्स 304 अंक टूटकर 74,346 पर और निफ्टी 23,450 के नीचे आ गया है। बुधवार को शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों प्रमुख सूचकांक नुकसान के साथ बंद हुए। आईटी शेयरों में भारी बिकवाली इसका मुख्य कारण रही। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने भी बाजार को प्रभावित किया।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 303.67 अंक या 0.41 फीसदी गिरकर 74,346.17 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,157.24 अंक या 1.55 फीसदी तक गिरकर 73,492.60 पर पहुंच गया था। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 77.95 अंक या 0.33 फीसदी की गिरावट के साथ 23,405.60 पर बंद हुआ। इससे पहले मंगलवार को बाजार में चार दिन की गिरावट का सिलसिला टूटा था। उस दिन सेंसेक्स 382.50 अंक और निफ्टी 100.95 अंक की बढ़त के साथ बंद हुए थे।

**गिरी**

**सेंसेक्स की तीस कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज 8.43 फीसदी गिरी। टेक महिंद्रा 6.23 फीसदी, एचसीएल टेक 5.25 फीसदी और इंफोसिस 3.82 फीसदी नीचे आए।**

सेंसेक्स की तीस कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज 8.43 फीसदी गिरी। टेक महिंद्रा 6.23 फीसदी, एचसीएल टेक 5.25 फीसदी और इंफोसिस 3.82 फीसदी नीचे आए।



आईटीसी, एटर्नल, लार्सन एंड टुब्रो और बजाज फाइनेंस भी नुकसान में रहे। इंटरग्लोब एविएशन, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और ट्रेंट लाभ में रहे।

**कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी निवेश**

वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड तीन फीसदी उछल गया। यह 98.92 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 8,362.92 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। यह जानकारी एक्सचेंज के आंकड़ों से मिली है। हरिप्रसाद के, रिसर्च एनालिस्ट और संस्थापक, लाइवलांग वेल्थ ने कहा कि भारतीय इक्विटी बाजार में अस्थिरता रही। भू-राजनीतिक चिंताओं और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने बाजार पर दबाव डाला।

**आईटी शेयरों में तेज गिरावट**

हरिप्रसाद के ने बताया कि दिन की मुख्य खबर आईटी शेयरों में तेज गिरावट थी। तीन दिन की मजबूत रैली के बाद इस क्षेत्र में मुनाफावसूली देखी गई। निवेशकों ने वैश्विक प्रौद्योगिकी वृद्धि की उम्मीदों का पुनर्मूल्यांकन किया। इससे आईटी शेयरों में भारी बिकवाली हुई। यह बिकवाली बाजार की गिरावट का एक बड़ा कारण बनी। कई प्रमुख आईटी कंपनियों के शेयर काफी नीचे आ गए।

**अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि का प्रस्ताव**

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने 54 देशों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है। इनमें भारत भी शामिल है, जिन पर 12.5 फीसदी शुल्क लगेगा। यह प्रस्ताव जबरन श्रम से बने सामानों के आयात पर रोक लगाने में विफलता के कारण है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने 60 देशों के खिलाफ जांच शुरू की थी। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि राजदूत जैमीसन ग्रीर ने इसे अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि इससे अमेरिकी श्रमिकों को असमान प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है।

## नेत्राडाइन और एनएचईवी ने भारत के ई-हाईवे नेटवर्क पर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को नई गति देने के लिए किया सहयोग



**लखनऊ।** एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित फ्लीट सुरक्षा एवं परिचालन तकनीक में वैश्विक अग्रणी कंपनी नेत्राडाइन ने आज घोषणा की कि वह भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग इलेक्ट्रिक वाहन कार्यक्रम के उभरते इलेक्ट्रॉनिक हाईवे नेटवर्क के लिए इंटेलिजेंस और सुरक्षा प्रणाली उपलब्ध कराएगी। इस पहल के तहत एनएचईवी के एकीकृत ई-हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर में एक उन्नत डिजिटल इंटेलिजेंस लेयर जोड़ी जाएगी, जिससे लंबी दूरी की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अधिक सुरक्षित, कनेक्टेड और भरोसेमंद बनाया जा सकेगा।इस कार्यक्रम के अंतर्गत नेत्राडाइन के एआई-संचालित समाधान चरणबद्ध तरीके से एनएचईवी समर्थित कॉरिडोर पर संचालित वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों में लगाए जाएंगे। इससे फ्लीट की रियल-टाइम निगरानी, संभावित जोखिमों की पूर्व पहचान, ड्राइवर व्यवहार का विश्लेषण और परिचालन मॉनिटरिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह सहयोग पूर्व में किए गए पायलट प्रोजेक्ट्स के अनुभवों पर आधारित है और एक तकनीक-सक्षम हाईवे इकोसिस्टम की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।एनएचईवी के प्रोग्राम डायरेक्टर अभिजीत सिन्हा ने कहा, 'दुनिया ने देखा है कि आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और तेल संकट किसी भी अर्थव्यवस्था को किस तरह प्रभावित कर सकते हैं। एनएचईवी ई-हाईवे भारत की आर्थिक तैयारी का महत्वपूर्ण आधार है, जो यह सुनिश्चित करेंगे कि आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही शांति काल, लॉकडाउन या वैश्विक तेल संकट जैसी परिस्थितियों में भी बाधित न हो। 'नेत्राडाइन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (ईएमईए एवं एपीएसी बिजनेस) दुर्गादत्त नेदुंगाडी ने कहा, 'एनएचईवी की इलेक्ट्रॉनिक हाईवे पहल का हिस्सा बनना इस बात का प्रमाण है कि भारत में एआई आधारित मोबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर कितनी तेजी से विकसित हो रहा है। हमारा उद्देश्य रियल-टाइम इंटेलिजेंस प्रदान करना है, जिससे ड्राइवर सुरक्षा, फ्लीट विजिबिलिटी और परिचालन दक्षता में सुधार हो सके। ड्राइवर की थकान, असुरक्षित व्यवहार और वाहन संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान कर हम सड़क सुरक्षा बढ़ाने और लंबी दूरी की ईवी परिचालन को अधिक सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाने में योगदान देंगे। '

## माता-पिता के सहयोग और खुद के दृढ़ संकल्प से आर्यन साहू ने जेईई एडवान्स 2026 में हासिल की सफलता



यह साबित करते हुए कि दृढ़ संकल्प और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच सामाजिक-आर्थिक बाधाओं को तोड़ सकती है, लखनऊ के आर्यन साहू ने जेईई एडवान्स 2026 पास कर ली है।आर्यन के परिवार को भारी आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उनके पिता एक स्थानीय सब्जी विक्रेता के रूप में मामूली आजीविका कमाते हैं और उनकी माँ घर संभालती हैं। आर्यन के लिए यह चुनौती और भी बड़ी थी क्योंकि जेईई एडवान्स की कोचिंग और अध्ययन सामग्री हिंदी भाषा में बहुत कम उपलब्ध होती है। इन मुश्किलों के बाद भी, आर्यन के माता-पिता ने उनकी पढ़ाई को कभी रुकने नहीं दिया और उसे सबसे आगे रखा। इस मुश्किल सफर में उन्होंने आर्यन का पूरा साथ दिया।आर्यन ने कहा, 'इस परीक्षा में मेरी सफलता पूरी तरह से मेरे माता-पिता के सहयोग के कारण है। हर आर्थिक चुनौती के बावजूद, उन्होंने मेरी पढ़ाई को कभी प्रभावित होने या रुकने नहीं दिया। मैं अकादमिक सहयोग के लिए फिज़िक्सवाला को भी धन्यवाद देना चाहता हूँ। हिंदी में ऑनलाइन 'प्रयास जेईई बैच' ने मेरी तैयारी के दौरान मेरी बहुत मदद की। जब मेरा बैकलॉग जमा हो गया था और ऐसे पल आए जब मैं पूरी तरह से निराश महसूस कर रहा था, तब इस बैच ने मुझे वापसी करने के लिए सटीक साधन दिए। मैंने अपने पाठ्यक्रम को दैनिक लक्ष्यों में विभाजित करके, उनके वन-शॉट रिवीज़न सत्रों का लाभ उठाकर और पिछले वर्षों के प्रश्नों को पूरी लगन से हल करके खुद को ट्रैक पर बनाए रखा। जब भी मेरा हार मानने का मन करता था, दिन-रात अथक परिश्रम करते मेरे पिता का चेहरा मुझे थामे रखता था और वापस मेरी स्टडी डेस्क की ओर धकेल देता था। 'हिंदी माध्यम के उम्मीदवारों के लिए विशेष रूप से तैयार संसाधन प्रदान करके, फिज़िक्सवाला भारत के क्षेत्रीय छात्रों के लिए शिक्षा के अंतर को कम करना जारी रखे हुए है।

# टाटा पावर ने उत्तर प्रदेश को सोलर ऊर्जा हब बनाने की दिशा में बढ़ाया कदम, लखनऊ में 'घर-घर सोलर' अभियान का शुभारंभ

**सीतापुर।** टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड का हिस्सा एवं टाटा पावर की सहायक कंपनी, टाटा पावर सोलर रूफटॉप ने आज लखनऊ में अपने प्रमुख 'घर-घर सोलर' अभियान के साथ टाटा पावर बैटरी स्टोरेज, एक एकीकृत बैटरी ऊर्जा भंडारण समाधान का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य राज्य के शहरी, अर्ध-शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर को अपनाने की गति को और तेज़ करना तथा घरों एवं समुदायों को चौबीसों घंटे विश्वसनीय एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराना है। इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनकी बढ़ती बिजली आवश्यकताओं को किफायती और टिकाऊ तरीके से पूरा करने में सहायता प्रदान करना है। एयर कंडीशनर, घरेलू उपकरणों, सिंचाई, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी तथा छोटे व्यवसायों के बढ़ते उपयोग के कारण बिजली की खपत में हो रही वृद्धि को देखते हुए, टाटा पावर सोलारूफ का एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा इकोसिस्टम उपभोक्ताओं को सौर




ऊर्जा का सहज रूप से उत्पादन, भंडारण और उपयोग करने में सक्षम बनाएगा। साथ ही, यह बिजली बिलों तथा पारंपरिक ग्रिड बिजली पर निर्भरता को उल्लेखनीय रूप से कम करने में भी मदद करेगा। उत्तर प्रदेश, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे रूफटॉप सोलर बाजारों में से एक बनकर उभरा है। राज्य की अपार संभावनाओं को देखते हुए, टाटा पावर सोलर रूफटॉप ने अगले तीन वर्षों में पूरे उत्तर प्रदेश में 3 लाख रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन करने की योजना बनाई है, जिसका लक्ष्य 1,000 मेगावाट पीक की संचयी क्षमता हासिल करना है। राज्य में रूफटॉप सोलर के लिए देश की सबसे आकर्षक सब्सिडी व्यवस्थाओं में से एक उपलब्ध है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और राज्य सरकार की सब्सिडी के संयुक्त लाभ के तहत 3 kW तक की प्रणालियों के लिए 1.08 लाख तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिससे उत्तर प्रदेश देश में रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए सबसे उपभोक्ता-अनुकूल और आकर्षक राज्यों में से एक बन गया है। स्वच्छ ऊर्जा के व्यापक प्रसार के अपने प्रयासों के तहत, कंपनी अपनी 'मेरा गांव, मेरा सोलर' पहल के माध्यम से समुदाय-आधारित सोलर अपनाने को बढ़ावा दे रही है। यह पहल अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसकी पहुंच का विस्तार करने पर केंद्रित है। इसी पहल के अनुरूप, TPREL ने देश के सबसे बड़े क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, ताकि उत्तर प्रदेश के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक भी रूफटॉप सोलर की पहुंच सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने एक विशेष प्रोत्साहन योजना भी प्रस्तावित की है, जिसके तहत किसी गांव में प्रत्येक 100 घरों के सोलराइज्ड होने पर समुदाय को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व से संबंधित चुनिंदा लाभों के विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे।

## विदेशों से चलने वाली सट्टेबाजी से जुड़े विज्ञापन नियमों को तोड़ने में आगे

**लखनऊ।** एडवर्टाइजिंग स्टैण्ड्र्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) ने अपनी सालाना शिकायत रिपोर्ट 2025-2026 जारी की है। तमाम सरकारी रोक-टोक के बावजूद, विदेशों से चलने वाली सट्टेबाजी (ऑफशोर बेटिंग) से जुड़े विज्ञापन नियमों को तोड़ने में सबसे आगे रहे, जिनके खिलाफ सबसे ज्यादा 6,933 मामले सामने आए। इसके बाद रियल एस्टेट (643 मामले), पर्सनल केयर यानी ब्यूटी प्रोडक्ट्स (576 मामले), खाने-पीने की चीजें (331 मामले) और श्ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज एक्टश् का उल्लंघन करने वाली दवाइयां या जादुई इलाज के दावे (274 मामले) रहे। एएससीआई के चेयरमैन सुधांशु वत्स ने कहा, ष्इस साल की शिकायतों का डेटा विज्ञापन जगत की उस तस्वीर को दिखाता है जो कड़ी प्रतिस्पर्धा, तेज रफ्तार और डिजिटल फैलाव की वजह से बदल रही है। सभी श्रेणियों में, हम बढ़ा-चढ़ाकर दावे करने, विज्ञान के नाम पर फर्जी विश्वसनीयता बनाने, इन्फ्लुएंसर्स के जरिए विज्ञापनों को बढ़ावा देने और विज्ञापन छपने के बाद नियमों के उल्लंघन को आम बात समझने की बढ़ती प्रवृत्ति देख रहे हैं। इस रिपोर्ट के नतीजे बताते हैं कि डिजिटल विज्ञापनों में सख्त जवाबदेही, दावों के बेहतर वैज्ञानिक सबूत, इन्फ्लुएंसर्स के जिम्मेदाराना व्यवहार और विज्ञापन जारी होने से पहले ही निगरानी रखने वाले तौर-तरीकों की सख्त जरूरत है। एएससीआई की सीईओ और महासचिव मनीषा कपूर ने कहा, ष्डिजिटल दौर में, एएससीआई ने उपभोक्ताओं की सुरक्षा के दायरे को लगातार बढ़ाया है। हमारी खुद से निगरानी करने वाली प्रणाली ने हमें उस रफ्तार और पैमाने पर काम करने की ताकत दी है, जो सिर्फ शिकायतों पर निर्भर रहने वाले मॉडल में मुमकिन नहीं है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ मिलकर काम करने से यह साफ हुआ है कि जब सभी पक्ष मिलकर कदम उठाते हैं, तो उपभोक्ताओं की सुरक्षा कितनी प्रभावी हो सकती है।

## टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस ने मिस्ट्रल के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली।** आईटी सेवाएं, कंसल्टिंग और व्यवसाय समाधान प्रदान करने वाली, दुनिया भर में अग्रणी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस ने आज दुनिया की प्रमुख एआई कंपनियों में से एक 'मिस्ट्रल' के साथ एक ऐतिहासिक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत, टीसीएस 'मिस्ट्रल फॉर्ज' के लिए पहली ग्लोबल सिस्टम्स इंटीग्रेटर पार्टनर बन गई है। मिस्ट्रल फॉर्ज उद्यमों के लिए एक उन्नत सिस्टम है, जो कंपनियों को उनके खुद के मालिकाना उद्यम ज्ञान और डोमेन-विशिष्ट डेटा के आधार पर फ्रंटियर-ग्रेड एआई मॉडल बनाने की सुविधा देता है। यह साझेदारी मिस्ट्रल की फ्रंटियर एआई क्षमताओं को टीसीएस के गहरे व्यावसायिक संदर्भ, डोमेन ज्ञान और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के साथ जोड़ती है। इसका उद्देश्य कंपनियों को सुरक्षित और भरोसेमंद एआई टूल्स बनाने और उन्हें अपने पूरे व्यवसाय में बहुत तेज़ी और ज़िम्मेदारी से लागू करने में मदद करना है।

इस रणनीतिक साझेदारी के तहत, टीसीएस 'मिस्ट्रल फॉर्ज' इस उन्नत सिस्टम का उपयोग करके, अलग-अलग कंपनियों की ज़रूरत के हिसाब से उनके लिए खास एआई मॉडल तैयार करेगा।यह कंपनियों को उनके अपने डेटा और बिज़नेस की जानकारियों को एआई में इस्तेमाल करने में मदद करेगा। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि कंपनियां अपने बिज़नेस से जुड़े फैसले ज़्यादा सटीक और बेहतर तरीके से ले पाएंगी। दुनिया भर (उत्तरी अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और एशिया-प्रशांत क्षेत्र) में फैली टीसीएस की मज़बूत पकड़ का लाभ इस साझेदारी को मिलेगा। इसके ज़रिए वे कंपनियों की कामकाजी ज़रूरतों और स्थानीय सरकारी नियमों के अनुसार बिल्कुल सटीक एआई समाधान पहुंचाएंगे। शुरूआत में यह साझेदारी मुख्य रूप से बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा और सरकारी विभागों पर ध्यान देगी। इन क्षेत्रों को चुना गया है क्योंकि यहाँ एक सुरक्षित और भरोसेमंद एआई को अपनाना आज के समय में सबसे ज़्यादा ज़रूरी हो गया है।

इसके साथ ही, टीसीएस मिस्ट्रल के लिए एक समर्पित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' भी स्थापित करेगी। यह केंद्र दोनों कंपनियों के आपसी नवाचार को बढ़ावा देगी, अलग-अलग उद्योगों से जुड़े खास समाधान तैयार करेगी और प्रोजेक्ट्स को समय पर पूरा करने में मदद करेगी। इसके अलावा, ग्राहकों को मिस्ट्रल के बीटा (शुरुआती/टेस्टिंग) मॉडलों का एक्सेस पहले ही मिल जाएगा, जिससे उन्हें अपने बिज़नेस का फायदा तेज़ी से बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' बेहतरीन विशेषज्ञों, खास ट्रेनिंग और उन सभी आधुनिक क्षमताओं के लिए एक मुख्य केंद्र के रूप में काम करेगा, जो एआई समाधानों की रुपरेखा तैयार करने, उन्हें व्यवसाय में लागू करने और सुरक्षित रूप से उन पर नियंत्रण रखने के लिए ज़रूरी होती हैं।

## तेल, महंगाई और कमजोर मानसून से अर्थव्यवस्था को खतरा

**नई दिल्ली।** आर्थिक मामलों के विभाग ने मई की मासिक आर्थिक समीक्षा में भारत के निकट भविष्य के आर्थिक परिदृश्य को सतर्क व लचीलेपन वाला बताया। विभाग ने कहा कि वैश्विक झटकों के बावजूद घरेलू बुनियादी सिद्धांत मजबूत हैं। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, सख्त वित्तीय स्थितियां और कमजोर मानसून को खपत व महंगाई के लिए प्रमुख जोखिम बताया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, विनिर्माण और सेवा क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) विस्तार क्षेत्र में हैं। श्रम बाजार स्थिर है और विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से सुरक्षा प्रदान करता है। विभाग ने स्वीकार किया कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद वैश्विक वातावरण चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऊंची कच्चे तेल की कीमतें और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की कमजोर वृद्धि भारत के लिए चुनौतियां हैं।

महंगाई की गतिशीलता पर सतर्कता आवश्यक है। खुदरा महंगाई और थोक कीमतों के बीच अंतर ऊपरी स्तर पर लागत दबाव का संकेत देता है। अप्रैल 2026 में खुदरा महंगाई मामूली रूप से 3.48 फीसदी बढ़ी, जो भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य से कम रही। लेकिन थोक महंगाई वैश्विक ऊर्जा कीमतों और मुद्रा अवमूल्यन के कारण तेजी से 8.3 फीसदी तक पहुंच गई। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि और कम मानसून खाद्य कीमतों पर अतिरिक्त दबाव डाल सकता है।

आर्थिक मामलों के विभाग की समीक्षा के अनुसार, खुदरा महंगाई और थोक कीमतों में अंतर चिंताजनक है। यह दर्शाता है कि उत्पादन लागत बढ़ रही है, जिसका असर जल्द ही उपभोक्ताओं पर दिख सकता है। अप्रैल 2026 में खुदरा महंगाई 3.48 फीसदी रही, जबकि थोक महंगाई 8.3 फीसदी पर पहुंच गई। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी और कमजोर मानसून से खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ने की आशंका है।

अप्रैल 2026 में औद्योगिक गतिविधि ने मिश्रित संकेत दिखाए, पर सीमेंट, इस्पात और बिजली उत्पादन में लचीलापन रहा।

## भारत का ईंधन निर्यात अक्तूबर 2022 के बाद सबसे निचले स्तर पर



**नई दिल्ली।** भारत के रिफाइन पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात मई में घटकर लगभग 930,000 बैरल प्रतिदिन रह गया। यह अक्तूबर 2022 के बाद का सबसे निचला स्तर है। रिफाइनरियों के रखरखाव, बदलती उत्पादन प्राथमिकताएं और मजबूत घरेलू मांग इसके मुख्य कारण हैं। डेटा विश्लेषण फर्म केप्लर के अनुसार, अक्तूबर 2022 में यह आंकड़ा 926,000 बैरल प्रतिदिन था।

केप्लर के मॉडल और रिफाइनिंग प्रबंधक सुमित रितोलिया ने बताया कि यह तेज गिरावट कम रिफाइनरी उत्पादन और घरेलू बाजार पर बढ़ते ध्यान के कारण हुई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के जामनगर रिफाइनिंग परिसर में नियोजित रखरखाव भी एक प्रमुख कारण रहा। इस रखरखाव कार्यक्रम से कच्चे तेल के प्रसंस्करण की दरें कम हो गईं। इससे महीने के दौरान निर्यात के लिए उपलब्ध मात्रा सीमित हो गई।

रिफाइनरों ने घरेलू बाजार के लिए तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का उत्पादन बढ़ाया। इसके कारण पेट्रोल और डीजल का उत्पादन अनुमानित 80,000 बैरल प्रतिदिन कम हो गया। यह बदलाव स्थानीय एलपीजी आपूर्ति की जरूरतों को पूरा करने के प्रयासों को दर्शाता है। यह निर्यात-उन्मुख उत्पादों, विशेषकर गैसोलीन और डीजल की कीमत पर हुआ। सरकारी रिफाइनरों ने भी घरेलू बाजार में अधिक उत्पादन भेजा। उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा और पर्याप्त स्थानीय ईंधन आपूर्ति बनाए रखने की आवश्यकता को प्राथमिकता दी। यह घरेलू मांग को निर्यात बाजारों से ऊपर रखने का एक व्यापक रुझान है।

रितोलिया के अनुसार, निर्यात अर्थशास्त्र भी कम अनुकूल हो गया है। परिष्कृत उत्पाद निर्यात पर लगने वाले करों ने विदेशी बिक्री के आकर्षण को कम किया है। इससे घरेलू आपूर्ति की तुलना में निर्यात कम आकर्षक हो गया है। यह रिफाइनरों के लिए विदेशों में शिपमेंट बढ़ाने के प्रोत्साहन को सीमित करता है। निर्यात में यह तेज गिरावट दर्शाती है कि रिफाइनरी रखरखाव, बदलती ईंधन मांग और नीतिगत विचार भारत के परिष्कृत उत्पाद व्यापार प्रवाह को नया आकार दे रहे हैं। भारत अभी भी एशिया के सबसे बड़े ईंधन निर्यातकों में से एक है।

## जैक्सन सोलर की उत्तर प्रदेश में प्रमुख डीलर मीट में सतत एनर्जी को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता मजबूत हुई



**लखनऊ।** जैक्सन ग्रुप की कंपनी जैक्सन सोलर ने ओम सोलर के साथ साझेदारी में लखनऊ में एक डीलर मीट का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक डीलर, चैनल पार्टनर, वितरक और उद्योग से जुड़े सहयोगी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य सोलर एनर्जी मार्केट में विकास के अवसरों पर केंद्रित चर्चा करना था।यह डीलर मीट जैक्सन सोलर के लिए अपने क्षेत्रीय साझेदार नेटवर्क के साथ संवाद का मंच बना। यहां मार्केट की संभावनाओं पर चर्चा जुई। ग्राहकों की उम्मीदों को समझा गया। उत्तर प्रदेश तथा आसपास के क्षेत्रों में कंपनी की विकास प्राथमिकताओं पर सहमति बनाई गई। इस कार्यक्रम ने भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप तैयार किए गए भरोसेमंद और उच्च गुणवत्ता वाले सोलर एनर्जी सॉल्यूशन के माध्यम से अपने साझेदारों को सहयोग देने की जैक्सन सोलर की प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया गया। कार्यक्रम में जैक्सन के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें भारत के लिए एसआरटी बिजनेस हेड श्री सिद्धार्थ दास और नेशनल रिटेल हेड श्री महेंद्र सिंह यादव शामिल थे, मौजूद रहे। उन्होंने साझेदारों के साथ कंपनी की विकास योजनाओं, उत्पाद पोर्टफोलियो और चैनल विस्तार की प्राथमिकताओं पर चर्चा की।कार्यक्रम के दौरान जैक्सन सोलर की टीम ने कहा, 'हमारे साझेदार हमारी विकास यात्रा के केंद्र में हैं। यह डीलर मीट केवल संवाद का मंच नहीं, बल्कि मजबूत संबंधों, साझा विकास और एक स्वच्छ तथा अधिक टिकाऊ भविष्य के लिए सामूहिक दृष्टिकोण का उत्सव था। '

# लखनऊमें भीषण गर्मी की संभावना के बीच, सिंटेक्स ट्रूपफ को प्रस्तुत करता है भारत का पहला इंसुलेटेड पानी का टैंक




**लखनऊ।** सिंटेक्स, भारत की अग्रणी और विश्वसनीय गुणवत्ता वाले जल भंडारण समाधानों की निर्माता कंपनी, सिंटेक्स ट्रूपफ भारत का पहला 'ट्रूली' इंसुलेटेड पानी का टैंक–की पहुंच का विस्तार कर रही है। लखनऊ में तापमान फिर से जल्द ही बढ़ने वाला है, इसलिए विश्वसनीय जल भंडारण समाधानों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। अत्यधिक मौसम स्थितियों का सामना करने के लिए डिज़ाइन किया गया ट्रूपफ 50 मिमी पॉलीयुरेथेन फोम इंसुलेशन से युक्त है, जो संग्रहित पानी के तापमान को उसके मूल स्तर के करीब बनाए रखने में मदद करता है। वेलस्पन बीएपीएल लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सिंटेक्स के डायरेक्टर यशोवर्धन अग्रवाल ने कहा, 'सिंटेक्स ट्रूपफ को एक बहुत ही वास्तविक, रोज़मर्रा की समस्या को हल करने के लिए बनाया गया था, पानी जो गर्मियों केविलक्षण के दौरान उपयोग करने के लिए बहुत गर्म और असुविधाजनक हो जाता है। देश में बढ़ते तापमान को देखते हुए, हमारा फोकस ऐसा समाधान देने पर है जो पानी के स्टोरेज को आसान और विश्वसनीय बनाए।हमारे लिए, स्मार्ट वॉटर स्टोरेज ही स्वस्थ घरों और समुदायों की दिशा में पहला कदम है। '

तीव्र गर्मी और कड़ाके की ठंड–दोनों में प्रभावी प्रदर्शन के लिए तैयार ट्रूपफ सभी मौसमों में विश्वसनीय इंसुलेशन प्रदान करता है और पारंपरिक स्टील टैंकों का एक प्रभावी व हल्का विकल्प है। इसके अलावा, यह टैंक 100 प्रतिशत वर्जिन, फूड-ग्रेड प्लास्टिक से बना है, जो पानी में माइक्रोप्लास्टिक छोड़ने वाले रीसायकल्डमटेरियल से जुड़े संभावित संदूषण जोखिमों से बचाकर पानी को अधिक सुरक्षित बनाने में मदद करता है। इसमें एंटी-माइक्रोबियल गुण भी शामिल हैं, जो लंबे समय तक धूप के संपर्क से तेज होने वाली सूक्ष्मजीवों की वृद्धि को रोकते हैं। धूप के कारण पानी का तापमान बढ़ सकता है, जिससे शैवालबन सकते हैं और दुर्गंध उत्पन्न हो सकती है–इस प्रकार यह रोज़मर्रा के उपयोग के लिए अधिक सुरक्षित और स्वच्छ पानी सुनिश्चित करता है।

ट्रूपफ को थर्मस की तरह काम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है - जलवायु परिस्थितियों की परवाह किए बिना पानी के मूल तापमान को बनाए रखता है। अपने थिकर मेकनिर्माण और यूवी-स्टेबलाइज़्डबाहरी आवरण के साथ, ट्रूपफ सूरज की रोशनी को रोकता है और जलकाईके निर्माण को रोकता है। टैंक 'हेक्सा बोल्ट' के साथ अद्वितीय सेल्फ-लॉकिंग ढक्कन से सुसज्जित है जो बाहरी हस्तक्षेप से शीर्ष को सुरक्षित करता है। सेंट्रल इन्सुलेशन लेयरगर्मी हस्तांतरण को कम करती है, जिससे टैंक पानी को उसके मूल भरने के तापमान पर बनाए रखने में सक्षम होता है। आंतरिक परीक्षण से पता चलता है कि पानी का तापमान कठोर जलवायु परिस्थितियों में भी अपने मूल भरने के तापमान से 0.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं बदलता है।

ट्रूपफ 15 साल की वारंटी के साथ आता है, जो सिंटेक्स द्वारा अपने ग्राहकों को लगातार दी जाने वाली गुणवत्ता और स्थायित्व को दर्शाता है। संस्थानों, शैक्षिक सुविधाओं, कॉरपोरेट्स, बंगलों और क्षेत्रों में व्यक्तिगत घरों के लिए एक पसंदीदा विकल्प है।

## सोनालीका ने वित्त वर्ष 2027 में मई की अब तक की सर्वाधिक 17,204 कुल ट्रैक्टर बिक्री की



**लखनऊ।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2027 में अपनी रफ्तार को और तेज़ करते हुए मई की अब तक की सर्वाधिक 17,204 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की है और 21% वृद्धि दर्ज करते हुए उद्योग के प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। सोनालीका की यह नई उपलब्धि किसानों को 'जीतने का दम' देने पर ब्रांड के निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है और भारत को कृषि महाशक्ति बनाने की दिशा में कंपनी की महत्त्वपूर्ण भूमिका को और मज़बूत करती है7 कंपनी ने भारत में आगामी खरीफ सीज़न की तैयारी के उपलक्ष में 17,029 ट्रैक्टरों का अब तक का सर्वाधिक मासिक उत्पादन भी दर्ज किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा, 'हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमने मई की अब तक की सर्वाधिक 17,204 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की है, जो कुल 21% वृद्धि द्वारा संभव हुई और हमने उद्योग के प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। यह एक मज़बूत संकेत है कि भारतीय किसानों ने खरीफ मौसम के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है और वे अधिक आत्मविश्वास के साथ मशीनीकरण को अपना रहे हैं। इसके साथ ही, हमने किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 17,029 ट्रैक्टरों का अब तक का सर्वाधिक मासिक उत्पादन भी दर्ज किया है। आंकड़ों से ऊपर उठ कर, जो बात हमें सबसे अधिक प्रेरित करती है, वह है भारतीय कृषि की अटूट विश्वास, जहां हर सीज़न इस विश्वास के साथ शुरू होता है कि कल की फसल आज से बेहतर होगी और विकास हमेशा संभव है। हमारा हमेशा से मानना रहा है कि लगातार प्रगति, निरंतरता और दृढ़ता के माध्यम से हासिल की जाती है और हम किसानों को अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, समयबद्ध पूरा करें योजनाएं : दिनेश प्रताप सिंह

- प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई विकास एवं कानून व्यस्था की समीक्षा बैठक


कलेक्ट्रेट सभागार में विकास एवं कानून व्यवस्था का समीक्षा करते प्रभारी मंत्री

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशीनगर दौरे और 424 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम के बाद जिले के प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं और परियोजनाओं को तय समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए।

बैठक में मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। गर्मी के मौसम को देखते हुए मंत्री ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था तथा गौ संरक्षण केंद्रों के बेहतर संचालन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके अलावा मनरेगा, स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, शिक्षा, लोक निर्माण, विद्युत और जल जीवन मिशन सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने रोजगार सृजन को बढ़ावा देने, लंबित निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने, आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने तथा किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया। साथ ही बीज और उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

कानून-व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मंत्री ने गौ तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई करने तथा लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने और गुणवत्ता से कोई समझौता न करने की हिदायत दी। बैठक में सांसद विजय कुमार दुबे, सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, भाजपा पदाधिकारी, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सपा नेता मणेन्द्र मिश्रा मशाल ने तुलसियापुर की घटना पर जताया दुःख

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा ने सिद्धार्थनगर के शोहरतगढ़ तहसील में तुलसियापुर चौराहे पर निर्माणाधीन स्वागत द्वार गिरने से एक व्यक्ति का निधन और चार व्यक्तियों के घायल होने की घटना पर दुःखद प्रकट करते हुए जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर से कठोर कार्यवाही की माँग की है। श्री मिश्रा ने बताया कि तत्कालीन जिलाधिकारी के कार्यकाल में भारत सरकार के मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत पंगेशियस क्लस्टर के तहत सिद्धार्थनगर मत्स्य पालन कार्यक्रम को अधिसूचित किया गया था। इसी के अन्तर्गत मण्डी समिति से ग्राम पंचायत मदरहिया के पास मछली मण्डी का व्यावसायिक मार्केट बन रहा था। सपा नेता ने कहा कि शोहरतगढ़ क्षेत्र का मत्स्य उत्पादन की दृष्टि से राष्ट्रीय पहचान है। ऐसे में प्रधानमंत्री जी के नाम से जुड़ी हुई मत्स्य योजना में भ्रष्टाचार के कारण स्वागत द्वार गिरने की घटना जिले को शर्मसार करने वाली है।

# सत्या नादान व काजल सिंह के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- राजापाकड़ धाम में संगीतमय सुंदरकांड, भजन-कीर्तन व भंडारे में उमड़ी भीड़
- आचार्य ज्ञानप्रकाश पांडेय के पाठ के बाद देर तक गूंजती रही भक्ति रस की स्वर लहरियां


सत्या नादान के भक्ति गीतों पर झूम उठे श्रद्धालु

**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत राजापाकड़ स्थित जीतेश्वर शिवमंदिर, जानकीरमण सरकार मंदिर व पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर राजापाकड़ धाम में ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल पर बुधवार को भक्ति, संगीत व सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। यज्ञ समिति के तत्वावधान में आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन व महाभंडारा में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने सहभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य ज्ञानप्रकाश पांडेय द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ से हुआ। भगवान श्रीराम व हनुमानजी की महिमा का वर्णन करते हुए प्रस्तुत किए गए सुंदरकांड पाठ ने पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया। पाठ के दौरान श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर भक्ति रस में डूबे रहे। इसके बाद मंच पर पहुंचे सुप्रसिद्ध लोकगायक सत्या नादान ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। उनके गीतों पर श्रद्धालु झूम उठे तथा देर तक जय श्रीराम व जय बजरंगबली के उद्घोष गूंजते रहे। लोकगायिका काजल सिंह ने भी अपने मधुर भजनों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों को श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। ?आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं व कसया-तमकुही मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों के लिए शीतल शर्बत व जल की विशेष व्यवस्था की गई थी। अपराह्न दो बजे से प्रारंभ हुए विशाल महाभंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही तथा धार्मिक उत्साह का वातावरण दिखाई दिया।

इस अवसर पर भागवत कथा विशेषज्ञ पं. पंकज कृष्ण शास्त्री, महंत नारायण दास पूर्व प्रमुख डा. विजय राय, सपा नेता राजन शुक्ल, मु. इलियास अंसारी, सीपीआईसी के निदेशक धर्मेंद्र श्रीवास्तव, एसओ आलोक यादव, एसओ अनिल सिंह, सचिन सिंह, विनोद यादव, डा. आनंद यादव आदि अतिथि उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन रामजानकी छठ घाट का चेयरमैन ने किया निरीक्षण

- गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण कराने के दिए निर्देश


रामजानकी छठ घाट का जायजा लेते चेयरमैन नवरंग सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली, कुशीनगर।** नगर पंचायत मथौली के वार्ड संख्या-12 में लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन रामजानकी छठ घाट का नगर पंचायत अध्यक्ष नवरंग सिंह ने बुधवार शाम पांच बजे निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर चेयरमैन नवरंग सिंह ने कहा कि नगर पंचायत मथौली का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि रामजानकी छठ घाट का निर्माण नगर के लिए एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि घाट निर्माण के साथ ही रामजानकी मंदिर के निर्माण की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी। इसके लिए लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। मंदिर निर्माण से क्षेत्र की धार्मिक पहचान और अधिक मजबूत होगी तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। चेयरमैन ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में युद्धस्तर पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं और विकास का यह क्रम लगातार जारी रहेगा।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि मथौली को एक आदर्श नगर पंचायत के रूप में विकसित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान सभासद रविंद्र सैनी, प्रिंस जायसवाल, अजय कन्नौजिया, मनीष सिंह, पप्पू रस्तोगी समेत नगर पंचायत के अन्य प्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## किसानों को खाद नहीं, तस्करों के पास 52 बोरी! आखिर माफियाओं तक कैसे पहुंच रही डीएपी-यूरिया

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** एक तरफ किसान डीएपी और यूरिया खाद के लिए दुकानों के चक्कर काट रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ भारत-नेपाल सीमा पर तस्करों के पास बड़ी मात्रा में खाद पकड़ी जा रही है। यह सवाल फिर खड़ा हो गया है कि जब किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल रही, तो तस्करों के पास इतनी बड़ी मात्रा में खाद आखिर पहुंच कहां से रही है? बुधवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की सीमा चौकी बाणगंगा के जवानों ने विशेष नाका ड्यूटी के दौरान 25 बोरी डीएपी, 27 बोरी यूरिया खाद तथा 12 साइकिल बरामद कीं। यह कार्रवाई सीमा स्तंभ संख्या 557 के पास परसौना गांव के निकट की गई। एसएसबी के अनुसार जवान विशेष नाका ड्यूटी पर तैनात थे, तभी कुछ संदिग्ध व्यक्ति सीमा की ओर बढ़ते दिखाई दिए। जवानों ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो वे सामान के साथ भागने लगे।

# कप्तानगंज डिस्टलरी : आखिर इस औद्योगिक धरोहर का हत्यारा कौन?

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** कभी जिसकी चिमनी से उठता धुआं विकास और समृद्धि का प्रतीक माना जाता था, जहां मशीनों की गड़गड़ाहट हजारों परिवारों की आजीविका का आधार थी और जहां रोजगार की उम्मीद में कई पीढ़ियां जुड़ी रहीं, आज वही कप्तानगंज डिस्टलरी वीरान खड़ी है। जर्जर हो चुकी इमारतें, टूटते ढांचे और चारों ओर पसरा सन्नाटा मानो एक ही सवाल पूछ रहा है—आखिर कप्तानगंज डिस्टलरी को खत्म करने वाला कौन है?

करीब 49 एकड़ क्षेत्र में फैली इस डिस्टलरी की स्थापना वर्ष 1944-45 में हुई थी। आजादी के बाद यह पूर्वांचल के औद्योगिक विकास की प्रमुख पहचान बनी। यहां हजारों श्रमिकों को रोजगार मिला, गन्ना किसानों को अपनी उपज का बाजार मिला और कप्तानगंज का नाम राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हुआ। लेकिन वर्ष 2008 में इसकी चिमनी से आखिरी बार धुआं उठा और इसके बाद उत्पादन हमेशा के लिए बंद हो गया।

### कैसे पहुंची बंदी के कगार पर

सबसे बड़ा सवाल यह है कि दशकों तक क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही यह औद्योगिक इकाई अचानक बंद कैसे हो गई? क्या इसे बचाने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किए गए या फिर नीतिगत विफलताओं और लापरवाही ने इसे बर्बादी की ओर धकेल दिया? आखिर वे कौन लोग और कौन सी परिस्थितियां थीं, जिनकी वजह से पूर्वांचल की यह औद्योगिक धरोहर खंडहर में तब्दील हो गई?

### हजारों परिवारों पर पड़ा असर

डिस्टलरी के बंद होने के साथ ही हजारों श्रमिकों की रोजी-रोटी छिन गई। गन्ना किसानों को बड़ा आर्थिक झटका लगा और स्थानीय व्यापार भी प्रभावित हुआ। जिन कर्मचारियों ने अपनी पूरी जिंदगी इस संस्थान को दी, उनमें से कई आज भी बकाया भुगतान और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन उनकी आवाज सुनने वाला कोई नजर नहीं आता।

**गायब होती गई करोड़ों की संपत्ति :** स्थानीय लोगों का आरोप है कि डिस्टलरी बंद होने के बाद इसकी संपत्तियां धीरे-धीरे नष्ट होती चली गई। मशीनें कबाड़ में तब्दील हो गई, भवन जर्जर होते गए और जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बने रहे। करोड़ों रुपये की परिसंपत्तियों और हजारों लोगों के भविष्य से जुड़े इस संस्थान की दुर्दशा आखिर किसकी नाकामी का परिणाम है, इसका जवाब आज तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

**पुनर्जीवन क्यों नहीं :** स्थानीय समाजसेवी एवं भ्रष्टाचार के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने वाले राम नरेश अग्रहरी का कहना है कि जब प्रदेश की कई चीनी मिलों और अन्य औद्योगिक इकाइयों के पुनर्जीवन की योजनाएं बन सकती हैं, तो कप्तानगंज डिस्टलरी को क्यों मरने दिया गया? क्या इसकी बहुमूल्य जमीन और संपत्तियों पर किसी की नजर थी? क्या प्रशासन, प्रबंधन और संबंधित एजेंसियों ने अपनी जिम्मेदारियां पूरी ईमानदारी से निभाई? उनका कहना है कि इन सवालों के जवाब आज भी क्षेत्र की जनता जानना चाहती है।

**व्यवस्था पर खड़े होते सवाल :** पूर्वांचल के औद्योगिक विकास की पहचान रही कप्तानगंज डिस्टलरी आज सरकारी उदासीनता, प्रबंधन की विफलता और नीतिगत लापरवाही की प्रतीक बन चुकी है। इसकी वीरान चिमनी केवल एक बंद कारखाने की कहानी नहीं कहती, बल्कि उस व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है जो एक ऐतिहासिक औद्योगिक धरोहर को बचाने में असफल रही। आज भी स्थानीय लोग उम्मीद लगाए बैठे हैं कि कभी इस परिसर में फिर से उद्योग की चहल-पहल लौटेगी। लेकिन जब तक डिस्टलरी की बंदी के वास्तविक कारणों की निष्पक्ष जांच नहीं होती, तब तक यह सवाल अनुत्तरित ही रहेगा—आखिर कप्तानगंज डिस्टलरी का हत्यारा कौन है?

## जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अमेठी।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिकाधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देशानुसार बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान गौरीगंज में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 150 से अधिक इच्छुक आवेदकों ने प्रतिभाग किया तथा योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अमेठी को योजना के अंतर्गत 1700 लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के तहत पात्र युवाओं को निर्माण एवं सेवा क्षेत्र में उद्यम स्थापित करने के लिए 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण प्रदान किया जाता है। ऋण की गारंटी राज्य सरकार द्वारा ली जाती है तथा लाभार्थियों को 10 प्रतिशत अनुदान का लाभ दिया जाता है। डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को योजना की पात्रता आवेदन प्रक्रिया आवश्यक दस्तावेज बैंकिंग प्रक्रिया तथा उपलब्ध लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# प्राची क्लीनिक का भव्य उद्घाटन, ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

**अवधनामा संवाददाता**


क्लिनिक का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** क्षेत्र के सलेमगढ़ में बुधवार को प्राची क्लीनिक का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। क्लीनिक का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता जयंत कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार समय की मांग है। ऐसे स्वास्थ्य केंद्रों के शुरू होने से स्थानीय लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध होगा और उन्हें दूर-दराज के अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के नेता अवधनाथ ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने क्लीनिक के संचालक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्रवासियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा तथा लोगों को अपने आसपास ही बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।भाजपा युवा नेता निलय कुमार सिंह ने कहा कि प्राची क्लीनिक के खुलने से क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कम खर्च में बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी। इससे मरीजों को इलाज के लिए दूर भटकना नहीं पड़ेगा और समय के साथ-साथ आर्थिक बचत भी होगी।

इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान विनोद पटेल, अरविंद राय, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युवा साकेत सिंह,पंकज राय, राजकुमार (प्रिंस) तिवारी, मिथिलेश शर्मा, गोविंद ठाकुर, सुधीर खरवार, आनंद कुमार रावत, राहुल साह, अवधेश सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक के साथ बहादुरपुर पुलिस चौकी प्रभारी धर्मवीर सिंह मौजूद रहे। सभी ने क्लीनिक के सफल संचालन की कामना करते हुए इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय के प्रति ओयोजक द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# हाटा में विद्युत आपूर्ति होगी बेहतर, 44 ट्रांसफार्मरों के क्षमता विस्तार को मंजूरी

- विधायक मोहन वर्मा का प्रयास लाया रंग, क्षेत्र में खुशी का माहौल




**अवधनामा संवाददाता**

**हाटा, कुशीनगर।** हाटा विधानसभा क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। क्षेत्र के विभिन्न गांवों और नगर क्षेत्रों में स्थापित 44 विद्युत ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि को स्वीकृति मिल गई है। इससे लो-वोल्टेज, ओवरलोडिंग और बार-बार बिजली बाधित होने जैसी समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।

विधायक मोहन वर्मा के प्रयासों से मिली इस स्वीकृति के तहत 25 केवीए, 63 केवीए और 100 केवीए क्षमता वाले कई ट्रांसफार्मरों को उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों से बदला जाएगा। इससे बढ़ती बिजली मांग के अनुरूप आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत किया जा सकेगा। विधायक मोहन वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के लोगों द्वारा लगातार ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने की मांग की जा रही थी, जिसे प्रदेश सरकार और विभागीय अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से रखा गया। इसके परिणामस्वरूप क्षमता वृद्धि की मंजूरी मिली है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता बेहतर बिजली व्यवस्था उपलब्ध कराना है। विद्युत विभाग के अनुसार स्वीकृत कार्यों को जल्द शुरू कराया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक सुचारु और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

## सांसद ने सुनी जन शिकायत



**अमेठी।** सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अपने चार दिवसीय दौरे के दौरान दूसरे दिन बुधवार को केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनीं। क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से पहुंचे लोगों ने सड़क निर्माण सोलर लाइट हाईमास्ट लाइट इलाज के लिए आर्थिक सहायता स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं रोजगार स्थानांतरण स्कूलों में प्रवेश तथा अन्य जनहित के मुद्दों को सांसद के समक्ष रखा। लगभग 46 प्रार्थना पत्र सोलर लाइट18 सड़क निर्माण 6 हाईमास्ट लाइट सहित चिकित्सा शिक्षा और आर्थिक सहायता से जुड़े अनेक मामलों का तत्काल संज्ञान लेते हुए सांसद श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों एवं विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। कई मामलों में मौके पर ही समाधान की प्रक्रिया शुरू कराई गई। कार्यक्रम में पार्टी जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ठाकुर इसराक प्रवक्ता अनिल सिंह सदाशिव यादव गीता सिंह मुन्ना सिंह त्रिसुंडी राजीव सिंह बैजनाथ तिवारी रामबरन कश्यप सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# किशोरी को भगा ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित ने कहा है कि 1 जून को सुबह करीब 11 बजे एक युवक कथित रूप से महिला की 16 वर्ष 5 माह की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।

महिला का आरोप है कि युवक के पिता तथा एक अन्य व्यक्ति ने भी इस घटना में सहयोग किया। तहरीर में कहा गया है कि आरोपी किशोरी को पंजाब मेल एक्सप्रेस 13005 से लेकर प्रदेश से बाहर चले गए। महिला ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि उसकी पुत्री घर से लगभग 50 हजार रुपये नकद सोने की अंगूठी सोने की चेन झुमकी मंगलसूत्र पायजेब सहित अन्य आभूषण भी साथ ले गई है। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश की लेकिन किशोरी का कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई।

महिला का कहना है कि उसका पति रोजी-रोटी के सिलसिले में दूसरे प्रदेश में रहता है। आरोपित युवक का परिवार से परिचय था और उसका घर के आसपास आना-जाना भी रहता था। इसी का लाभ उठाकर उसने किशोरी को अपने प्रभाव में लिया। कोतवाली प्रभारी श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध सम्बन्धित धारा में नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी हुई है और मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नगर में अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलन्द

**अमेठी।** नगर पंचायत और स्थानीय प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली के कारण नगर में अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। सड़क की पटरियों पर सजी दुकानें किनारे खड़े ठेले बड़ी मुश्किल से आधी सड़क पर आवागमन जाम का कारण बना है।इसके बावजूद प्रशासन इस ओर अनदेखी कर रहा है। बढ़े अतिक्रमण के कारण लोगों को जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है।

नगर में जगह जगह भीषण जाम लग रहा है। सबसे अधिक समस्या अंबेडकर तिराहे और राजर्षि तिराहे के पास होती है जहां जाम की स्थिति काफी विकराल रहतीहै। वहीं गांधी चौक और राजर्षि तिराहा भी दिन भर जाम की चपेट में रहते हैं।अतिक्रमण के कारण सभी मार्ग सकरे दिखाई दे रहे हैं। सगरा तिराहे पर भी जाम की स्थिति थोड़ी-थोड़ी देर बाद बनती है।सड़क की पटरियों पर सजी दुकानों के कारण मार्ग सकरा हो गया है।उस पर बेतरतीब वाहन खड़े होने से लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है। इस समस्या के प्रति स्थानीय प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

# निर्माणाधीन मछली मंडी गेट की शटरिंग गिरने की दुर्घटना में एक की मौत व चार मजदूर घायल

- डीएम एवं एसएसपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण, हर संभव सहायता का दिया आश्वासन



**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** थानाक्षेत्र ढेबरुआ के कस्बा तुलसियापुर में बुधवार को निर्माणाधीन मछली मंडी गेट की शटरिंग गिरने की दुर्घटना में 5 मजदूर घायल हो गए तथा 1 की दुःखद मृत्यु हो गई। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।

जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र ढेबरुआ के कस्बा तुलसियापुर में निर्माणाधीन मछली मंडी गेट निर्माण कार्य के दौरान अचानक शटरिंग गिर जाने से वहां कार्यरत मजदूर इसकी चपेट में आ गए। दुर्घटना में 4 मजदूर घायल हो गए तथा 1 की दुःखद मृत्यु हो गई। घटना की सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ कराया गया। सभी घायलों को तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा था। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है।

डीएम एवं एसएसपी ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्य की स्थिति, घटना के कारणों तथा राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने 3 सदस्यीय टीम गठित कर जांच कराने का निर्देश दिया। घटनास्थल निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला अस्पताल पहुंचकर भर्ती घायलों का कुशलक्षेम जाना गया । अधिकारियों ने चिकित्सकों से घायलों के स्वास्थ्य एवं उपचार की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा सभी घायलों को बेहतर एवं समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए । अधिकारियों ने घायल मजदूरों एवं उनके परिजनों से वार्ता कर उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन भी दिया।

## आग उगल रहा सूरज : कुशीनगर में 43 डिग्री पहुंचा पारा, दोपहर में सड़कों पर पसरा सन्नाटा

- हीटवेव जैसे हालात, तपिश से बेहाल हुए लोग; मौसम विभाग ने जारी की सतर्कता

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जून की शुरुआत के साथ ही जिले में गर्मी ने अपने तेवर और तीखे कर लिए हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे पूरे जिले में हीटवेव जैसे हालात बन गए। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का घरों से निकलना मुश्किल कर दिया। दोपहर होते-होते बाजार, सड़कें और सार्वजनिक स्थान लगभग सूने नजर आए।

तेज धूप के कारण सबसे ज्यादा परेशानी मजदूरों, किसानों, रिक्शा चालकों और राहगीरों को झेलनी पड़ रही है। दिन चढ़ने के साथ ही गर्म हवाओं ने लोगों को झुलसा दिया। कई जगहों पर लोग पेड़ों की छांव और ठंडे पानी का सहारा लेते दिखाई दिए। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, सिरदर्द और कमजोरी जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे मौसम में बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

### अभी राहत के आसार नहीं

मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक तापमान ऊंचा बना रह सकता है। गर्म हवाओं और तेज धूप का असर जारी रहने की संभावना है। फिलहाल बारिश के कोई स्पष्ट संकेत नहीं हैं, जिससे लोगों को गर्मी से तत्काल राहत मिलने की उम्मीद कम है।

अवधनामा



# पत्रकारों के सम्मान और सुरक्षा के लिए संयुक्त प्रेस क्लब संकल्पित: सुधीर मिश्र

■ अभेद एकता और संगठन की मजबूती के लिए ईंट से ईंट जोड़कर करेंगे काम

वहाज अली 'निहाल'
नितेश प्रताप सिंह



**इटावा।** लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को सशक्त बनाने और श्रमजीवी पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए 'संयुक्त प्रेस क्लब, इटावा' पूरी तरह प्रतिबद्ध है।संगठन के वरिष्ठ महामंत्री सुधीर मिश्र ने अपनी भावी कार्ययोजना साझा करते हुए कहा कि उनका पद केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि इटावा के समस्त पत्रकार साथियों के विश्वास, सम्मान और सुरक्षा का एक मजबूत कवच है।महामंत्री सुधीर मिश्र ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में कहा, 'संयुक्त प्रेस क्लब इटावा मात्र एक संगठन नहीं, बल्कि हम सभी पत्रकारों का एक परिवार है।महामंत्री के रूप में मेरा एकमात्र लक्ष्य संगठन में अभेद्य एकता स्थापित करना, हर साथी के अधिकारों के लिए अग्रिम पंक्ति में खड़े रहना और पत्रकारिता के नैतिक मूल्यों को अक्षुण्ण बनाए रखना है।' उन्होंने संकल्प दोहराया कि वे ईंट से ईंट जोड़कर संगठन को उस ऊंचाई पर ले जाएंगे, जहां हर छोटा-बड़ा पत्रकार खुद को सुरक्षित और गौरवान्वित महसूस कर सके।

संगठन की रीढ़ माने जाने वाले महामंत्री पद की गरिमा के अनुरूप सुधीर मिश्र ने अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं को रेखांकित किया। संवाद और समन्वयः अध्यक्ष और कार्यकारिणी के सहयोग से संगठन के सभी निर्णयों को धरातल पर लागू करना तथा आम सदस्यों व शीर्ष नेतृत्व के बीच संवाद का मजबूत सेतु बनना। पत्रकार सुरक्षा और आपातकालीन सहायता- किसी भी पत्रकार साथी पर आने वाले संकट, उत्पीड़न या झूठे मुकदमों के खिलाफ तत्काल कानूनी और सामाजिक मोर्चे पर संगठन को लामबंद करना। संगठन विस्तार और अनुशासन- योग्य और सक्रिय पत्रकारों को संगठन से जोड़ना तथा संयुक्त प्रेस क्लब के भीतर उच्च स्तरीय अनुशासन और गरिमा बनाए रखना।

पारदर्शिता और रिकॉर्ड- संगठन की बैठकों का ब्यौरा, सदस्यता सूची और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को पूरी पारदर्शिता के साथ सुरक्षित रखना। बौद्धिक व सांस्कृतिक आयोजन- पत्रकारों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए समय-समय पर कार्यशालाएं, प्रेस कॉन्फ्रेंस और पारिवारिक मिलन समारोहों का आयोजन करना। महामंत्री सुधीर मिश्र ने स्पष्ट किया, कि संयुक्त प्रेस क्लब के सुचारू संचालन के लिए सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के बीच आपसी तालमेल ही संगठन की असली ताकत है और वे इसी सहयोगात्मक दृष्टिकोण के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम करेंगे।

# जनगणना कार्य में लापरवाही पर 48 प्रगणकों का वेतन रोका गया

■ दो दिवस में प्रगति सुधारने के निर्देश, अन्यथा होगी कठोर कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनगणना के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जनपद की चारों तहसीलों में कार्यरत प्रगणकों एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। बैठक में पाया गया कि कुल 48 प्रगणकों द्वारा आवंटित प्रगणना ब्लॉकों में प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। इन 48 प्रगणको में रावर्टसगंज के 19, घोरावल के 10, दुद्धी के 10, ओबरा तहसील 09 सम्मलित है। प्रगणकों द्वारा एच0एल0ओ0 एप पर परिवारों की संख्या संबंधी आंकड़ों का सिंक नहीं किया गया है, जिससे कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी पाई गई। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित 48 प्रगणकों के वेतन भुगतान पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित चार्ज अधिकारियों, सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को निर्देशित किया कि आगामी दो दिवस के भीतर कार्य में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्धारित अवधि में अपेक्षित सुधार न होने पर संबंधित कार्मिकों के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान ग्रासिम इंडस्ट्री से संबंधित चार्ज अधिकारियों की प्रगति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। जिसपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने पर विशेष तेजी लाने के निर्देश दिये।

# जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में बड़ी कार्रवाई, लापरवाही पर लेखपाल निलंबित

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जनपद में प्रशासनिक कार्यों की नियमित समीक्षा के दौरान लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण न करने, अंश निर्धारण के मामलों में अपेक्षित प्रगति न लाने के मामले में लेखपाल मदन मोहन यादव के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई है। उप जिलाधिकारी रॉबर्ट्सगंज द्वारा जारी आदेश के अनुसार, क्षेत्र सुरसत खुर्द, राजस्व निरीक्षक क्षेत्र रायपुर में तैनात लेखपाल मदन मोहन यादव को प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है तथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित संदर्भों का समय से निस्तारण नहीं किया गया, अंश निर्धारण के कार्यों में शिथिलता बरती गई। इन मामलों को गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए यह कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार से तहसीलदार सदर, तहसीलदार ओबरा, तहसीलदार घोरावल, तहसीलदार दुद्धी, क्षेत्रिय प्रदूषण अधिकारी, को स्पष्टीकरण जारी किया गया है इसी क्रम में अधीक्षण अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अभियन्ता विद्युत पिपरी, क्षेत्रिय वना अधिकारी वन प्रभाग सोनभद्र (एस0डी0ओ0), अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डाला, क्षेत्रिय वना अधिकारी बन प्रभाग ओबरा, लेखपाल तिलौली कला, लेखपाल बैराखड़, लेखपाल पिड़ारी, लेखपाल पतरिहा, लेखपाल चौना, लेखपाल घिवाही, लेखपाल सलहीयाडीह, लेखपाल मारकुण्डी, लेखपाल अइलकर, लेखपाल सुकृत, लेखपाल व्यवहारी, लेखपाल जेन्दी, लेखपाल चिन्तामानपुर, लेखपाल परही, लेखपाल मधुपुर, लेखपाल गुल्लीडाढ़, लेखपाल बट्ट, खण्ड विकास अधिकारी रावर्टसगंज, थानाध्यक्ष बभनी, अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड को जून माह का वेतन भुगतान पर रोक लगायी गयी है। अत्यधिक असंन्तुष्ट फीडबैक प्राप्त होने व आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतो का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किये जाने के सम्बन्ध मे जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने स्पष्ट किया है कि जन शिकायतों के निस्तारण, राजस्व मामलों और न्यायालयीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## दुर्घटनाओं में घायल वृद्ध सहित पांच लोग हुये लहुलुहान

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** राजमार्ग समेत अन्य दुर्घटनाओं में घायल वृद्ध समेत पांच लोगों को लहु लुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक युवक की हालत नाजुक होने पर उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया गया। मौदहा नगर के पूर्वी तरौस निवासी विनय 25 वर्ष पुत्र बिजुआ मंगलवार की रात बड़े चौरहा से बाइक द्वारा अपने घर जा रहा था। तभी राजमार्ग पर अचानक सामने वाहन आ जाने से उसका संतुलन बिगड़ गया। जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया। जिसे एंबुलेंस की मदद से लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया। वहीं थाना मूसानगर के रठगांव निवासी पिंटू 11 वर्ष पुत्र अमरनाथ व संतराम 26 वर्ष पुत्र छात्र सिंह, ग्राम पारा निवासी गया प्रसाद 65 वर्ष पुत्र बारेलाल तथा अबरार अहमद 26 वर्ष पुत्र बदरुद्दीन निवासी मौदहा भी अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में घायल होकर अपना इलाज सरकारी अस्पताल मौदहा में करा रहे हैं।

## युवक ने घर में फांसी लगाकर दी जान संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के बिवांर कस्बे में 38 वर्षीय युवक ओम उर्फ ओमप्रकाश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश पुत्र मिशुरियादीन का शव उसके घर में पाया गया। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बिवांर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार शुरुआती जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के ठोस कारणों की पुष्टि हो सके। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। थाना प्रभारी नंदराम प्रजापति ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। परिवार के सदस्यों और परिचितों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे की परिस्थितियों को समझा जा सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि हो पायेगी। मृतक शादी शुदा था और उसके तीन बच्चे थे।

## पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना

**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा ने बताया है, कि पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत जनपद की समस्त नगर निकायों में 01 जून 2026 से 30 जून 2026 तक पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान जनपद स्तर पर स्वनिधि महोत्सव एवं नगर निकाय स्तर पर लोक कल्याण मेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिनके माध्यम से पथ विक्रेताओं को व्यवसाय विस्तार हेतु ऋण उपलब्ध कराने, डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। जनपद के सभी पात्र पथ विक्रेता योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु अपने निकटतम नगर पालिका/नगर पंचायत कार्यालय से संपर्क करके ऋण हेतु अपना आवेदन कराए एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकते है।



## गृहकलह से क्षुब्ध युवक ने खाया सल्फास, हालत गंभीर

**मौदहा।** गृहकलह से परेशान एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौदहा। कोतवाली क्षेत्र के रीवन गांव निवासी आदित्य 35 वर्ष पुत्र राममिलन का मंगलवार देर रात परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के बाद क्षुब्ध होकर उसने घर में रखा सल्फास खा लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और हालत गंभीर हो गई। युवक की हालत बिगड़ती देख परिजनों के होश उड़ गए। वे उसे आनन-फानन में मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पिता राममिलन ने बताया कि आदित्य ने आवेश में आकर यह कदम उठाया। जिला अस्पताल में उसका उपचार जारी है।

# पीएम राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों का यूपीयूएमएस सैफई में निःशुल्क उपचार

अवधनामा ब्यूरो



**सैफई, इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (यूपीयूएमएस), सैफई में प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना सहायता एवं उपचार(पीएम-राहत)योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। देवरिया से नई दिल्ली जा रही एक बस का आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर करहल के निकट सड़क दुर्घटना का शिकार हो जाने पर घायल हुए दो यात्रियों, राम दुलारा एवं आशा (देवरिया), को 20 मई को उपचार हेतु यूपीयूएमएस सैफई में भर्ती कराया गया। दोनों मरीजों का उपचार प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना सहायता एवं उपचार (पीएम-राहत) योजना के अंतर्गत पूर्णतः निःशुल्क (कैशलेस) किया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी डॉ. अर्पित वर्मा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को दुर्घटना की तिथि से सात दिनों तक अधिकतम 1.50 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना के माध्यम से मरीजों एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं करना पड़ता, जिससे समय पर उपचार सुनिश्चित होता है। यूपीयूएमएस के कुलपति प्रो. डॉ.अजय सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय जनहित की स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक पात्र सड़क दुर्घटना पीड़ित को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि पीएम-राहत योजना के प्रभावी संचालन से सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित उपचार उपलब्ध होगा तथा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायता मिलेगी।

# प्रतिभागियों को आत्मसुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद में चल रहे बालिका सशक्तीकरण अभियान-2026 में प्रतिभाग कर रहीं बालिकाओं को बीजपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह और उनकी टीम ने गुड टच, बैड टच, साइबर अपराध सहित विभिन्न कानूनी सहायता सेवाओं की जानकारी देकर जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रही बालिकाओं को बीजपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने पॉक्सो एक्ट, 2012, बच्चों के अधिकार, साइबर सुरक्षा, बाल संरक्षण एवं लैंगिक संवेदनशीलता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी तथा उन्हें बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के प्रति जागरूक करना और सशक्त बनाना है।

महिला आरक्षी निहारिका पांडेय ने बालिकाओं को सरल, सहज और बाल-अनुकूल भाषा में सुरक्षित व असुरक्षित स्पर्श की जानकारी दी। उन्होने बालिकाओं को समझाते हुए कहा कि यदि कोई स्पर्श उन्हें असहज करे तो वे न कहना, वहां से हट जाना और तुरंत अभिभावक या शिक्षक को बताना जरूरी है। पाण्डेय ने गुड टच एवं बैड टच के विषय पर बालिकाओं को सरल एवं व्यवहारिक तरीके से जागरूक किया, ताकि वे किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार, उत्पीड़न अथवा शोषण की पहचान कर सकें और समय रहते सहायता प्राप्त कर सकें। सत्र के दौरान साइबर अपराध, बाल यौन शोषण से संरक्षण, किशोर न्याय अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, महिला सुरक्षा कानूनों एवं बच्चों के लिए उपलब्ध कानूनी सहायता सेवाओं की भी जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि किसी भी प्रकार की हिंसा, दुर्व्यवहार या शोषण होने पर वे बिना डर अपने माता-पिता, शिक्षक या विश्वसनीय व्यक्तियों को इसकी सूचना दें। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 तथा पुलिस हेल्पलाइन 112 के उपयोग एवं सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

## बच्चों के लिए रचनात्मक गतिविधियां आवश्यकः डीआरएम

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** प्रयागराज मण्डल की महिला कल्याण समिति द्वारा बाल वाटिका स्कूल में बच्चों के लिए आयोजित विशेष समर कैंप का समापन आज सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मण्डल रेल प्रबन्धक प्रयागराज रजनीश अग्रवाल ने समर कैंप में प्रतिभाग करने वाले सभी 74 बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर अपने संबोधन में मण्डल रेल प्रबन्धक रजनीश अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन तथा टीम भावना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महिला कल्याण समिति की अध्यक्षा, श्रीमती वंदना अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को उनकी रुचियों एवं प्रतिभाओं के अनुरूप मंच प्रदान करना आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों की सृजनात्मक क्षमता को विकसित करने के साथ-साथ उनमें सकारात्मक सोच एवं सामाजिक सहभागिता की भावना भी उत्पन्न करते हैं।

## महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एनटीपीसी विंध्याचल की पहल



**सोनभद्र/विंध्यनगर (अवधनामा संवाददाता)** एनटीपीसी विंध्याचल ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 03 जून 2026 को गहिलगढ़ पश्चिम आंगनवाड़ी केंद्र में ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में डॉ. मयूराक्षी भराली, प्रबंधक (चिकित्सा) ने प्रतिभागियों को मासिक धर्म के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों, स्वच्छता के महत्व तथा संक्रमण एवं अन्य स्वास्थ्य जटिलताओं से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर लगभग 200 महिलाओं एवं किशोरियों को निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए गए तथा उनके सही उपयोग एवं सुरक्षित निस्तारण के बारे में भी मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में डेविड देशमुख, कार्यकारी (सीएसआर), डॉ. मयूराक्षी भराली, प्रबंधक (चिकित्सा), सविता पटेल, कनिष्ठ अधिकारी (चिकित्सा) एवं देवमती बाबू नंदन बंसल, वार्ड पार्षद सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएँ तथा बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएँ उपस्थित रहीं। यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान एवं सामुदायिक कल्याण के प्रति एनटीपीसी विंध्याचल की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## एनटीपीसी विंध्याचल मे सुरक्षा जागरूकता एवं स्वच्छता संदेश से प्रेरित हुई जेम-2026 की बालिकाएँ



**सोनभद्र/विंध्यनगर (अवधनामा संवाददाता)** एनटीपीसी विंध्याचल की बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 के अंतर्गत बालिकाओं के लिए एक विशेष संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें महिला एवं बाल संरक्षण विभाग के चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर नीरज शर्मा ने व्यक्तिगत सुरक्षा, आत्मविश्वास, अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता तथा किसी भी समस्या के विरुद्ध निर्भीक होकर अपनी बात रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। संवादात्मक शैली में आयोजित इस सत्र ने बालिकाओं को खुलकर चर्चा करने का अवसर प्रदान किया तथा उन्हें अधिक जागरूक, आत्मविश्वासी एवं सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही इस अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाली जेम-2026 की 63 बालिकाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्वच्छता एवं स्वच्छ पर्यावरण के संदेश को बढ़ावा देने वाली इस पहल ने बालिकाओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के प्रति जिम्मेदार बनने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रणव वर्मा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) तथा डेविड देशमुख, कार्यपालक(सीएसआर) भी उपस्थित रहे।

## आगामी आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर भर्ती परीक्षा के लिये सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर भर्ती परीक्षा के लिये बुधवार को अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने कस्बे के राजकीय महाविद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता तथा परीक्षा के निष्पक्ष, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं शुचिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने तथा अभ्यर्थियों को निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार ही प्रवेश प्रदान किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकारियों ने सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखते हुए परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर बल दिया। इस मौके पर अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## भर्ती परीक्षा के लिये सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर भर्ती परीक्षा के लिये बुधवार को अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने कस्बे के राजकीय महाविद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता तथा परीक्षा के निष्पक्ष, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं शुचिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने तथा अभ्यर्थियों को निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार ही प्रवेश प्रदान किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# बेटे ने ही की थी मां-बाप, बहन की हत्या, करोड़ों के गहने लूटे

■ फिर बेटे का मर्डर उसके दोस्त ने किया, दोस्त गिरफ्तार, गहने बरामद

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** कोतवाली थाना क्षेत्र के साउथ मलाका में हुए कारोबारी, उनकी पत्नी, बेटी और बेटे के सामूहिक हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्या को अंजाम कारोबारी के बेटे ने ही दिया था, जो बाद में खुद भी बंटवारे के विवाद दोस्त के हाथों मारा गया। पुलिस के अनुसार कारोबारी के बेटे अभिषेक ने ही अपने एक दोस्त की मदद से अपने माता-पिता, बहन की हत्या कर दी। इसके बाद घर में रखे सारे जेवरात लूट लिए। बंटवारे को लेकर विवाद होने के बाद दोस्त ने अभिषेक को भी मौत के घाट उतार दिया। पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार ने बुधवार को घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार रविवार को हत्याकांड को अंजाम दिया गया था, जबकि बदबू आने पर मंगलवार को घटना का पता चला था।

पुलिस ने आरोपी दोस्त सनी गुप्ता को हिरासत में ले लिया है। वह चाय की दुकान लगाता है। उसके पास से लूटे हुए गहने भी बरामद हुए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि कारोबारी बेटे को प्रॉपर्टी से बेदखल करने वाले थे, जिससे वह नाराज था। इसके बाद उसने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार हत्यारोपी सनी गुप्ता ने बताया कि हमें लगा कि जो अपने मां-बाप का नहीं हुआ, वह मेरा क्या होगा। हमने कोई अपराध नहीं किया था। उसी ने मुझे उकसाया और बुलाया। उसने अपने मां-बाप का कत्ल किया। हम दोनों सोना-चांदी लेकर नीचे आए। उसने कहा था कि मुझे भी हिस्सा देगा, लेकिन नहीं दिया। इसी वजह से मैंने उसकी हत्या कर दी।

ज्ञात हो कि मंगलवार को कारोबारी वीरेंद्र कुमार वैश्य (70), उनकी पत्नी अनीता (65) और बेटी मीनाक्षी (45) के शव घर के अंदर मिले थे। घर में बाहर से ताला बंद था, जबकि बेटे अभिषेक का कुछ पता नहीं चल पाया था। ऐसे में शक अभिषेक पर गया। हालांकि, करीब दो घंटे बाद अभिषेक (40) का शव मकान के नीचे की दुकान में मिला। दुकान का ताला भी बाहर से बंद था।

### हत्याकांड में कोतवाली के नाइट अफसर और चौकी प्रभारी निलंबित

**प्रयागराज।** साउथ मलाका चौराहा के पास कारोबारी वीरेंद्र कुमार वैश्य, उनकी पत्नी अनीता वैश्य, बेटी मीनाक्षी और बेटे अभिषेक की हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में कोतवाली थाने में तैनात नाइट इंचार्ज मुलायम सिंह यादव और साउथ मलाका चौकी प्रभारी रोहित गौड़ को निलंबित कर दिया गया है। हत्या की वारदात के बाद जब देर रात करीब एक बजे आरोपी शनि गुप्ता अपने घर नहीं पहुंचा तो उसका भाई साउथ मलाका चौकी पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। आरोप है कि पुलिस ने सूचना को गंभीरता से नहीं लिया और समय रहते आवश्यक कार्रवाई नहीं की। बाद में साउथ मलाका स्थित बंद मकान से वीरेंद्र कुमार वैश्य, उनकी पत्नी अनीता, बेटी मीनाक्षी और बेटे अभिषेक के शव बरामद होने से पूरे शहर में सनसनी फैल गई।

ऐसे में पुलिस मान रही थी कि किसी ने पूरे परिवार की हत्या कर दी। जांच में पुलिस को पति-पत्नी के शव से एक मीटर दूर एक गत्ता पड़ा मिला, जिस पर लाल पेन से लिखा था- 'बंटी, बबली और बहू ने मारा।' सूत्रों के मुताबिक, बेटे ने ही पुलिस को गुमराह करने के लिए ऐसा लिखा था, ताकि पुलिस का शक जेल से बाहर आई छोटे भाई की पत्नी पर जाए। अभिषेक की प्लानिंग थी कि वारदात के बाद वह शहर छोड़कर भाग जाएगा। वीरेंद्र कुमार वैश्य का गिफ्ट का कारोबार था। उनका हीवेट रोड चौराहे पर दो मंजिला मकान है। मकान 8,000 वर्गफुट में बना है, जिसकी कीमत 10 से 15 करोड़ रुपए बताई जा रही है। निचले हिस्से में 14 दुकानें हैं, जिनमें से 13 किराए पर हैं। ऊपरी हिस्से में वह परिवार के साथ रहते थे। एक दुकान बेटी मीनाक्षी चलाती थी। वह गिफ्ट से जुड़े सामान बेचती थी। उसी दुकान पर वीरेंद्र वैश्य भी बैठा करते थे। बड़ा बेटा अभिषेक पेस्टीसाइड और फ्लोर क्लीनिंग सॉल्यूशन का व्यापार करता था। अभिषेक और मीनाक्षी की शादी नहीं हुई थी। छोटा बेटा कौशांबी जेल में बंद है। उसकी पत्नी रितु जमानत पर जेल से बाहर है। पुलिस जांच में पता चला है कि बड़े बेटे अभिषेक की भी पिता से नहीं जमती थी। पुलिस के अनुसार अभिषेक की संगत को लेकर परिवार में अक्सर विवाद होता रहता था। एक बार अभिषेक ने किसी व्यक्ति से लाखों रुपए उधार लिए थे। समय पर रकम न लौटाने पर कर्ज देने वालों ने उसकी पिटाई की थी और उसे उठा ले गए थे। धमकी दी थी कि पैसे नहीं मिले तो पूरे परिवार को खत्म कर दिया जाएगा। बाद में बहन मीनाक्षी ने पैसे देकर अभिषेक को छुड़ाया था। इस बात को लेकर कारोबारी से उसका झगड़ा हुआ था। उसे प्रॉपर्टी से भी बेदखल करने वाले थे। इससे अभिषेक पिता से नाराज चल रहा था।

# गोरखपुर में पहली फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स का शुभारंभ

- युवा उद्यमियों के लिए गीडा में 'प्लग-एंड-प्ले' फैक्ट्री मॉडल
- कम पूंजी में उद्योग लगाने का मौका देगा फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स
- गीडा में 208 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश में पहली बार फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स का शुभारम्भ हो रहा है। जिन युवाओं के पास भूमि खरीदने तथा फैक्ट्री बनाने के लिए धनराशि नहीं है, उनके लिए गीडा प्रशासन ने पहले चरण में तीन मंजिला फ्लैटेड फैक्ट्री का निर्माण किया है। इसे तीन मंजिल तक और विस्तारित किया जा सकता है। यह फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स युवा उद्यमियों के लिए एम0एस0एम0ई0 से जुड़े नये उद्योगों की स्थापना के लिए रेडी-टू-यूज एवं प्लग-एण्ड-प्ले मॉडल पर कार्य करेगा। इसमें रेडीमेड गारमेन्ट्स के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों से सम्बन्धित उद्योगों की स्थापना की जा सकती है।

मुख्यमंत्री जनपद गोरखपुर में 208 करोड़ रुपये की लागत से गीडा क्षेत्र में निर्मित फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स एवं ई0डब्ल्यू0एस0-एल0आई0जी0 आवासीय परिसर सहित 71 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरान्त आयोजित कार्यक्रम अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने ई0डब्ल्यू0एस0-एल0आई0जी0 आवास एवं औद्योगिक भूखण्ड के आवंटियों को आवंटन पत्र तथा गीडा में स्थापित एन0आई0ई0एल0आई0टी0 (नाईलेट) कौशल केन्द्र से प्रशिक्षित छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किये।

इस अवसर पर उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन कराया। इससे पूर्व, उन्होंने गीडा परिसर में पौधरोपण भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्थापित यह फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स, रेडीमेड गारमेन्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों तथा एम0एस0एम0ई0 क्षेत्र में अपना उद्यम स्थापित करने वाले युवाओं के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा। यह एक बेहतरीन मॉडल है, इसके अन्तर्गत एक ही कैम्पस में एम0एस0एम0ई0 से जुड़े 100 से अधिक उद्योग संचालित हो सकते हैं। यह एक अभिनव प्रयास है, जिसमें नये उद्योगों की स्थापना कर कम पूंजी से अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 09 वर्षों में गीडा क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं। गीडा क्षेत्र में नए-नए उद्योग लग रहे हैं। यहां गैलेण्ट, जालान तथा कॉनकास्ट द्वारा गुणवत्तायुक्त स्टील तथा पाइप का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा, उच्चकोटि के कपड़े बनाए जा रहे हैं। यहां बिस्लेरी की फैक्ट्री भी लगायी गयी है, जिसके उत्पाद देश भर में बिक रहे हैं। गीडा में अच्छी डिस्टलरी भी लग रही है। वरुण बेवरेजेज और गीता प्रेस के संस्थान भी स्थापित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 7000 एकड़ में गीडा का विस्तार धुरियापार क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा है। धुरियापार क्षेत्र में उद्योग लग रहे हैं, वहां सीमेन्ट तथा पेण्ट फैक्ट्रियां स्थापित हो रही हैं। वहां सी0एन0जी0 का निर्माण हो रहा है। गीडा क्षेत्र में स्थापित नाईलेट कौशल केन्द्र में युवाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग कर रहे युवाओं को यहीं के उद्योगों में नौकरी और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। विकास की यह प्रक्रिया अनवरत आगे बढ़ती रहेगी, जिससे आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल हो सके। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे तथा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे ने लखनऊ की यात्रा को सुगम कर दिया है। पहले गोरखपुर से लखनऊ जाने में 07-08 घण्टे का समय लगता था, लेकिन आज मात्र 03-3.5 घण्टे लगते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गीडा द्वारा फैक्ट्री के नजदीक कार्मिकों तथा श्रमिकों के रहने हेतु आश्रय की व्यवस्था की गयी है। जो श्रमिक पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा दूर-दराज क्षेत्रों से आकर किराये पर रहकर गीडा में कार्य करते हैं, उनके लिए ई0डब्ल्यू0एस0 आवास की सुविधा सस्ती दर पर उपलब्ध करायी गयी है। इसमें लगभग 100 श्रमिक परिवारों के लिए आश्रय की व्यवस्था की गयी है। इस आवास में 02 कमरें, किचन, बाथरूम तथा बालकनी है। 07 वर्षों में आवास की धनराशि का भुगतान किया जा सकता है। इसके अन्तर्गत श्रमिकों के लिए प्रत्येक 06 माह में 50 हजार रुपये जमा करने की सुविधा है।

# चाकू दिखाकर लूट करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के अंतर्गत काकोरी थाना पुलिस टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने क्षेत्र में चाकू दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान अनीस, निवासी गोहरामऊ और रवि, निवासी ग्राम करझन के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से वारदात में इस्तेमाल की गई आल्टो कार, पीड़ित का पर्स, 220 रुपये नकद, मोबाइल का बैक कवर और मोटरसाइकिल की चाबी बरामद की है।यह मामला तब प्रकाश में आया जब मलिहाबाद के दरियापुर निवासी मूलचन्द्र ने पुलिस को सूचना दी कि खानपुरमऊ नहर पटरी पर आल्टो कार सवार बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल के आगे अपनी गाड़ी लगाकर उन्हें रोक लिया। इसके बाद बदमाशों ने पीड़ित को चाकू दिखाकर डराया-धमकाया और उनका मोबाइल, पर्स, नकदी तथा मोटरसाइकिल की चाबी लूटकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे। इस घटना के सफल अनावरण के लिए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर काकोरी थाने से तीन विशेष टीमों का गठन किया गया था। बुधवार को काकोरी टीम ने सर्विलांस की मदद से दबिश देकर कार सवार दोनों अभियुक्तों को दबोच लिया। पुलिस द्वारा की गई कड़ाई से पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर इस लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इसके अलावा उन्होंने मलिहाबाद थाना क्षेत्र में भी एक नकबजनी की घटना करना कबूल किया है। पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस ने जबरन चोरी या डकैती करने, आपराधिक धमकी देने और चोरी की संपत्ति को बेईमानी से छिपाने या प्राप्त करने से संबंधित कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# भीषण सड़क हादसे में रैपिडो चालक की मौत, प्रयागराज का युवक केजीएमयू में भर्ती

- दुबग्गा में ट्रक और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, बीए का छात्र था मृतक रैपिडो चालक
- ऐशबाग में किराए पर रहकर चलाता था बाइक, बुकिंग लेकर जाते समय हुआ हादसा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बुधवार सुबह थाना दुबग्गा क्षेत्र के अंतर्गत हरदोई रोड स्थित शिफा हॉस्पिटल के सामने एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। प्राप्त विवरण के अनुसार, सुबह करीब 06:30 बजे मलिहाबाद की तरफ जारहे एक अनियंत्रित ट्रक ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि टक्कर मारने के बाद आरोपी ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय पुलिस ने सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही शुरू की और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

हादसे में घायल गोण्डा जनपद के तबेपुर, पतीजिया बुजुर्ग निवासी अमृतलाल, पुत्र रामपाल को गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, मोटरसाइकिल सवार दूसरे युवक विपुल कुमार द्विवेदी, पुत्र अजीत कुमार द्विवेदी, निवासी महाराजपुर, पिपरी जंघई, जनपद प्रयागराज भी इस घटना में गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), लखनऊ में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर कानूनी गवाहों की मौजूदगी में शव का पंचनामा तैयार करने की प्रक्रिया पूरी की और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक अमृतलाल के पिता रामपाल ने बताया कि उनका 22 वर्षीय पुत्र अविवाहित था और तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था, जिसकी माता का नाम सुदामा देवी है। उसके बड़े भाई अंबिका लाल जायसवाल की उम्र 30 वर्ष और छोटे भाई आकाश जायसवाल की उम्र 20 वर्ष है। परिजनों के अनुसार, अमृतलाल ऐशबाग क्षेत्र में किराए पर कमरा लेकर रहता था और अपनी आजीविका चलाने के साथ-साथ बीए की पढ़ाई की तैयारी भी कर रहा था। वह रैपिडो बाइक चलाता था और बुधवार सुबह भी एक बुकिंग लेकर गंतव्य की ओर जा रहा था, तभी वह इस हादसे का शिकार हो गया।

वही इस संबंध में दुबग्गा इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी है। मृतक के परिजनों की दी हुई तहरीर के आधार पर और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए फरार ट्रक चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# राकेश सचान ने पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

- योगी सरकार के टेक्सटाइल हब विजन को मिल रही गति
- लखनऊ-हरदोई सीमा पर विकसित हो रहे 1000 एकड़ के मेगा प्रोजेक्ट की प्रगति की गई समीक्षा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी औद्योगिक एवं टेक्सटाइल केंद्र बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए प्रदेश के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, रेशम तथा खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने मंगलवार को जनपद लखनऊ एवं हरदोई की सीमा पर विकसित किए जा रहे पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया। लगभग 1000 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रही इस महत्वाकांक्षी परियोजना के विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिए। मंत्री सचान ने पार्क परिसर में निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल, प्रवेश द्वार, विद्युत उपकेंद्र, आंतरिक आधारभूत संरचना तथा अन्य विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन किया। इसके बाद आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने परियोजना से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर कार्यों की वर्तमान स्थिति और भविष्य की कार्ययोजना की समीक्षा की। बैठक में लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम, वन विभाग, यूपीएसआईडीसी तथा हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग के अधिकारियों ने परियोजना की प्रगति से मंत्री सचान को अवगत कराया। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण एवं संपर्क मार्गों के विकास की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई, जिस पर मंत्री ने कार्यों को और अधिक गति देने के निर्देश दिए। मंत्री सचान ने निर्देशित किया कि जहां पार्क की बाउंड्री वॉल के कारण आवागमन संबंधी मुद्दे उत्पन्न हो रहे हैं, वहां सभी संबंधित पक्षों के साथ समन्वय स्थापित कर सर्वेक्षण कराया जाए तथा आवश्यक मार्गों को सड़क निर्माण योजना में शामिल किया जाए। साथ ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नाला निर्माण का प्रस्ताव भी तैयार किया जाए। उन्होंने अटारी फार्म रोड के सुदृढ़ीकरण तथा निर्माणाधीन छह लेन सड़क को पार्क के मुख्य द्वार से लखनऊ दिशा की ओर प्राथमिकता के आधार पर विकसित करने के निर्देश दिए।

'अवधनामा' के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अविनाश मणी त्रिपाठी

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी

देवरिया

'अवधनामा' के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अरूण

8858692209, 8423170915

अल्ट्रासाउण्ड एवं पैथालॉजी क्लिनिक

निकट भारतीय स्टेट बैंक, राघवनगर- देवरिया (उ.प्र.)

अल्ट्रासाउण्ड लेवल- II जाँच, एन.टी. स्कैन, टी.वी.एस. कलर डाप्लर, मेमोग्राफी (स्तन की जाँच)

डिजीटल एक्स-रे | ई.सी.जी. | पैथालॉजी

# पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन



- अल-मोमिन कल्चरल फाउंडेशन के तत्वावधान में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अल-मोमिन कल्चरल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय निःशुल्क क्रैश कोर्स के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों नाबालिग बच्चों और बच्चियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस कोर्स के माध्यम से दीन की बुनियादी शिक्षाओं, आवश्यक मसाइल तथा प्रारंभिक अहकाम की जानकारी प्राप्त की। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ-साथ सामाजिक, शैक्षिक एवं धार्मिक क्षेत्रों में सक्रिय विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मान-पत्र एवं आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। गत रात्रि कर्बला दियानतुद्दौला, काज़मैन की आध्यात्मिक एवं उल्लासपूर्ण फिज़ा में आयोजित इस कार्यक्रम में ईद-ए-ग़दीर की आमद की खुशबू स्पष्ट रूप से महसूस की जा रही थी। कार्यक्रम का शुभारंभ क़ारी जनाब रैहान ने सूरह नबा की तिलावत से किया, जिससे वातावरण आध्यात्मिकता और श्रद्धा से सराबोर हो गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मौलाना सैयद मिन्हाल हैदर ज़ैदी ने प्रारंभिक संबोधन के बाद अकबर हॉल, महताब बाग के शिक्षक मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिज़वी को आमंत्रित किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को ईद-ए-ग़दीर की अग्रिम मुबारकबाद देते हुए कहा कि अल-मोमिन कल्चरल फाउंडेशन की विशेषता यह है कि उसने अहलेबैत अ.स. की शिक्षाओं के अनुरूप नई पीढ़ी की धार्मिक एवं नैतिक शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाया है। उन्होंने वर्ष भर आयोजित किए जाने वाले शॉर्ट कोर्स, सेमिनार और संगोष्ठियों की सराहना की।

साथ ही उन्होंने अभिभावकों का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों एवं कक्षाओं में बच्चियों की संख्या प्रायः बच्चों से अधिक होती है, जबकि बच्चों के लिए भी ऐसे अवसर समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। अतः अभिभावक अपने बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करें। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाएँ देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

इनमें डॉ. सैयद फ़ैज़ अब्बास आबिदी, डॉ. सैयद ज़ैग़म अब्बास, नुक्कड़ प्रेस के मालिक मिर्ज़ा मोहम्मद आलम, हकीम ख़ावर नवाब, पत्रकार शकील रिज़वी, पत्रकार ताहिर रिज़वी, पत्रकार नज्मुल हसन, जनाब नज्मुल हसन नज्मी, जनाब शादाब अली नवाब, जनाब शब्बीर (शीश महल), मौलाना साबिर अली इमरानी, ब्रादर मीसम मेराज (कस्बा बिजनौर) तथा कैमरामैन नज़र अब्बास के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। मौलाना मिन्हाल हैदर ज़ैदी ने प्रत्येक सेंटर से पूर्ण उपस्थिति दर्ज करने वाले एक छात्र अथवा छात्रा के लिए लॉटरी के माध्यम से विशेष पुरस्कार की घोषणा की, जिसे उलेमा-ए-किराम के हाथों वितरित किया गया।

# बड़े इमामबाड़े और ट्रस्ट की संपत्तियों का लिया जायज़ा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इबादतगाहों की बेअदबी, उनकी पवित्रता के उल्लंघन और इमामबाड़ों में होने वाली अधार्मिक गतिविधियों के खिलाफ आज उलमा मौलाना कल्बे जवाद नकवी के नेतृत्व में बड़े इमामबाड़े का निरीक्षण करने पहुंचे। इस मौके पर मौलाना कल्बे जवाद नकवी ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट ने हमारी इबादतगाहों की पवित्रता बनाए रखने के लिए जो वादा किया था, उस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा था कि इमामबाड़े में प्रवेश करने वाले लोगों से धार्मिक इमारतों की मर्यादा और पवित्रता का ध्यान रखा जाएगा, लेकिन यहां हालात इसके विपरीत दिखाई दे रहे हैं। मौलाना ने कहा कि बड़े इमामबाड़े में आने वाले पर्यटक धार्मिक इमारतों की पवित्रता का सम्मान करते नज़र नहीं आए और वहां कोई स्पष्ट नियम लागू नहीं था। पूरे इमामबाड़े में अव्यवस्था का माहौल था। यहां तक कि धार्मिक इमारतों की देखरेख में भी लापरवाही दिखाई दी। उन्होंने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट से जो मांगें की गई थीं, उन्हें पूरा किया जाना चाहिए, क्योंकि हम अपनी इबादतगाहों की बेअदबी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर धार्मिक स्थलों की पवित्रता का ध्यान नहीं रखा गया तो जल्द ही इस संबंध में बड़े और महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे।

'अवधनामा' के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अरूण पाण्डेय

बी.डी.ओ.

विकास खण्ड-देसई

देवरिया

'अवधनामा' के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



ज्ञान सिंह

ए.डी.ओ.

पंचायत/आर.डी.

विकास खण्ड-भलुअनी

देवरिया

# इमामबाड़ा उम्मुल बनीन व इमामबाड़ा आगा बाकर में महफिल कल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में शुक्रवार को रात 8 बजे जश्ने ईदे गदीर मनाया जायेगा। जश्न के आयोजक कुर्बान काजमी ने बताया कि जश्न में मौलाना हैदर अब्बास की तकरीर होगी। जबकि जश्न का आगाज कारी नक़ी अब्बास तिलावते कुरान से और संचालन राहिब हसन जैदी करेंगे। इसके बाद शायर अपने कलाम पेश करेंगे।

इमामबाड़ा आगा बाकर चौक में जायरीन बाबुल मुराद कमेटी और इमामबाड़ा कमेंटी ने 5 जून एक महफिल का आयोजन किया जायेगा। सुबह 9.30 बजे गदीर की नमाज़ होगी उसके बाद महफिल का आगाज कारी नदीम नजफी तिलावते कुराने पाक से करेंगे। महफिल को मौलाना मीसम जैदी और मौलाना रहमत हुसैन नक़वी खिताब करेंगे।

**नमाज़ ए गदीर व महफिल कल**

ईद ए गदीर के मौके रौजा ए बैतुल हुज्न व नजफ स्थित मैदान में शुक्रवार को सुबह 9.30 बजे नमाजे गदीर मौलाना अबु इफ्तेखार जैदी अदा कराएंगे। इसके बाद तिलावते कुरआने पाक से शुरू होने वाले जश्ने महफिल को मौलाना अब्बास इरशाद नक़वी खिताब करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन अलहाज रफीक हुसैन ने किया है।

**कदीम जश्ने ईद ए गदीर कल**

हुसैनी फाउंडेशन की ओर से रौजा ए शबिह नजफ रुस्तम नगर में दोपहर 2 बजे मौलाना अब्बास इरशाद नक़वी और शबिह बैतुल हुज्न रुस्तम नगर में शाम 3 बजे मौलाना जाफर अब्बास महफिल को ख़िताब करेंगे।

# पीएनबी ने लॉन्च की 'हरित निवास' ग्रीन होम लोन योजना

- ग्रीन होम खरीदने पर पीएनबी देगा ब्याज में छूट
- पर्यावरण अनुकूल घरों के लिए पीएनबी की नई पहल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सतत वित्तपोषण और पर्यावरण के प्रति कर्तव्यनिष्ठ बैंकिंग की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए, भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, पंजाब नैशनल बैंक ने अपनी पीएनबी हरित निवास ग्रीन होम लोन योजना को सशक्त बनाया है। इस पहल का उद्देश्य स्थायी आवास को बढ़ावा देना और घर खरीदारों व मकान मालिकों को अधिक हरित और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार जीवन शैली को आत्मसात करने हेतु प्रोत्साहित करना है। पीएनबी हरित निवास' को ग्राहकों के एक विस्तृत वर्ग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है, जिसमें वेतनभोगी व्यक्ति, पेशेवर, स्वरोजगार व्यक्ति, पेंशनभोगी, व्यवसायी और किसान शामिल हैं। यह योजना पहले से तैयार ग्रीन होम, स्वीकृत परियोजनाओं में निर्माणाधीन संपत्तियों, अपने भूखंडों पर स्व-निर्माण के साथ-साथ मौजूदा घरों को ग्रीन बिल्डिंग मानकों के अनुरूप अनुकूलित करने के लिए उनके नवीकरण और आधुनिकीकरण को कवर करती है।

पीएनबी हरित निवास के माध्यम से बैंक मान्यता प्राप्त ग्रीन बिल्डिंग फ्रेमवर्क के तहत प्रमाणित आवासीय संपत्तियों के लिए वित्तीय लाभ प्रदान करता है। इसके माध्यम से बैंक उन ग्राहकों की सहायता करता है जो पर्यावरण के अनुकूलऔर स्थायी घर खरीदना, बनाना या उन्हें अपग्रेड करना चाहते हैं।

पीएनबी हरित निवास' योजना के अंतर्गत ग्राहकों को कई विशेष लाभ दिए जा रहे हैं, जिनमें शामिल हैं:

नियमित होम लोन योजनाओं के मुकाबले लागू ब्याज दर पर 0.10% की अतिरिक्त छूट

ऋण प्रक्रिया के लिए कोई प्रसंस्करण शुल्क नहीं

दस्तावेजीकरण के लिए कोई शुल्क नहीं

ग्रीन होम की खरीद, निर्माण, आधुनिकीकरण और अधिग्रहण हेतु ऋण सुविधा

पुनर्भुगतान पात्रता में 5% तक की अतिरिक्त बढ़ोतरी

आईजीबीसी, गृह और लीड जैसी प्रतिष्ठित एजेंसियों द्वारा प्रमाणित संपत्तियों के लिए पात्रता

ऊर्जा-कुशल आवास समाधानों से होने वाली वित्तीय बचत को ध्यान में रखते हुए बेहतर पुनर्भुगतान पात्रता

यह योजना नियमित आय स्रोत वाले वेतनभोगी व्यक्तियों, पेंशनभोगियों, पेशेवरों, स्वरोजगार करने वाले लोगों, व्यवसायियों और नियमित आय वाले किसानों के लिए उपलब्ध है, जिससे विभिन्न ग्राहक वर्गों के लिए स्थायी आवास वित्तपोषण तक पहुंच आसान हो जाती है। विश्व पर्यावरण दिवस पर अपने व्याख्यान में, पीएनबी के रिटेल आस्ति व्यवसाय प्रभाग के महाप्रबंधक श्री सुबोध कुमार ने कहा 'पंजाब नैशनल बैंक में, स्थिरता हमारी विकास रणनीति का एक अभिन्न हिस्सा है।

'अवधनामा' के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



राजीव गुप्ता

वी.डी.ओ.

विकास खण्ड- बनकटा

देवरिया